सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.8 न्यू | 27.5 अधि |
| धर्मशाला | 23.7 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,285 |
| निफ्टी | 24,430 |

सोना 1,45,003 चांदी 2,33,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 7 जुलाई 2026 | 23 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 189, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### तमिलनाडु मंदिर से चोरी मूर्तियां बरामद

**एजेंसी, मयिलाडुथुरै/कराईकल।** तमिलनाडु के मयिलाडुथुरै जिले के प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर शिव मंदिर से चोरी हुई लगभग 500 वर्ष पुरानी पंचधातु और कांस्य की मूर्तियां पुलिस ने बरामद कर ली हैं। श्रीलंका तस्करी से पहले कराईकल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बरामद मूर्तियों में पंचधातु से बनी चार प्रतिमाएं और एक कांस्य दीपक शामिल है, जिनकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क श्रीलंका के तस्करों से जुड़ा हुआ था और मंदिर की मूर्तियों को समुद्री मार्ग से बाहर भेजने की तैयारी थी। मोबाइल फोनों की फोरेंसिक जांच में अंतरराष्ट्रीय संपर्कों और तस्करी नेटवर्क के महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट ने सलमान खान से पूछा 'पर्सनैलिटी राइट्स' का दायरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता सलमान खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए 'काला हिरण-द बैटल फॉर लीगेसी' फिल्म की रिलीज पर रोक की मांग पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने पूछा कि क्या पर्सनैलिटी राइट्स का दायरा प्रमोशनल कंटेंट तक भी लागू होता है। सलमान पक्ष ने बिना सहमति व्यावसायिक उपयोग का आरोप लगाया। कोर्ट ने फिल्म से सलमान का सीधा संबंध स्पष्ट करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई तय की। (अनंत ज्ञान)

### शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिनमें एक आतंकी मॉड्यूल और दूसरा अवैध हथियार तस्करी से संबंधित था। इस कार्रवाई में दिल्ली और पंजाब से कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से पिस्टल और पेट्रोल बम बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में पता लगाया जा रहा है कि इन हथियारों का उपयोग किस उद्देश्य से होना था व नेटवर्क के तार किन राज्यों व संगठनों से जुड़े हैं। स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर यह कार्रवाई की। पुलिस अब फंडिंग, सप्लाई चेन व अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए आगे की जांच और छापेमारी कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### प. बंगाल की 3 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव 24 को

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राज्यसभा की 3 रिक्त सीटों पर उपचुनाव 24 जुलाई को कराए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा व उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 27 जुलाई तक संपन्न होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई, जांच 15 जुलाई व नाम वापसी 17 जुलाई तय की गई है। ये सीटें सुखेंदुशेखर राय, सुस्मिता देव और प्रकाशचिक बराइक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। राजनीतिक समीकरणों के अनुसार विस में संख्या बल को देखते हुए भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस के लिए मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में मानसून का कहर, ब्रांदली में बादल फटने से तबाही

## चंबा के भरमौर में चलती कार पर चट्टान गिरने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत, रिज का ऐतिहासिक डंगा धंसा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून अब पूरी तरह आफत बनकर बरस रहा है। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के ब्रांदली में बादल फटने से फ्लैश फ्लड ने खेल मैदान और श्मशान घाट को तबाह कर दिया। वहीं चंबा के भरमौर में चलती कार पर चट्टान गिरने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर अंग्रेजों के समय का बना डंगा भी लगातार बारिश के कारण धंस गया। प्रदेश के कई जिलों में भूस्खलन, सड़कें बंद होने और नदी-नालों के उफान से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

जानकारी के अनुसार रामपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत नरैण के ब्रांदली क्षेत्र में रविवार देर रात बादल फटने से ब्रांदली खड्ड में अचानक फ्लैश फ्लड आ गया। तेज बहाव में गांव का खेल मैदान पूरी तरह मलबे में दब गया, जबकि करशोली गांव का श्मशान घाट भी बह गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।


रामपुर के ब्रांदली में बादल फटने के बाद फ्लैश फ्लड का दृश्य।

राजधानी शिमला में लगातार बारिश के बीच रिज मैदान पर क्राइस्ट चर्च के समीप अंग्रेजों के समय का बना डंगा धंस गया। रेलिंग का हिस्सा बाहर निकल आने के बाद प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र को तुरंत बंद कर दिया। समय रहते लोगों की आवाजाही रोक दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया।

चंबा जिले के भरमौर में सोमवार दोपहर चलती कार पर पहाड़ी से चट्टान गिरने से 14 वर्षीय दीक्षिता की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इससे एक दिन पहले भी इसी मार्ग पर पत्थर गिरने से एक युवक की जान जा चुकी थी।

कुल्लू में भारी बारिश के बाद पार्वती-तीन परियोजना से अतिरिक्त पानी सैंज नदी में छोड़ा गया। लारजी-सैंज मार्ग पर पागल नाले में आई बाढ़ से सड़क पर भारी मलबा आ गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। कांगड़ा, मंडी, शिमला और अन्य जिलों में भी कई स्थानों पर भूस्खलन और जलभराव की घटनाएं सामने आई हैं।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद अब तक सामान्य से 63 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अगले छह दिनों तक अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। कांगड़ा, सोलन और सिरमौर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि किन्नौर और लाहौल-स्पीति में तेज हवाएं चलने तथा कई स्थानों पर बिजली गिरने और फ्लैश फ्लड का खतरा जताया गया है। अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना भी व्यक्त की गई है।

### प्रशासन ने नदी नालों से दूर रहने की दी सलाह

**प्रशासन** ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से नदी-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों से दूर रहने तथा मौसम विभाग और जिला प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। सभी प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया गया है और राहत एवं बचाव दल अलर्ट पर हैं।

## महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकाली

**एजेंसी, भोपाल**

देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया।

बीएमसी ने सोमवार को सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है।

### मुंबई में रेलवे ट्रैक और एक्सप्रेस-वे बंद व जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड

मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गई। 6-7 गाड़ियां मलबे में दब गईं। मलबा हटाने का काम जारी है। वहीं गुजरात में अमरेली जिले के राजुला तालुका में पिछले 24 घंटों में 11 इंच बारिश हुई है। इससे घातरवाडी नदी में बाढ़ आ गई है। नदी की बाढ़ का पानी कई गांवों में घुस गया है। वढेरा गांव में कमर तक पानी भरा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: चंपत राय व अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

**एजेंसी, अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

चंपत राय की जगह नए ट्रस्टी रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया है। चढ़ावा चोरी के बाद हुई पहली बैठक 3 घंटे तक चली। बैठक के बाद कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी बोले- चंपत राय ने कहा है कि जब तक अपराधी पकड़े नहीं जाते तब तक पद पर रहना सही नहीं है। जो हुआ वह कष्टदायी है। इससे हम सब दुखी हैं। चढ़ावा चोरी लज्जाजनक घटना है। बैठक में ट्रस्टी के. पाराशरन ने कहा था कि त्यागपत्र देते ही इसे स्वीकार करना ट्रस्ट के संविधान में हैं। इसलिए इस्तीफा स्वीकार किया गया। कृष्ण मोहन ने कहा- चढ़ावा चोरी के आरोपियों को सजा दिलाएंगे। प्रबंधन की कमियों का फायदा उठाया गया, कमियों को दूर करेंगे ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो। समाज में अविश्वास है। विश्वास को दोबारा स्थापित करेंगे। (अनंत ज्ञान)



### 22 जुलाई को फिर ट्रस्ट की बैठक होगी

**गोविंद** देव गिरी ने कहा- हमारा काम पूरी पारदर्शिता रखना है। हम 22 जुलाई को फिर से बैठेंगे। तब तक एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी। एसआईटी अपना काम कर रही है। झूठ के प्रचार से हम लोगों को सावधान करते हैं। हमें कहा जाता है कि वहां केवल दानपात्र की चोरी नहीं हुई। वहां कई वस्तुओं की चोरी हुई। उन सभी वस्तुओं का रजिस्टर हम लाए हैं, जो आपको दिखाएंगे।

## बीआरओ फंड गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के धन के कथित गबन से जुड़े चार मामलों में सोमवार को 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 26 स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में की गई। सीबीआई के अनुसार मामले लद्दाख के प्रोजेक्ट विजयक और प्रोजेक्ट योजक में कैजुअल मजदूरों की तैनाती और फर्जी मजदूरों के नाम पर भुगतान जारी किए जाने से संबंधित हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर इन मामलों की जांच शुरू की गई। शिकायतें बीआरओ के तकनीकी अधिकारियों के बोर्ड द्वारा की गई आंतरिक जांच के बाद दर्ज कराई गई थीं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 18 आईएएस और 16 एचएएस अधिकारियों के तबादले

# डॉ. अभिषेक को वित्त आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सुदेश सचिव सहकारिता व अमरजीत देखेंगे टीसीपी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 18 आईएएस और 16 हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि कई को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।


सुदेश कुमार मोक्टा

कई जिलों में एडीसी और एसडीएम भी बदले गए हैं। आईएएस अधिकारियों में हिमाचल सरकार में सलाहकार (रेगुलेटरी रिफॉर्म्स) और प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन को वित्त आयुक्त (अपील) का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। उनके पास प्रधान सचिव (वित्त, योजना, अर्थ एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम), प्रधान सचिव (जल शक्ति विभाग) और प्रधान सचिव (तकनीकी शिक्षा) का कार्यभार पहले की तरह रहेगा। सुदेश कुमार मोक्टा को सचिव (सहकारिता) नियुक्त किया गया है। अमरजीत सिंह अब सचिव (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं हाउसिंग) के रूप में कार्य करेंगे। सचिव (गृह) का अतिरिक्त कार्यभार उनके पास पहले की तरह रहेगा।

तोरुल एस. रवीश को निदेशक, भू-अभिलेख नियुक्त किया गया है। अभिषेक वर्मा अब निदेशक, हिमाचल मिल्कफेड के रूप में कार्य करेंगे। अजय कुमार यादव को प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन, शिमला नियुक्त किया गया है। महेंद्र पाल गुर्जर को एडीसी ऊना के पद से स्थानांतरित कर निदेशक (कार्मिक एवं वित्त), हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, शिमला बनाया गया है। विनय कुमार एडीसी कांगड़ा के पद पर बने रहेंगे और उन्हें हिमाचल प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, कांगड़ा के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से शिव मोहन सिंह सैनी को मुक्त किया गया है।

राहुल जैन को एडीसी सोलन के पद से स्थानांतरित कर हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम और महिला विकास निगम, सोलन का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्हें डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के रजिस्ट्रार और मानव भारती विश्वविद्यालय, सोलन के प्रशासक का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। दिव्यांशु सिंगल को एडीसी सोलन नियुक्त किया गया है। ओम कांत ठाकुर को प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम, शिमला और गुरसिमर सिंह को प्रबंध निदेशक, जनरल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, शिमला नियुक्त किया गया है। ईशांत जसवाल को एडीसी ऊना, रुपिंदर कौर को एडीसी बिलासपुर, डॉ. राजदीप सिंह को आयुक्त, नगर निगम सोलन और प्रियांशु खाती को एडीसी मंडी नियुक्त किया गया है। डॉ. अंजलि गर्ग को एसडीएम कांगड़ा और चंद्र प्रकाश को एसडीएम मंडी बनाया गया है।

### ◆ अभिषेक वर्मा मिल्क फेड और दिव्यांशु डीआरडीए प्रोजेक्ट निदेशक शिल्पी बेक्टा निर्वाचन आयोग सचिव




### अभिषेक बरवाल घुमारवीं और पूजा एसडीएम नगरोटा

**एचएएस** अधिकारियों के तबादलों में एडीसी कुल्लू अश्वनी कुमार को परियोजना अधिकारी, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी), केलांग नियुक्त किया गया है। नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता काप्टा को अतिरिक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान बनाया गया है। संजीव कुमार-प्रथम को सहायक बंदोबस्त अधिकारी, अर्की नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, कांगड़ा शिल्पी बेक्टा को अतिरिक्त सचिव (लोक निर्माण विभाग) बनाया गया है। उन्हें राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी सभाएं, कांगड़ा का अतिरिक्त कार्यभार उनके पास पहले की तरह रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (विकास)-सह-परियोजना निदेशक (डीआरडीए), कुल्लू नियुक्त किया गया है। हितेश आजाद को सहायक बंदोबस्त अधिकारी, शिमला नियुक्त किया गया है। इस पद पर तैनात संजय कुमार के तबादले के अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। सिद्धार्थ आचार्य को कार्यकारी निदेशक, हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी), शिमला नियुक्त किया गया है। सनी शर्मा को एसडीएम कुपवी और नरेश कुमार वर्मा को श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज, नेरचौक का अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है। चेत सिंह को सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण-सह-अतिरिक्त आयुक्त, परिवहन का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से नरेश ठाकुर को मुक्त किया गया है। गौरव चौधरी को अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी सभाएं, कांगड़ा नियुक्त किया गया है। विश्रुत भारती को एसडीएम कफोटा और रमन कुमार शर्मा को एसडीएम फतेहपुर बनाया गया है। अभिषेक बरवाल को एसडीएम घुमारवीं तथा पूजा अधिकारी को एसडीएम नगरोटा बगवां नियुक्त किया गया है। इस पद पर तैनात मुनीश कुमार शर्मा के तबादले के अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। अमन कुमार को हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉरपोरेशन (एचपीएमसी), शिमला का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है।

## श्रीलंका की नेगोम्बो जेल में हिंसक झड़प 25 की मौत और 100 से अधिक घायल

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका की नेगोम्बो जेल में कैदियों और जेल सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने गोलीबारी की और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए।

घटना के बाद पूरे जेल परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है तथा हिंसा के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।



तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि मृतकों में पांच जेल अधिकारी और 20 कैदी शामिल हैं। घायलों को कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल के अलावा आसपास के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रिपोर्टों के अनुसार, श्रीलंका के पश्चिमी तट पर स्थित नेगोम्बो जेल में रविवार को शुरू हुआ विवाद सोमवार को फिर हिंसक हो गया। कैदियों और जेल अधिकारियों के बीच टकराव बढ़ने के बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, जिसके चलते पुलिस को गोलीबारी करनी पड़ी। हालात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया। (अनंत ज्ञान)

## बिलासपुर के भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए सिरसा में प्लॉट आवंटन

### उपायुक्त बोले-फतेहाबाद स्थित पुनर्वास कार्यालय में एक महीने के भीतर दर्ज करें आपत्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए हरियाणा के गांव देसू जोधां तहसील डबवाली, जिला सिरसा में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत प्लाटों का आवंटन कर दिया गया है।

इस संबंध में यदि किसी अलाटी भाखड़ा बांध विस्थापित को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो वह एक माह के भीतर कार्यालय उपायुक्त रिसेटलमैंट फतेहाबाद, हरियाणा में दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्लाट आवंटन की अवधि एक माह से अधिक हो जाने पर अंतिम अलाटमैंट की प्रक्रिया को पूर्ण कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव देसू जोधां, तहसील डबवाली, जिला सिरसा हरियाणा में 27 भाखड़ा बांध विस्थापितों को प्लाटों का आवंटन किया गया है। जिनमें बड़गांव, तहसील घुमारवीं, बिलासपुर के आज्ञाराम पुत्र हरया राम, इंद्र पुत्र काहना, चंदू पुत्र काहना, दुर्गा पुत्र काहना, सीता राम पुत्र काहना, अनंत राम पुत्र लाभू, बाली राम पुत्र लाभू, बीरबल पुत्र लाभू, संतराम पुत्र लाभू, खजाना राम पुत्र जंगी, प्रभदयाल पुत्र सुदामा, रामदयाल पुत्र सुदामा, गंगा राम पुत्र सुदामा जबकि ग्राम पंचायत डोहक, तहसील घुमारवीं बिलासपुर के ओम प्रकाश पुत्र सीरी राम, परस राम पुत्र सीरी राम, ज्योति प्रकार पुत्र श्रीराम, भगत राम पुत्र कांशी राम, प्रभा पुत्र सुबा तथा सीता राम पुत्र मुंशी राम शामिल है। इसी तरह ग्राम बहल फतुआ तहसील घुमारवीं के अछरु पुत्र बान्ना, गांव कथोन घुमारवीं के खजाना पुत्र भोंगी, गांव कुटहेडा घुमारवीं के बलदेव पुत्र हमीरा, रतन सिंह पुत्र कपूरा तथा शेर सिंह पुत्र कपूरा जबकि गांव मटला घुमारवीं के शिवाला चेला गंगागिर मार्फत पुरूषार्थी कमेटी भाखड़ा औस्टीज देसू जोधां शामिल है। इसके अतिरिक्त दो विस्थापित जिला ऊना से संबंधित है।

**सुविधा** मंडी-चंडीगढ़ के लिए 3500 रुपए और कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ के लिए 8500 रुपए किराया तय

# मंडी से चंडीगढ़ का सफर 25 मिनट में होगा पूरा: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**शिमला/मंडी।** हिमाचल प्रदेश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने सरकारी आवास ओकओवर से कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ तथा मंडी-चंडीगढ़ के बीच रोजाना संचालित होने वाली हेलीकॉप्टर सेवाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रदेश के दूरदराज और पर्वतीय क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक हवाई संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मंडी-चंडीगढ़ हेलीकॉप्टर सेवा भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत संचालित होगी, जबकि कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ मार्ग पर गैर-आरसीएस मॉडल के अंतर्गत हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड सेवाएं संचालित करेगी। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं से यात्रा का समय काफी कम होगा और पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा।


हेलिकॉप्टर सेवा का वर्चुअल शुभारंभ करते सीएम सुक्खू।

हेलीकॉप्टर सेवा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कुल्लू से सुबह 9 बजे उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर 9:10 बजे मंडी पहुंचेगा। इसके बाद 9:15 बजे मंडी से उड़ान भरकर 9:45 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगा। वापसी में हेलीकॉप्टर सुबह 10 बजे चंडीगढ़ से रवाना होकर 10:30 बजे मंडी तथा 10:45 बजे कुल्लू पहुंचेगा। सभी उड़ानें नव-निर्मित कांगनीधार हेलीपोर्ट से संचालित होंगी। मंडी-चंडीगढ़ मार्ग का किराया 3500 रुपए तथा कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ मार्ग का किराया 8500 रुपए निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कांगनीधार हेलीपोर्ट भविष्य में क्षेत्रीय हवाई सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के दौरान नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी, शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान तथा पर्यटन निदेशक विवेक भाटिया मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। वहीं मंडी से पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल, राज्य जल प्रबंधन बोर्ड की उपाध्यक्ष शशि शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, डीसी व एसपी मंडी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

### प्रदेशभर में हेलिपोर्ट नेटवर्क का विस्तार

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक जिला मुख्यालय और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर के जसकोट, कांगड़ा के रक्कड़ और पालमपुर तथा चंबा में हेलीपोर्ट निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा ऊना में हेलीपोर्ट निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है, जबकि नाहन और सोलन में भी हेलीपोर्ट विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। लाहौल-स्पीति के रंगरीक में सेना के सहयोग से भी हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है।

# अली खामेनेई की अंतिम यात्रा: 10 किमी लंबे रूट पर जुटे लाखों लोग

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान की राजधानी तेहरान में आज देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई को अंतिम विदाई दी जा रही है। छह दिवसीय अंतिम संस्कार कार्यक्रम की शुक्रवार से शुरू हुई रस्मों के अंतर्गत आज उनकी शोक यात्रा (जुलूस) में शामिल होने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा है। शोक यात्रा का मार्ग 10 किलोमीटर (6.2) किलोमीटर लंबा है। यह जुलूस पूर्वी तेहरान के इमाम हुसैन स्क्वायर से शुरू हुआ है। इसका समापन पश्चिमी हिस्से में स्थित आजादी स्क्वायर पर होगा। दिवंगत नेता को इराक के नजफ और कर्बला में भी श्रद्धांजलि दी जाएगी।

भीड़ की भारी तादाद और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सुबह से शुरू जुलूस को पूरा होने में लगभग 10 से 12 घंटे का समय लगेगा। आम दिनों में कार या टैक्सी से हुसैन स्क्वायर से आजादी स्क्वायर पहुंचने में अधिकतम समय लगभग 12 से 45 मिनट लगता है।



इसके बाद खामेनेई के पार्थिव शरीर को पवित्र शहर कोम, इराक के शिया धर्मस्थलों और फिर अंतिम संस्कार के लिए उनके जन्मस्थान मशहद ले जाया जाएगा। ईरानी अधिकारियों का अनुमान है कि जुलूस में शामिल कई लोग लाल-सफेद रंग का झंडा लहरा रहे हैं। शिया मुस्लिम परंपरा में यह झंडा शहादत व बदले का प्रतीक माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

# दलाई लामा के संदेशों से प्रेरणा लें युवा, नशा और सोशल मीडिया की अंधी दौड़ से बचें : विक्रमादित्य

## नई पीढ़ी को करुणा, संस्कार व संयम की राह पर चलना होगा; मानवीय मूल्यों से ही बनेगा बेहतर समाज, युवाओं को सही दिशा देना जरूरी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** छोटा शिमला स्थित तिब्बतन स्कूल परिसर में सोमवार को 14वें दलाई लामा के 91वें जन्मदिवस पर आयोजित भव्य समारोह में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विद्यार्थियों से मानवीय मूल्यों को जीवन का आधार बनाने तथा नशे और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को सही दिशा देना है और इसके लिए विद्यालय, परिवार तथा समाज को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ हेपेटाइटिस-बी स्क्रीनिंग अभियान का शुभारंभ भी किया गया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि बढ़ते अपराध, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का गैर-जिम्मेदाराना उपयोग नई पीढ़ी को गलत दिशा में ले जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों और अभिभावकों का दायित्व है कि वे बच्चों को साइबर जागरूकता, नैतिक शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति निरंतर प्रेरित करें। उन्होंने हाल ही में शिमला के एक विद्यालय में हुई गोलीबारी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए चेतावनी हैं और समय रहते युवाओं को सही मार्गदर्शन देना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि विकास केवल सड़कें, भवन और आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यार्थियों को बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह तिब्बतन स्कूल परिसर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

### धर्मशाला आज लिटिल लहासा के नाम से मशहूर

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि परम पावन दलाई लामा ने करुणा, शांति, अहिंसा और मानवता का जो संदेश दुनिया को दिया है, वह आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि दलाई लामा की उपस्थिति के कारण हिमाचल प्रदेश को विश्व स्तर पर विशेष पहचान मिली है और धर्मशाला आज पूरी दुनिया में 'लिटिल ल्हासा' के नाम से जानी जाती है। उन्होंने अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह और दलाई लामा के आत्मीय संबंधों का भी स्मरण किया।

### मुख्यातिथि ने 31 हजार की प्रोत्साहन राशि दी

**छोटा** शिमला स्थित तिब्बतन स्कूल परिसर में मनाए गए इस समारोह में सामूहिक प्रार्थना, दीप प्रज्ज्वलन, केक काटकर जन्मोत्सव, तिब्बती एवं भारतीय राष्ट्रगान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा पारंपरिक सम्मान समारोह आयोजित किए गए। मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दलों के लिए 31 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधियों, विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# नगर निगम ने सड़क से हटाया सामान

## रेहड़ी-फड़ी वालों और स्थानीय लोगों ने किया विरोध, एमसी प्रशासन को बुलानी पड़ी पुलिस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में सड़क और फुटपाथों पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ नगर निगम का अभियान सोमवार को उस समय विवादों में घिर गया, जब कार्रवाई का विरोध करते हुए कुछ रेहड़ी-फड़ी संचालकों और स्थानीय लोगों ने निगम की टीम का रास्ता रोक दिया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर नगर निगम अधिकारियों ने पुलिस को मौके पर बुलाया।

पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध जारी रहने पर सड़क को खाली करवाकर निगम की टीम को आगे बढ़ाया गया। इसके बाद हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अवैध कब्जों पर कार्रवाई करते हुए सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान जब्त कर निगम के वाहनों में लादकर स्टोर पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई आम लोगों की सुविधा, यातायात व्यवस्था और पैदल चलने वालों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर की जा रही है।

निगम ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन करें, ताकि शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके।



अवैध कब्जे हटाने पहुंची नगर निगम टीम का विरोध करते लोग और स्थिति संभालने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस। अनंत ज्ञान

- हाईकोर्ट के निर्देशों पर अवैध कब्जों पर हुई कार्रवाई
- नगर निगम की टीम ने सामान जब्त कर एमसी के स्टोर में पहुंचाया

# रामपुर नगर परिषद पर भाजपा का कब्जा

## कर्ण शर्मा अध्यक्ष और रोहित नेगी उपाध्यक्ष निर्वाचित

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के रामपुर नगर परिषद में सोमवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इतिहास रचते हुए पहली बार दोनों शीर्ष पदों पर जीत दर्ज की है। नवनिर्वाचित पार्षद करण शर्मा को अध्यक्ष और रोहित नेगी को उपाध्यक्ष चुना गया है। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनावी प्रक्रिया में भाजपा प्रत्याशियों ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। इस चुनाव में स्थानीय विधायक का वोट भी कांग्रेस के पक्ष में परिणाम को नहीं बदल सका।

परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष कर्ण शर्मा और उपाध्यक्ष रोहित नेगी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जीत के बाद भाजपा पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद परिसर में दोनों नेताओं का स्वागत किया और रामपुर बाजार में एक विशाल विजय रैली निकालकर जश्न मनाया। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नवनिर्वाचित अध्यक्ष करण शर्मा और उपाध्यक्ष रोहित नेगी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



नवनियुक्त अध्यक्ष कर्ण शर्मा पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए। अनंत ज्ञान

### चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए थे कर्ण शर्मा

**नवनिर्वाचित** युवा अध्यक्ष कर्ण शर्मा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। उस समय भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा, प्रदेश सचिव शिशु भाई धर्मा और रामपुर मंडल अध्यक्ष नरेश चौहान ने उनका पार्टी में स्वागत किया था। करण शर्मा ने भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर यह कदम उठाया था, जो अब इस ऐतिहासिक जीत का मुख्य आधार बना।

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीएसई स्कूलों में नियुक्तियों में देरी चिंताजनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 154 सीबीएसई विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध करवाना था, किन्तु वर्तमान परिस्थितियाँ इस उद्देश्य के विपरीत दिखाई दे रही हैं। प्रदेश सरकार ने सीबीएसई विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कार्यरत शिक्षकों से लिखित परीक्षा आयोजित करवाई, परिणाम घोषित किए तथा मेरिट सूची भी जारी कर दी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अब मेरिट एवं शिक्षकों की वरीयता के आधार पर काउंसलिंग कर नियुक्तियाँ की जानी थीं। यही व्यवस्था संबंधित अधिसूचना में भी वर्णित है। इसके बावजूद सरकार द्वारा प्रक्रिया में बदलाव के संकेत दिए जा रहे हैं, जिससे योग्य एवं परिश्रमी शिक्षकों में असमंजस और रोष व्याप्त है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि यदि मेरिट को दरकिनार कर किसी अन्य आधार पर नियुक्तियाँ की जाती हैं, तो यह पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रतिभा का खुला अपमान होगा। दूसरी ओर, अनेक अभिभावकों की शिकायत है कि कई सीबीएसई विद्यालयों में अभी तक पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं तथा विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन भी समय पर नहीं मिल पाए हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।




### जगमोहन बने पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रधान



**अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड कुमारसेन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज सोमवार को कुमारसेन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला शिमला के महामंत्री महेश वर्मा ने की। इस दौरान उनकी अध्यक्षता में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड कुमारसेन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर जगमोहन वर्मा को संगठन का प्रधान चुना गया, जबकि सुरेश दत्ता और वसंत ठाकुर को वरिष्ठ उप प्रधान चुना गया। इसी प्रकार जितेंद्र कुमार को उप प्रधान, नरेश शांडिल को महासचिव तथा बलवान कश्यप को मुख्य सलाहकार चुना गया। नवनियुक्त प्रधान जगमोहन वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वह पेंशनर्स की समस्याओं के निवारण के लिए हमेशा प्रयास करते रहेंगे।

### रामपुर बुशहर कॉलेज में विशेष व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय की 8 हिप्र बटालियन एनसीसी रामपुर बुशहर द्वारा अतिरिक्त महानिदेशक नरेंद्र सिंह चौहान सेना मेडल के विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक नरेंद्र सिंह चौहान सेना मेडल रामपुर क्षेत्र से संबंध रखते हैं राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के लिए गर्व की बात है कि वे इसी महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र रहे हैं। महानिदेशक नरेंद्र सिंह चौहान सेना मेडल द्वारा रामपुर महाविद्यालय को एनसीसी के लिए उत्कृष्ट संस्थान का अवार्ड दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया, 8 हि. प्र.बटालियन के करनल बीएमएस परमार, लेफ्टिनेंट कर्नल विपिन सरकैक, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं गैर शिक्षक वर्ग, एएनओ 11, सीटीओ 4 जेसीओ तथा पी आई स्टाफ 11 विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स तथा रामपुर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स तथा 850 से अधिक विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान में भाग लिया। इस व्याख्यान में मेजर जनरल नरेंद्र सिंह चौहान ने महाविद्यालय जीवन में एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला।

# चौपाल के कोफरधार में 10 बीघा में भांग के 10 लाख पौधे किए नष्ट

## नशे के खिलाफ पुलिस, राजस्व और वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल के कोफरधार (नगाह) क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 बीघा भूमि पर उगाई गई अवैध भांग की खेती का भंडाफोड़ किया है। नेरवा थाना पुलिस ने राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए लगभग 10 लाख भांग के पौधों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 40 पौधों के नमूने जब्त कर जांच के लिए सुरक्षित रखे हैं। इस मामले में अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक बिस्वा भूमि में औसतन करीब 5,000 पौधे लगाए गए थे, जिसके आधार पर पूरे क्षेत्र में लगभग 10 लाख पौधों का अनुमान लगाया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध खेती के पीछे कौन लोग शामिल हैं और इसका नेटवर्क किन क्षेत्रों तक फैला हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा कि शिमला जिला पुलिस नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर लगातार कार्रवाई कर रही है और अवैध मादक पदार्थों की खेती, तस्करी तथा कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध भांग, अफीम या अन्य नशीले पदार्थों की खेती अथवा तस्करी की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि आने वाले दिनों में जिले के संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाकर ऐसे अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा।



# प्रार्थना सभा में छात्र-छात्रा को थप्पड़ मारने का आरोप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एक सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर दो नाबालिग छात्रों के साथ कथित मारपीट और एक छात्रा के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने अभिभावक की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला शिमला के सुन्नी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार यह मामला एक अभिभावक की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य ने शिकायतकर्ता की 16 वर्षीय नाबालिग बेटी और उसके 15 वर्षीय नाबालिग भांजे को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रधानाचार्य ने 16 वर्षीय छात्रा की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए पूरे विद्यालय की सभा के सामने उसके बारे में अशोभनीय और अभद्र टिप्पणियां कीं। पुलिस ने इस मामले में थाना सुन्नी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) और 79 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच जारी है और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जुन्गा पंचायत को विकास का मॉडल बनाने का लिया संकल्प



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** तहसील मुख्यालय की ग्राम पंचायत जुन्गा में नवगठित पंचायत की पहली ग्राम सभा का आयोजन प्रधान रामलाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में लगभग 250 ग्रामीणों ने भाग लिया, जिससे ग्राम सभा का कोरम पूरा हुआ। बैठक में जिला परिषद सदस्य खुश विक्रम सेन तथा पंचायत समिति सदस्या सीमा सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। खुश विक्रम सेन ने पंचायत के विकास में भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

ग्राम सभा में जुन्गा पंचायत को विकास की दृष्टि से मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का सभी लोगों ने संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान नशा, विशेषकर चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को सहयोग देने का आग्रह किया गया । इस मौके पर जुन्गा बाजार एवं पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, पेयजल, बिजली तथा सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार लाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

साथ ही चालू वित्त वर्ष में पंचायत के माध्यम से विभिन्न विकास योजनाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे, जिनके समाधान के लिए पंचायत ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

## ठियोग के सभी ग्राम केंद्रों में मनाई भारतीय जनसंघ के संस्थापक की 125वीं जयंती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ठियोग विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी मंडल ठियोग द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती सभी ग्राम केंद्रों में श्रद्धा, उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

प्रदेश भाजपा कार्यालय के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रमों में श्रद्धांजलि सभा के साथ डिजिटल प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें संगठन की डिजिटल गतिविधियों, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा डिजिटल माध्यमों से संगठन को सशक्त बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यकर्ताओं ने भाजपा के आधिकारिक सरल ऐप के माध्यम से प्रमाण-पत्र भी डाउनलोड किए। कार्यक्रमों में कंडयाली में भाजपा ठियोग-कुमारसैन के नेता अजय श्याम, सैंज-धगाली में प्रदेश कार्यसमिति सदस्या इंदु वर्मा, भराड़ा-चीखड़ में प्रदेश सह-संयोजक (सहकारिता प्रकोष्ठ) नरेश शर्मा, बलग-मुंडू में जिला महामंत्री संजय वर्मा, बासा-ठियोग-जैस में मंडल महामंत्री राम कृष्ण मदराड़ी, धमानदरी-दादस में मंडल महामंत्री देवी सिंह भोटका तथा सरोग-बड़ोग में प्रदेश सह-संयोजक (सांस्कृतिक प्रकोष्ठ) किशन वर्मा की उपस्थिति रही। इसके अलावा मझार, शटैया, केसर वर्मा (आईटी संयोजक), धर्मपुर, क्यारटू और अजय शर्मा सहित विभिन्न ग्राम केंद्रों में भी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पार्षद दिनेश शर्मा, पार्षद भारती सुद, भाजपा मंडल ठियोग के प्रवक्ता अश्वनी बक्शी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सुदेश हेटा, उपाध्यक्ष काहन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




ठियोग मंडल के एक ग्राम केंद्र में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता अनंत ज्ञान

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अनियमितताओं की हो उच्च स्तरीय जांच : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और विधायक राकेश जम्वाल ने हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कामकाज को लेकर प्रदेश सरकार से उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में प्रशासनिक फैसलों, नियुक्तियों, उद्योगों को कंसेंट (अनुमति) जारी करने की प्रक्रिया और अपीलीय व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल सामने आ रहे हैं। सरकार को इन सभी मामलों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

राकेश जम्वाल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में अपीलीय प्रक्रिया भी प्रभावित होने की आशंका दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था में फैसला लेने वाला अधिकारी और अपील सुनने वाला प्राधिकारी अलग-अलग होना चाहिए। इससे पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहती है। यदि ऐसा नहीं है तो पूरे मामले की जांच होनी चाहिए।

भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि उद्योगों को कंसेंट जारी करने और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पत्राचार का संचालन कुछ चुनिंदा अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन मामलों में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार किसके पास है और क्या सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार पूरी की गई हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का काम पूरी तरह नियमों और पारदर्शिता के अनुसार हुआ है तो सरकार को किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार जांच के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि प्रशासनिक शक्तियों का किसी स्तर पर दुरुपयोग हुआ है या नहीं और कहीं भ्रष्टाचार से जुड़ी कोई अनियमितता तो नहीं हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### नक्की खड्ड पर 21.63 करोड़ से बनेगा पुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर क्षेत्र के लिए नाबार्ड के अंतर्गत विधायक प्राथमिकता में एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिल गई है। पूर्व उद्योग मंत्री एवं विधायक बिक्रम ठाकुर ने इस स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। कलोहा, प्रागपुर, ढलियारा, डाड सीबा व संसारपुर टैरेस मार्ग पर नक्की खड्ड के ऊपर 210 मीटर लंबे बॉक्स गर्डर पुल के निर्माण के लिए 21.63 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। विधायक ने बताया कि यह पुल बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने से होने वाली आवाजाही की समस्या का स्थायी समाधान करेगा, जिससे स्थानीय लोगों को सालभर सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### जयसिंहपुर कॉलेज में नई शिक्षा नीति दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में सोमवार को बीए, बीएससी, बीकॉम और बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन/ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. किरण शर्मा ने किया। विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत लागू सेमेस्टर प्रणाली, महाविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने रैगिंग मुक्त वातावरण, नियमित उपस्थिति, पुस्तकालय उपयोग, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और छात्रवृत्ति योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास के महत्व पर बल देते हुए अपने 35 वर्षों के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

### सड़क किनारे नालियों की सफाई अभियान तेज

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल बैजनाथ।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)-154 ने पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का अभियान तेज कर दिया है। परौर से चौंतड़ा तक करीब 40 किलोमीटर लंबे मार्ग पर नालियों की सफाई और मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान जलभराव, सड़क दुर्घटनाओं और आसपास के भवनों में पानी घुसने जैसी समस्याओं से बचा जा सके। एनएचएआई के साइट इंजीनियर अंकित गिल ने बताया कि 21 जून से शुरू इस विशेष अभियान के तहत परौर से चौंतड़ा तक सड़क के दोनों ओर स्थित नालियों की नियमित सफाई और मरम्मत की जा रही है। बैजनाथ, पपरोला, आहजू, बनूरी, अवैरी और चौंतड़ा जैसे घनी आबादी वाले बाजार क्षेत्रों में भी जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारी बारिश के दौरान सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुनिश्चित हो सके।

### डाडासीबा में पुराने डेस्कों की नीलामी कल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा काशीराम पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में विद्यालय के पूरी तरह जर्जर एवं अनुपयोगी हो चुके पुराने लोहे के डेस्कों की नीलामी 8 जुलाई को की जाएगी। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की प्रस्ताव संख्या 1/2026 में नीलामी को अनुमोदन प्रदान किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने बताया कि सभी इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे 8 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें। विद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक इच्छुक लोगों से समय पर पहुंचकर नीलामी में भाग लेने की अपील की है।

### पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की पुष्पांजलि

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अचल पठानिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मुखर्जी को सच्चा राष्ट्रभक्त, प्रखर शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक नेताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया तथा कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा आज भी उनके आदर्शों पर चल रही है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विजेंद्र सिंह, राजकुमार, प्रमोद, मास्टर होशियार सिंह, घनश्याम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत ऑडिशन आयोजित



**अनंत ज्ञान, भवारना।** आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के बैनर तले 'चिट्टे को भगाना है, देश को बचाना है' अभियान के अंतर्गत रविवार को भवारना में ऑडिशन आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने गायन, नृत्य, मॉडलिंग, लेखन और पेंटिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश के स्टार सिंगर संजीव दीक्षित ने संगीत श्रेणी में निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि मीरा ने डांस, आरजू ने मॉडलिंग और अंशुमन ने लेखन एवं पेंटिंग में जज की भूमिका निभाई। मंजूला ने अपने शब्दों से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। बेटी तेजस्वी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर प्रस्तुति दी। संचालक सुमित गुप्ता ने बताया कि अगला ऑडिशन 11 जुलाई को देहरा में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए प्रतिभागी 9736454656 पर संपर्क कर सकते हैं।

### हिम आंचल पेंशनर्स संगठन की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिम आंचल पेंशनर्स संगठन ब्लॉक बैजनाथ की बैठक 7 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे विश्राम गृह, बैजनाथ में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चड्ढा करेंगे। बैठक में पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, लंबित मांगों तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा संगठन की आगामी गतिविधियों एवं पेंशनरों के हितों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### धर्मशाला के कुछ क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के विद्युत उपमंडल-2, धर्मशाला के सहायक अभियंता रमन भरमौरीया ने बताया कि विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 8 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि 11 केवी दाड़ी फीडर के अंतर्गत शीला चौक, अचीवर-हब, दाड़ी गैस एजेंसी के पास, लुंगडू चैक, अमूल मिल्क शॉप के पास, गब्ली दाड़ी, पासू, भटेड़ तथा आसपास के क्षेत्रों में निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# लंबित मामलों का जल्द करें निपटारा ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधारें: कुलभूषण

## मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसपी कांगड़ा ने दिए सख्त निर्देश

◆ नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के भी दिए आदेश



जिला मुख्यालय धर्मशाला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा पर्यटन सीजन और मानसून के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने रणनीति तेज कर दी है। जिला मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, नशा तस्करों के खिलाफ अभियान तेज करने और संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि बैठक में वर्ष 2026 के लंबित मामलों की समीक्षा की गई और सभी थाना प्रभारियों को डिटेक्शन वर्क में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि मैक्लोडगंज, कांगड़ा, चामुंडा, पालमपुर और बीड़-बैजनाथ जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस मामलों में सक्रिय नशा तस्करों और पेडलरों पर कड़ी निगरानी रखने तथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एंटी-चिट्टा अभियान के तहत सभी स्कूलों और पंचायतों में पुलिस अधिकारी जागरुकता कार्यक्रम चलाएंगे और नशा निवारण समितियों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। एसपी ने बताया कि हाल ही में धर्मशाला थाना क्षेत्र के फतेहपुर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी गए सोने और नकदी की बरामदगी के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है और जल्द रिकवरी की उम्मीद है। मानसून के मद्देनजर एसपी कुलभूषण ने बताया कि नदी-नालों और खड्डों के आसपास पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और लोगों से अपील की गई है कि जलस्तर अचानक बढ़ने की आशंका को देखते हुए ऐसे क्षेत्रों में जाने से बचें।

# जीएवी स्कूल कांगड़ा के नौनिहालों ने उठाया रेल यात्रा का आनंद



पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने की रेल यात्रा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने सोमवार को रोमांचक रेल यात्रा का आनंद लिया। विद्यालय की ओर से आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में बच्चे स्कूल बसों से ज्वालामुखी रोड (रानीताल) रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से उन्होंने ट्रेन द्वारा कांगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन तक यात्रा की।

यात्रा के दौरान जैसे ही ट्रेन सुरंगों से होकर गुजरी, बच्चों की खुशी और उत्साह देखते ही बनता था। कांगड़ा घाटी के मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों के बीच नन्हे विद्यार्थियों ने रेल सफर का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश शर्मा, शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा कक्षा अध्यापक विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे और पूरे भ्रमण के दौरान उनका मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं।

## इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में तृप्ता स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



आरोही को 1200 व अथर्व शर्मा को 1000 रुपए की प्रदान की छात्रवृत्ति।

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के विद्यार्थियों ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड परीक्षा में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा को बेस्ट प्रधानाचार्य के रूप में प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया, साथ ही विद्यालय को गोल्डन स्कूल अवॉर्ड से नवाजा गया। इस परीक्षा में विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय टॉपर छात्रा आरोही मनहास को 1200 रुपए तथा छात्र अथर्व शर्मा को 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। अन्य विद्यार्थियों समर्थ डड़बाल, पार्थ गुलेरिया, कनिका चौधरी, रेयांश चौधरी और अद्विक धीमान को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है।

## स्कूली छात्र आत्महत्या मामले में सीडब्ल्यूसी ने तलब की स्टेट्स रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बाल विकास समिति(सीडब्ल्यूसी) जिला कांगड़ा ने जिला के स्कूलों में छात्रों के उत्पीड़न के चलते हो रही आत्महत्याओं पर गहरी चिंता जाहिर की है। समिति ने पिछले कल खुंडियां थाना क्षेत्र के तहत एक 14 वर्षीय स्कूली छात्र द्वारा देहरा उपमंडल के लोअर सुनहेत में स्थित स्कूल व हॉस्टल में हुए कथित उत्पीड़न के चलते आत्महत्या किए जाने के मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस थाना खुंडियां से इस मामले की प्रारंभिक जांच की स्टेट्स रिपोर्ट तलब की है। यह जानकारी जिला कांगड़ा बाल विकास समिति के अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि विभिन्न समाचार माध्यमों से मिली जानकारी के आधार पर उनकी अध्यक्षता में समिति के सदस्यों संगीता गौतम, विजय कुमार, विकास और नरेशठा कुमारी ने बैठक करके इस मामले पर चर्चा की और इसकी स्टेट्स रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट मिलने के बाद समिति नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आत्महत्या करने वाले स्कूली बालक के परिजनों की शिकायत पर लोअर सुनहेत स्थित स्कूल के एमडी, प्रिंसिपल, हॉस्टल वार्डन और स्कूल बस चालक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करके आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

## चुगलाखांग मठ में मनाया दलाईलामा का 91वां जन्मदिन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखांग में तिब्बती धर्मगुरु 14वें दलाई लामा का 91वां जन्मदिन उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कांगड़ा के जिलाधीश हेम राज बैरवा मुख्य अतिथि रहे। सुबह की शुरुआत तिब्बती एवं भारतीय राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद धार्मिक प्रार्थनाएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। चुगलाखांग मठ परिसर में लगभग तीन से चार हजार निर्वासित तिब्बती, स्थानीय भारतीय मित्र और विदेशी समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने दलाई लामा के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। दलाई लामा इस समय लेह-लद्दाख के दौरे पर हैं, जहां उनके जन्मदिन के अवसर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## डगवार चौक में आर्मी वाहन की टक्कर से 12 वर्षीय बच्ची घायल

**अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल।** डगवार चौक पर सोमवार सुबह आर्मी वाहन की टक्कर से 12 वर्षीय स्कूली बच्ची सेजल घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आर्मी की गाड़ियां धर्मशाला से गगल की ओर जा रही थीं। डगवार मिल्क प्लांट के निर्माण कार्य के चलते सड़क पर खड़े वाहनों से मार्ग संकरा हो गया था, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के दौरान एक टैक्सी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल बच्ची को तुरंत उपचार के लिए टांडा अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। तीनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। आर्मी वाहन चालक ने उपचार के लिए 10,000 दिए और आगे भी मदद का आश्वासन दिया, जबकि टैक्सी चालक को भी नुकसान की भरपाई की गई, जिसके बाद मामला दर्ज नहीं हुआ। वहीं, पंचायत प्रतिनिधियों ने सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## मलोट गांव में सांप के डसने से आंगनबाड़ी हेल्पर की मौत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडा सीबा पुलिस थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भनेड़ के गांव मलोट में सांप के डसने से 58 वर्षीय संदेश कुमारी की मौत हो गई। वह आंगनबाड़ी केंद्र में हेल्पर के पद पर कार्यरत थीं।



जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह घर पर उन्हें पैर में किसी जहरीले जीव के काटने का एहसास हुआ। जांच करने पर पैर पर सांप के डसने के निशान मिले। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें चक्कर आने के साथ उल्टियां शुरू हो गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए होशियारपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन पीजीआई पहुंचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। डीएसपी राजकुमार ने बताया कि शव का सोमवार को सिविल अस्पताल देहरा में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। भनेड़ पंचायत की प्रधान शशि ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सरकार से पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की।

## शाहपुर हलके की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को स्थायी रूप से किया जाए दुरुस्त: अरविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह चौधरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों का बरसात से पहले स्थायी पक्कीकरण, पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रैत-चंबी राष्ट्रीय राजमार्ग, रैत-चंबी-लदवाड़ा मार्ग, चंबी पुल-बसनूर संपर्क मार्ग सहित कई ग्रामीण सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं।



फोरलेन निर्माण के दौरान भारी मशीनरी और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे, टूटी किनारियां और जल निकासी की अपर्याप्त व्यवस्था के कारण लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अरविंद सिंह चौधरी ने कहा कि मानसून के दौरान जलभराव से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, व्यापारियों तथा एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं पर पड़ता है। उन्होंने संबंधित विभागों से संयुक्त निरीक्षण कर तत्काल कार्ययोजना बनाने, सभी गड्ढों का स्थायी पक्कीकरण, सड़कों का पुनर्निर्माण तथा प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन जनहित को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करेगा, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## कृषि शोधकर्ताओं को डेटा विश्लेषण का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से 3-4 जुलाई, 2026 तक 'कृषि विज्ञानों के लिए आर प्रोग्रामिंग' विषय पर दो दिवसीय एएनआरएफ प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला एएनआरएफ के 'पार्टनरशिप्स फॉर एक्सेलरेटेड इनोवेशन एंड रिसर्च (पेयर)' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में प्रो. राज किशोर शर्मा ने कृषि अनुसंधान में डेटा विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और उन्हें सांख्यिकीय विश्लेषण, ग्राफिकल विजुअलाइजेशन तथा कृषि डेटा विश्लेषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आयोजकों ने इसे शोध एवं शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

## गढ़ जमूला के स्वयंसेवियों ने रोपित किए 120 पौधे




अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में सोमवार को बौद्धिक सत्र के दौरान एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन प्रवक्ता अजय सिंह गढ़जमूला द्वारा 120 पौधे 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए। इस दौरान आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा नशीले पदार्थों के विषय में ज्ञान एवं बचाव (चिट्टे) के बारे में विद्यार्थियों को विशेष तौर पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा मुक्त समाज अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिसमें डॉ. अंकुश परशोग और डॉ. रविश वर्मा की टीम द्वारा विद्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को आयोजित करने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू सूद ने आयुष विभाग पालमपुर के उपमंडल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. तनुजा नागपाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

प्रधानाचार्या मीनू सूद ने टीम का धन्यवाद किया। कैंप को सफल बनाने के लिए एनएनएस स्वंयसेवियों और अजय सिंह (राज्य पुरस्कार विजेता), कार्यक्रम अधिकारी उषा गौतम और विकास नाग ने सहयोग किया।

### कांगड़ा में चोरी की वारदातों की जांच तेज

## जल्द सलाखों के पीछे होंगे शातिर चोर: एएसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में हाल ही में हुई चोरी और लूट की वारदातों के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। विभिन्न मामलों में फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस का दावा है कि वारदातों में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि धर्मशाला थाना क्षेत्र के फतेहपुर में एक घर से सोना, चांदी और अन्य सामान चोरी होने के मामले में पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। चोर सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ करने के साथ डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे साफ है कि वे शातिर अपराधी हैं। इसके बावजूद पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि नगरोटा थाना क्षेत्र के ठानपुरी में भी घर में घुसकर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए गए हैं। इस मामले में भी पुलिस को अहम सुराग मिले हैं और जांच लगातार जारी है। एएसपी ने बताया कि हाल ही में एक शराब के ठेके पर हुई लूट के मामले में वारदात में इस्तेमाल वाहन बरामद कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस को उम्मीद है कि सभी मामलों का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एएसपी ने लोगों से अपील की कि बरसात के मौसम में घर खाली छोड़कर जाने से बचें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो घर की निगरानी किसी विश्वसनीय व्यक्ति को सौंपें तथा नकदी और कीमती आभूषण बैंक लॉकर या सुरक्षित स्थान पर रखें। उन्होंने सलाह दी कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग क्लाउड स्टोरेज पर सुरक्षित रखें, ताकि डीवीआर चोरी होने की स्थिति में भी रिकॉर्डिंग उपलब्ध रहे।

## मक्की की फसल पर फॉल आर्मीवर्म का बढ़ता खतरा, किसानों को सतर्क रहने की सलाह



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** खरीफ सीजन के दौरान मक्की की फसल में फॉल आर्मीवर्म के बढ़ते प्रकोप को लेकर कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि समय रहते पहचान और उचित प्रबंधन से फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। इसके लिए विभाग की टीमें लगातार किसानों के संपर्क में हैं और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। संयुक्त कृषि निदेशक नॉर्थ जोन डॉ. राहुल कटोच ने बताया कि फॉल आर्मीवर्म पिछले कुछ वर्षों से मक्की की फसल के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वर्ष 2018-19 में सबसे पहले इसकी पहचान कर्नाटक के शिवगिरी हिल्स क्षेत्र में हुई थी और इसके बाद यह हिमाचल प्रदेश में भी फैल गया। उन्होंने बताया कि इस कीट की मादा एक बार में करीब एक हजार अंडे देती है, जिससे इसका प्रकोप तेजी से बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय की सिफारिशों के अनुसार कीटनाशक कृषि विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वहीं, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान खट्टी लस्सी सहित प्राकृतिक घोलों का उपयोग करें। यदि किसी किसान की फसल में इस कीट का प्रकोप दिखाई देता है तो वह तुरंत कृषि विभाग या प्राकृतिक खेती से जुड़े कर्मचारियों को सूचित करें, ताकि मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जा सके।

## नगरोटा बगवां कॉलेज में प्राध्यापकों ने गेट मीटिंग कर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां के प्राध्यापकों ने सोमवार को लंबित पदोन्नतियों के विरोध में गेट मीटिंग कर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया। इस दौरान सभी प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और शीघ्र पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई। प्राध्यापकों ने कहा कि पिछले लगभग पांच वर्षों से पदोन्नतियां लंबित हैं, जबकि अन्य विभागों में नियमित रूप से पदोन्नति की जा रही है।

उन्होंने इसे महाविद्यालय प्राध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार बताते हुए नाराजगी जताई। गेट मीटिंग में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम और विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया को तुरंत लागू करने की मांग की गई। प्राध्यापकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। गौरतलब है कि यह गेट मीटिंग हिमाचल प्रदेश महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर स्थानीय इकाई द्वारा आयोजित की गई, जिसमें प्राध्यापकों ने भाग लेकर लंबित पदोन्नतियां तत्काल करने की मांग की गई।

## रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार




रोटरी क्लब धर्मशाला-मैक्लोडगंज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** रोटरी क्लब धर्मशाला मैक्लोडगंज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह आयोजन के साथ संपन्न हुआ। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3070 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल सिंघल ने क्लब के अध्यक्ष संदीप जोशी, सचिव प्रणव सचदेवा तथा अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अनिल सिंघल ने कहा कि रोटरी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने नई कार्यकारिणी से सेवा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ जनहित के कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि एवं धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने क्लब की नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोटरी स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में रोटरी क्लब की भूमिका की सराहना की। समारोह में शकुन मनकोटिया, धर्मेंद्र कंवर, कुंचोक मिगमार तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के टेबल टेनिस कोच राकेश जस्सल को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष संदीप जोशी ने बताया कि वर्ष 2026-27 में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, युवा विकास, महिला सशक्तिकरण तथा जरूरतमंदों के कल्याण से जुड़े कई सेवा प्रकल्प चलाए जाएंगे। सचिव प्रणव सचदेवा ने सेवा, सहभागिता और सामुदायिक विकास को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# हमीरपुर जिला परिषद पर एक बार फिर भाजपा का कब्जा

## धमरोल वार्ड की अनीता अध्यक्ष और करेर के गुरुदीप सिंह बने उपाध्यक्ष, 19 में से 18 सदस्यों का समर्थन भाजपा के साथ

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर एक बार फिर भाजपा का कब्जा हुआ है। धमरोल वार्ड से अनिता कुमारी अध्यक्ष और करेर वार्ड से गुरदीप को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

19 सदस्यीय इस जिला परिषद में सीधे रूप से 15 पर भाजपा समर्थितों का कब्जा हुआ था, जबकि तीन पर भी भाजपा विचारधारा वाले बागी जीते थे। केवल एक सदस्य अमलेड़ वार्ड से कांग्रेस का जीत पाया था, इसलिए अध्यक्ष उपाध्यक्ष भाजपा का ही बनना तय था। थोड़ी देरी जरूर हुई है, लेकिन सोमवार को करीब 1:30 बजे यह चुनाव संपन्न हो गया। मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में भाजपा का यह निर्विवाद वर्चस्व कांग्रेस के लिए और उसके नेतृत्व पर कई तरह के सवाल भी उठा रहा है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव से पूर्व रविवार को पार्टी स्तर पर कई दौर की विचार-विमर्श बैठकों का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में व्यापक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से उम्मीदवारों के नाम तय किए गए। चुनाव प्रक्रिया भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा तथा जिला प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश सचिव अमित ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक आशीष शर्मा, भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान व विजय अग्निहोत्री, जिला महामंत्री अजय रिंटू, सभी मंडलों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं, चुनाव परिणाम घोषित होने के उपरांत भाजपा नेताओं के नेतृत्व में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य विजयी सदस्यों के साथ जिला परिषद भवन से गांधी चौक तक भव्य विजय रैली निकाली गई।



जीत के बाद भाजपा नेताओं के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ।

### एकजुटता के साथ करेंगे काम: अनीता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीता शर्मा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उस पर वे बहुत अच्छा उतरने की पूरी उम्मीद से कार्य करेंगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल का आभार जताया और उसके बाद हमीरपुर जिले के तमाम नेताओं का जिक्र। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की प्राथमिकताओं में सभी एकजुट के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, सोच-समझकर दी होगी और इसके लिए उन्होंने खुद कोई दावेदारी नहीं पेश की थी।

### सभी सदस्यों में भाई-बहन जैसा रिश्ता: गुरदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पैनल में जितने लोग थे, किसी ने भी उपाध्यक्ष के लिए खुद नहीं बोला था। हमारा सभी सदस्यों का भाई-बहनों जैसा रिश्ता है। उपाध्यक्ष बनने के बाद गुरदीप सिंह ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों की उम्मीद पर खरा उतरने और इस क्षेत्र में जो भी काम होगा, उसके लिए पूरी लग्न और ईमानदारी से काम किया जाएगा। उन्होंने सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### राणा बोले- सुक्खू के गृह जिले में भाजपा की प्रचंड जीत, 2027 का संदेश हुआ स्पष्ट

**भाजपा** के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सुक्खू के गृह जिले में पंचायतीराज चुनावों के बाद जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों पर भी विजय प्राप्त कर भाजपा ने अपना परचम लहरा दिया है। जिला परिषद के परिणाम घोषित होने के कई सप्ताह बाद तक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव लंबित रखे गए। पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक समीकरण बदलने तथा अनैतिक तरीकों से समीकरण अपने पक्ष में करने की मंशा से इन चुनावों में अनावश्यक विलंब किया। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की दृढ़ता के सामने ऐसे सभी प्रयास विफल रहे तथा अंततः भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने दोनों पदों पर निर्विरोध विजय प्राप्त कर कांग्रेस सरकार की मंशा पर करारा जवाब दिया। राणा ने कहा कि हमीरपुर में भाजपा की यह जीत केवल ट्रेलर है, पूरी पिक्चर 2027 के विधानसभा चुनावों में सामने आएगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में मिली यह विजय स्पष्ट संदेश है कि जनता विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति के साथ खड़ी है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जिला परिषद जनहित और विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

### भाजपा की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के समर्पण की जीत : राकेश

**हमीरपुर** जिला परिषद में भाजपा की यह ऐतिहासिक सफलता संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के विश्वास का परिणाम है। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का सर्वसम्मति से निर्वाचित होना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा आज जिले में सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित है। अनीता देवी के अध्यक्ष तथा गुरुदीप सिंह के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी जिला परिषद सदस्यों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वास है कि नई टीम जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए हमीरपुर के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

### जनता ने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को किया पूरी तरह खारिज: अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर जिला परिषद में भाजपा समर्थित अनीता शर्मा के निर्विरोध अध्यक्ष तथा गुरदीप सिंह के निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर दोनों जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। अनुराग ने कहा कि हमीरपुर जिला परिषद में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की यह शानदार जीत प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन, जनविरोधी नीतियों और लगातार गिरते जनाधार पर जनता की स्पष्ट मुहर है।



उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में लगातार हो रहे स्थानीय निकाय एवं पंचायत स्तर के चुनावों में कांग्रेस को मिल रही करारी हार यह दर्शाती है कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में जिला परिषद पर भाजपा का एकतरफा विजय प्राप्त करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस का पूरी तरह सफाया होना तय है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जिला परिषद अध्यक्ष अनीता शर्मा एवं उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनसेवा, पारदर्शिता और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा हमीरपुर जिले के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने दोनों के सफल, प्रभावी एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर झिंझकरी गांव के युवा मंडल द्वारा श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और जननेता बताया। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर राकेश ठाकुर, रामकुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार, सत्य प्रकाश, कमलेश कुमारी, जिला को-ऑर्डिनेटर राजन कुमार तथा वार्ड पंच रतन चंद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

### श्रद्धा शर्मा का 'विद्याधन' कैंप के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणी देवी की कक्षा +2 की मेधावी छात्रा श्रद्धा शर्मा का चयन विद्याधन छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विद्याधन रेजिडेंशियल ट्रेनिंग कैंप के लिए हुआ है। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 8 जुलाई से 12 जुलाई तक बाहरा यूनिवर्सिटी, वाकनाघाट (सोलन) में आयोजित किया जाएगा। ढांगू गांव निवासी तेजिंदर शर्मा की पुत्री श्रद्धा शर्मा प्रारंभ से ही अध्ययनशील, अनुशासित और परिश्रमी छात्रा रही हैं। उनकी लगन और निरंतर सीखने की इच्छा ने उन्हें इस उपलब्धि तक पहुंचाया है।

### सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक रोशन लाल के निधन पर शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, हमीरपुर खंड इकाई के सदस्य एवं सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्याध्यापक रोशन लाल, निवासी फरनोल (डाकघर बाड़ी, जिला हमीरपुर) के आकस्मिक निधन पर संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा सहित पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। जिला के अनेक सदस्यों ने भी दूरभाष पर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### जगदीश भारद्वाज के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सदस्य जगदीश भारद्वाज के निधन पर बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कंवर ने कहा कि जगदीश भारद्वाज ने सदैव निर्माण श्रमिकों के हितों और उनके कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य किया, जिसका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** रिटायर्ड एम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक आर्य समाज मंदिर नादौन में आयोजित की गई। इसमें पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास ने की। बैठक में एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष पीडी शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी, महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद, कैशियर यशपाल राणा, डॉ. कुलदीप गढ़वाल, रविंद्र पुरी, नानक चंद, बलदेव जम्वाल के अलावा वरिष्ठ सदस्य बेला राम जसवाल सहित काफी सदस्यों व पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### नादौन में 8 को होगी ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नादौन की मासिक बैठक 8 जुलाई को प्रातः 11 बजे गीता भवन नादौन में होगी, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने बताया कि बैठक में नादौन विधान सभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों बारे चर्चा की जाएगी। उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस के सदस्यों व पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर हिस्सा लें और अपने विचार प्रक्ट करें।

### जेओए लाइब्रेरियन का फाइनल परिणाम घोषित 77 उम्मीदवारों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने स्कूल शिक्षा विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) के 78 पदों (ट्रेनी) को भरने के लिए पोस्ट कोड-25024 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 1355 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1051 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 159 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 6 और 8 जून को दस्तावेजों की जांच के बाद 77 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) का एक पद खाली रह गया है। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी सफल उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### तकनीकी विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर तथा संबद्ध शिक्षण संस्थानों में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश काउंसलिंग फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 7 जुलाई सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। कुलसचिव अनुपम कुमार ठाकुर ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), बीएससी एचएमसीटी/ बीएचएमसीटी, बीसीए, बीबीए, एमबीए, एमसीए, एमएससी (भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान), एमए/एमएससी योग तथा फार्म डी जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 7 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। वहीं बी आर्क, बीटेक व बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), एमटेक और एम फार्मेसी के लिए 25 जुलाई तक आवेदन की सुविधा रहेगी। अब तक लगभग 7000 अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। सभी पाठ्यक्रमों की पात्रता संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## बारी पंचायत को नशामुक्त करने का प्रण, चिट्टे में संलिप्त लोगों की सूचना देने पर मिलेगा इनाम


पंचायत प्रधान राजीव चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए कई निर्णय। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** विकास खंड टौणी देवी की बारी पंचायत में सोमवार को ग्राम सभा की बैठक पंचायत प्रधान राजीव चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कुल 157 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। ग्राम सभा में बीपीएल सूची, विभिन्न सरकारी योजनाओं, पंचायत के विकास कार्यों तथा अन्य प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया कि पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी बाहरी प्रवासियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी पंचायत और संबंधित पुलिस चौकी में अनिवार्य रूप से एंट्री करवाई जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। पंचायत ने नशे पर कड़ा प्रहार करने का निर्णय लिया है, चिट्टे में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना देने वाले को 5100 रुपए इनाम मिलेगा । इसके अलावा किन्नर समुदाय को 3100 रुपए राशि ही सम्मान स्वरूप दी जाएगी। बैठक में पंचायत समिति सदस्य मोहित शर्मा ने कहा कि गांवों में सोलर पेनल स्थापित किए जाएंगे और हर वर्ष मेले का आयोजन किया जायेगा जिसमें पंचायत कि प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किया जाएगा।

## स्कूल में पढ़ाने के लिए दस दिन में पूरा किया जनगणना कार्य

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जनगणना ड्यूटी बच्चों की पढ़ाई में बाधा न बने, जिसके लिए शिक्षकों ने अपनी तरफ से प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसा ही एक उदाहरण जिला हमीरपुर के उपमंडल बड़सर में सामने आया है। राजकीय उच्च विद्यालय पथल्यार में तैनात टीजीटी कला शिक्षक विजय हीर ने जनगणना का कार्य दस दिन में पूरा करके उसको 25 जून तक ऑनलाइन सबमिट कर दिया था। पिछड़ी पंचायत के तहत स्थित भुटलाड़ और मांजरा के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के 209 जनगणना मकान और 147 हाउसहोल्ड का सारा डेटा 25 जून तक और नजरी नक्शा 21 जून तक तैयार करके हीर ने जमा कर दिया था। इसके लिए सारे क्षेत्र में सुबह से शाम पैदल जाकर बिना किसी अवकाश कार्य किया। 25 जून 2026 को एसडीएम बड़सर और सम्बंधित पर्यवेक्षक को कार्य पूर्ण होने की सूचना भी सामूहिक ग्रुप में दी जिसकी एसडीएम बड़सर ने समूह में सराहना भी की। हीर ने बताया कि



जनगणना ड्यूटी के कुल दस दिनों में भी उन्होंने स्कूल आकर शिक्षण के लिए कुछ समय दिया और 26 जून से अब तक पूरा समय वे शिक्षण कार्य कर रहे हैं, जिससे एफए 2 परीक्षा का आयोजन, इसके पाठ्यक्रम की दोहराई और पाठयक्रम पूरा करवाना संभव हो सका है। इससे पहले उनकी चुनावी ड्यूटी भी थी, जिसके चलते पाठ्यक्रम पूरा करना जटिल चुनौती थे और ऐसे में कड़ी मशक्कत से जनगणना कार्य निपटाना ही एकमात्र रास्ता था। इस तरह एक माह का तय समय होने पर भी दस दिन के समय में यह काम पूरा कर विद्यार्थियों के शिक्षण में बाकी दिन बिताए हैं। बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित होने से बचाने हेतु ऐसे प्रयास अनुकरणीय और सराहनीय हैं।

## भरेड़ी स्कूल में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का किया गठन


डॉ. रिंकू योगा को एसोसिएशन का प्रधान चुना। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में आज ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 70 पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेकर विद्यालय के विकास में सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।

बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. रिंकू योगा को एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। उनकी शिक्षा, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका और विद्यालय के प्रति समर्पण को देखते हुए सभी सदस्यों ने उन पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। साथ ही डॉ. मनु विनीत को उपाध्यक्ष, सुरेश को सचिव तथा विनोद कुमार (पारस) को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित प्रधान डॉ. रिंकू योगा ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का आभार जताते हुए कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर जोड़ना और विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत विकास में योगदान देना रहेगा। उन्होंने मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता, करियर मार्गदर्शन तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। बैठक में सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

## अंडर-19 में सरगम, गर्ल डबल्स में सानवी कटोच और काजल बनी विजेता

### मिक्स डबल्स देवांश राणा और श्रेया राणा की जोड़ी ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर में आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हो गई। शिक्षाविद् जेएन अग्नोहोत्री ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर विशेष अतिथि राजिंदर शर्मा पूर्व संयुक्त सचिव भारतीय बैडमिंटन संघ मौजूद रहे ।

प्रतियोगिता में अंडर-9, अंडर 11 अंडर-19 लड़के एवं लड़कियों के मुकाबले करवाए गए। वरिष्ठ वर्ग के पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबले भी करवाए गए। प्रतियोगिता में जिलेभर से बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी नवीन, गौतम सिंह, सुशील, संजीव शर्मा मौजूद रहे। पुरुष एकल में शिवांस विजेता और देवांश राणा उपविजेता रहे। पुरुष युगल में शिवांस और देवांश राणा की जोड़ी विजेता और जतिन और शनयम गुप्ता की जोड़ी उपविजेता रही। महिला एकल में सरगम ठाकुर विजेता और कृतिका ठाकुर उपविजेता बनी। मिश्रित युगल में जतिन गुप्ता और कृतिका ठाकुर की जोड़ी विजेता और कार्तिक रत्न और सरगम ठाकुर की जोड़ी उपविजेता रही। ब्वॉयज सिंगल्स अंडर-19 में देवांश राणा विजेता बने। ब्वॉयज डबल्स में देवांश राणा और शिवांस राणा की जोड़ी विजेता बनी। गर्ल सिंगल अंडर-19 में सरगम ठाकुर, गर्ल डबल्स में सानवी कटोच और काजल, मिक्स डबल्स देवांश राणा और श्रेया राणा की जोड़ी ने जीत हासिल की। ब्वॉजय सिंगल्स अंडर-11 में भावयांश ठाकुर, ब्वॉयज डबल्स स्वास्तिक दत्ता और रंश कटोच, गर्ल सिंगल अंडर-11 में शिवान्या कपूर, गर्ल डबल्स में अदविका और शिवान्या ने जीत दर्ज की। ब्वॉयज सिंगल अंडर-9 में रंश कटोच, ब्वॉयज डबल्स में स्वास्तिक दत्ता और रंश कटोच और गर्ल सिंगल अंडर-9 में वानिका विजेता बनी।


जेएन अग्नोहोत्री ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अनंत ज्ञान

## एचपीयू निरीक्षण समिति ने किया धनेटा महाविद्यालय का दौरा

### बीएससी डेटा साइंस और एआई कोर्स शुरू करने पर किया निरीक्षण



अनंत ज्ञान

**धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला की निरीक्षण समिति ने दौरा किया। समिति की अध्यक्षता प्रो. मनु सूद, विभागाध्यक्ष, डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग ने की।

समिति में डॉ. योगेश मोहन एवं डॉ. सतीश सोनी शामिल रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा तथा समस्त स्टाफ ने समिति का स्वागत किया। बैठक में सत्र 2026-27 से बीएससी (डेटा साइंस) तथा बी.एससी. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पाठ्यक्रम शुरू करने और विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त करने से जुड़े शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कक्षाओं तथा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बाद समिति ने सुझाव दिया कि निर्धारित मानकों को पूरा करने और आवश्यक शर्तों के अनुपालन की लिखित प्रतिबद्धता प्रस्तुत करने पर इन पाठ्यक्रमों को अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की संस्तुति की जा सकती है। प्रो. मनु सूद ने इस पहल को उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख तकनीकी शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पहले से ही एम.एससी. (डेटा साइंस) और एम.एससी. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पाठ्यक्रम संचालित हैं तथा भविष्य में पीएच.डी. कार्यक्रम शुरू करने की योजना है। अंत में प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने समिति का आभार व्यक्त किया।

**शिविर** प्रदेशभर के शिक्षण संस्थानों के लगभग 550 कैडेट्स ले रहे भाग, विंग कमांडर कुणाल ने किया शुभारंभ

## एनआईटी में एनसीसी एयर विंग के एटीसी-223 का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-223) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में आरंभ हो गया। एचपी एयर स्क्वॉड्रन एनसीसी कुल्लू की ओर से 5 से 14 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे शिविर में प्रदेशभर के शिक्षण संस्थानों के लगभग 550 कैडेट्स और एनसीसी अफसर भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्घाटन 1एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर एवं कैंप कमांडेंट विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने किया।

कुणाल ने कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, टीम भावना, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से कैडेटों को सैन्य जीवनशैली, भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली तथा एनसीसी के आदर्शों से व्यावहारिक रूप से परिचित करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कैडेटों को ड्रिल, एयरो मॉडलिंग, शस्त्र प्रशिक्षण, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण, विशेषज्ञ एवं सामान्य विषयों पर व्याख्यान सहित अनेक व्यावहारिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त समूह गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा साहसिक प्रशिक्षण भी शिविर का अभिन्न हिस्सा होंगे। सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के अंतर्गत डिग्री कालेज कुल्लू, डिग्री कालेज मंडी, एनआईटी हमीरपुर तथा आईआईटी मंडी के कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के तहत ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुल्लू, जीएसएसएस जरी, पनारसा, सैंज और पंडोह, जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, एलएमएस कलैहली, गर्ल्स स्कूल सुल्तानपुर, डीपीएस मनाली, केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज, डीएवी स्कूल मंडी, डीएवी मौहल, डीएवी मनाली, डीएवी लक्कड़ बाजार शिमला, सीआईएस कुल्लू और केंद्रीय विद्यालय रामशिला के कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर के सफल संचालन के लिए 10 एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) नियुक्त किए गए हैं, जिनमें फ्लाइंग ऑफिसर निश्छल शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन, फर्स्ट ऑफिसर राम लाल, सेकंड ऑफिसर चंद्रशेखर, कर्म चंद, गौरव, विनय, हरदेव देश्टा, सुमन तथा उदय सिंह कंवर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कैडेटों के प्रशासन, अनुशासन एवं कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं के लिए सीटीओ नागेंद्र, रमेश, संजीव और अजय अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। परमानेंट इंस्ट्रक्टर स्टाफ में जूनियर वारंट ऑफिसर किरण कुमार, जूनियर वारंट ऑफिसर देवीलाल चौधरी सहित भारतीय वायु सेना के सार्जेंट एवं कोरपोरल अपनी विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं।


एचपी एयर स्क्वॉड्रन एनसीसी कुल्लू की ओर से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा शिविर। अनंत ज्ञान

### एनसीसी कैडेटों को अब कुल्लू में मिलेंगी फ्लाइंग की सुविधा

विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने बताया कि एनसीसी की एयर विंग में सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि 'फ्लाइंग' यानि जहाज उड़ान होती है। प्रदेश में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी और यहां के कैडेटों को फ्लाइंग के लिए पटियाला जाना पड़ता था, लेकिन अब फ्लाइंग की सुविधा अब कुल्लू में जल्द ही शुरू हो जाएगी। कुल्लू में हैंगर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और जल्दी ही पटियाला से दो जहाज कुल्लू पहुंच जाएंगे। हिमाचल प्रदेश के कैडेटों के लिए यह एक बहुत बड़ी सौगात होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### झलोगी में 3.66 किलो चरस संग युवक काबू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए औट क्षेत्र में 3.66 किलोग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में सोलन जिले के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना औट की टीम झलोगी (द्वाड़ा फ्लाईओवर) के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3.66 किलोग्राम चरस बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान आशीष ठाकुर निवासी कसौली, जिला सोलन के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी तथा इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा।

### अंबेडकर नगर का ऐतिहासिक ओड़की मेला कल से

**अनंत ज्ञान, महादेव।** अंबेडकर नगर का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का मेला ओड़की (जातर) 8 जुलाई को मनाया जाएगा। देव माहूंनाग मंदिर प्रांगण में मेले की तैयारियां पूर्ण करने वाली तथा माहूंनाग की असीम कृपा सब पर बनी रहे की अरदास करने वाली मंदिर समिति का अपने श्रद्धा वचन में यह कहना कि देव माहूंनाग के श्री चरणों में जो सच्चे मन से शीश झुकाता है उसके जीवन में सुख -शांति -स्मृद्धी और सफलता का प्रकाश अवश्य होता है।हर साल की भांति इस बार भी दो दिवसीय बताए जाने वाले इस मेले के अवसर पर हिमाचली गायिका रमा धीमान संगीतमयी जागरण कार्यक्रम में अपनी मधुर आवाज से देव माहूंनाग का गुणगान गूंजायमान करेंगी।

### हमीरपुर में कल धरना-प्रदर्शन करेगी सीटू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू से संबद्ध मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने 8 जुलाई को हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय के बाहर राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन और रैली आयोजित करने की घोषणा की है। यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से एक लाख से अधिक मजदूरों की लगभग 400 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता लंबित है, जिसे जारी न किए जाने से मजदूरों में भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मनरेगा मजदूरों को बोर्ड की योजनाओं से वंचित रखा गया और अब ई-केवाईसी तथा सत्यापन के नाम पर पात्र मजदूरों की सहायता रोकी जा रही है। उनका कहना है कि वर्ष 2021 के लाभों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य नहीं थी, फिर भी सहायता जारी नहीं की जा रही। उन्होंने पंजीकरण और नवीनीकरण में भी अनावश्यक देरी तथा लाभ वितरण में भेदभाव का आरोप लगाया।

### लोक आस्था का अनूठा प्रतीक हैं 'नांगा देव'

**अनंत ज्ञान, लक्की शर्मा, करसोग।** करसोग के पांगणा क्षेत्र और सुकेत रियासत के सतलुज तटीय इलाके में पूजित नांगा देव प्राचीन लोक परंपरा के महत्वपूर्ण प्रतीक माने जाते हैं। स्थानीय लोकमान्यताओं और सांस्कृतिक अध्येताओं के अनुसार नांगा देव की परंपरा का संबंध प्राचीन सिद्ध नागार्जुन की लोकस्मृतियों से जोड़ा जाता है, हालांकि इस विषय पर विस्तृत ऐतिहासिक शोध की आवश्यकता बताई जाती है। माहूंनाग की प्रसिद्ध बारह कोठियों में शामिल बेड़ू नाग मंदिर (बगड़ा गढ़) परिसर में खुले प्रांगण में स्थापित प्रस्तर पिंडी को नांगा देव का प्रमुख आराधना स्थल माना जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार नांगा देव, माहूंनाग के शक्तिशाली गण हैं और उन्हें सत्य, न्याय तथा लोककल्याण के संरक्षक के रूप में पूजा जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि वे अन्याय और अधर्म करने वालों को दंडित करते हैं तथा अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं।



# सुंदरनगर में निजी बस पलटी, 17 घायल

## सुंदरनगर अस्पताल में 16 घायलों का उपचार जारी, विधायक राकेश ने घायलों का जाना कुशलक्षेम

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मंडी जिले के बिलासपुर-मंडी हाइवे पर सोमवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। बिलासपुर से मंडी जा रही एक निजी बस दुर्घटना का शिकार हो गई है। घटना में बस में बैठे 17 लोग घायल हो गए हैं। वहीं घायलों को प्रारंभिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर ले जाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर एक निजी बस प्रियंका ट्रैवल्स नंबर एचपी-65-ए-0256 अपने निर्धारित रूट पर बिलासपुर से मंडी आ रही थी। इसी दौरान जैसे ही बस भवाणा चौक के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क के साइड में लुढ़ते हुए पलट गई। इस कारण बस में बैठे 17 लोग घायल हो गए। इसमें से 16 सवारियों का इलाज अस्पताल में जारी है और बस चालक को प्रारंभिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया है।

बस दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके से घायल लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर लाया गया। जहां घायलों का इलाज जारी है। विधायक राकेश जम्वाल भी घायलों का कुशलक्षेम जानने के लिए सिविल अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने घटना में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।



बिलासपुर से मंडी आ रही प्राइवेट बस, जो भवाणा चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



सुंदरनगर अस्पताल में घायलों का कुशलक्षेम जानने पहुंचे विधायक राकेश जम्वाल।

### एसडीएम अमर नेगी भी दुर्घटना स्थल पर पहुंचे

एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि बिलासपुर से मंडी की ओर आ रही एक निजी बस जड़ोल के भवाणा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस घटना में घायल 16 लोगों का उपचार सिविल अस्पताल सुंदरनगर में जारी है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और प्रशासन द्वारा जिले के सभी लोगों से मानसून का मौसम होने के कारण एहतियात बरतने की अपील की गई है।

### बल्ह के किसानों को सिंचाई के लिए फ्री में मिलेंगी पाइपें

**अनंत ज्ञान, हटगढ़।** बल्ह वैली मीडियम इरिगेशन प्रोजेक्ट सब डिवीजन, सुंदरनगर द्वारा जोन नंबर-4 और 8 के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से निःशुल्क पानी की पाइपें वितरित की जा रही हैं। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को अपनी जमीन की नकल तथा आधार कार्ड की फोटोकॉपी बीएसएल परियोजना के कंट्रोल गेट के समीप स्थित बल्ह वैली सिंचाई परियोजना कार्यालय में जमा करवानी होगी। जूनियर इंजीनियर विशाल चौहान ने बताया कि क्षेत्र के किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की भूमि पर जैन कंपनी द्वारा हाइड्रेंट लगाए गए हैं, वे इस सिंचाई योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पात्र किसानों से आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## काली पट्टियां बांधकर सड़कों पर उतरे मंडी कॉलेज के लेक्चरर

### प्रदेश सरकार से पदोन्नति, डीए और एरियर जारी करने की मांग



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के राज्यव्यापी आह्वान पर सोमवार को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में प्राध्यापकों ने गेट मीटिंग आयोजित कर अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने काली पट्टियां बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया और सरकार से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग उठाई। गेट मीटिंग के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार के समक्ष कई बार मांगें उठाए जाने के बावजूद आज तक महाविद्यालय प्राध्यापकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इसके अलावा विभागीय पदोन्नति के सभी मार्ग भी लंबे समय से लंबित हैं, जिससे शिक्षकों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक पात्र प्राध्यापक को नियुक्ति तिथि से अर्हक सेवा की गणना करते हुए पदोन्नति का लाभ दिया जाए तथा लंबित महंगाई भत्ता (डीए) और सभी बकाया एरियर का शीघ्र भुगतान किया जाए। प्राध्यापकों ने कहा कि उनकी मांगें केवल कर्मचारियों के हितों से जुड़ी नहीं हैं, बल्कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों के मनोबल और संस्थागत विकास से भी सीधे तौर पर संबंधित हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार से इन न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। प्रदर्शन के समापन पर प्राध्यापकों ने लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया और सरकार से वार्ता के माध्यम से मांगों का शीघ्र समाधान करने की अपील की।

## भराड़ी में सीमेंट डंप करने से जनता बेहाल

**अनंत ज्ञान, जंगमबाग।** विकास खंड धनोटू के ग्राम पंचायत चांबी के अंतर्गत भराड़ी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट डंप के कारण गांववासियों का जीवन बेहाल हो रहा है। इस संबंध में कुछ दिन पहले एसडीएम को शिकायत पत्र दिया गया था। लोगों की शिकायत है कि जब सड़क में ट्रक चलाते हैं तो उनसे अत्यधिक धूल निकलती है वह प्रेशर हॉर्न का भी प्रयोग किया जाता है जिसके कारण मरीजोंह व बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही में ट्रकों की आवाजाही के कारण सड़क में जाम की स्थिति भी लग जाती है। ग्रामीण सड़क होने के कारण बड़े ट्रक चलने के कारण उस पर गड्ढे पड रहे हैं। गांव वासियों का कहना है कि उक्त स्टोर डंप के पास किसी भी प्रकार की कोई एनओसी नहीं है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों नें आरोप लगाया कि ट्रकों के ड्राइवर रात को गाली-गलौज करते हैं तथा सड़क पर खड़े होकर पेशाब भी करते हैं।इन सभी समस्याओं के निवारण हेतु एसडीएम महोदय 6 तारीख को मौके पर आए और सभी की समस्याओं को ध्यान से सुना व दोनों पक्षों के बयान लिए गए। अल्ट्राटेक सीमेंट स्टोर के मालिक और अन्य स्टेकहोल्डर को लोगों की समस्याओं का निवारण करने के लिए कहा गया। उन्हें कहा गया कि रात के समय कोई भी ट्रक नहीं चलेगा व स्कूल के छुट्टी व सुबह स्कूल के समय पर ट्रक न चलें, लेकिन स्थानीय निवासी इससे संतुष्ट नहीं है, उनका कहना है कि अगर 15 तारीख तक इस समस्या का हल नहीं निकला तो 16 तारीख को सड़क पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## मूसलाधार बारिश से नाले-खड्डें उफान पर, जलमग्न हुईं सड़कें



महादेव में हुई मूसलाधार बारिश से सड़क में हुआ जलभराव।

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सोमवार को सुबह ही मौसम ने करवट बदली और उमड़ते-घुमड़ते काले बादल झमाझम बरसे यानी घंटों मूसलाधार बारिश होने से जहां नाले और खड्डें उफान पर आ गए, जिससे जन जीवन बड़ा ही प्रभावित हुआ, वहीं इस मूसलाधार बारिश ने संबंधित विभाग की कार्यशैली की पोल खोलते हुए लोक निर्माण विभाग धनोटू का परिसर एवं सटी सड़क पानी में डूबो दी जहां घुटनों पानी भर गया। इसके साथ ही नाचन विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के संपर्क मार्ग गांव जरल पानी में डूबे रहे, क्योंकि गहरे गड्ढों में तब्दील इन मार्गों में आसपास के खेतों का मटमैला पानी बहता-जमा होता रहा यही नहीं धनोटू -बग्गी नहर किनारे का मार्ग में निकाली गई सभी नालियों का पानी भर गया। आसपास की नालियों का पानी भर गया, जो किसी जल प्रलय से कम नहीं लग रहा था। ऐसी स्थिति में खासकर टू व्हीलर-आटोरिक्शा चालकों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी साथ ही पदयात्रियों को भारी कठिनाई से जूझना पड़ा। रुक -रुककर हो रही बरसात का पानी धान की खेती के लिए तो सोने पे सुहागा बताया जा रहा है, मगर टमाटर की फसल के लिए यह भारी बारिश नुकसानदेह बताई जा रही है। बहरहाल गर्मी से राहत ही राहत है।

## संधोल अस्पताल आंदोलन: 9वें दिन निकाली रैली

### आंदोलनकारियों ने तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन सोमवार को नौवें दिन में प्रवेश कर गया। क्षेत्रभर से उमड़े हजारों लोगों ने मूसलाधार बारिश के बीच संधोल से तहसील कार्यालय तक विशाल रैली निकाली और तहसीलदार प्रिंस धीमान के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए मांगों को पूरा करने के लिए छह दिन का समय दिया। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 13 जुलाई से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। सुबह से ही भारी बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। करीब 20 महिला मंडलों की सदस्याओं ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और विभिन्न पंचायतों के सैंकड़ों लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए तहसील पहुंचे। ज्ञापन सौंपने के बाद आंदोलनकारी बड़ी संख्या में नागरिक अस्पताल संधोल पहुंचे, जहां उन्होंने बीएमओ का घेराव कर अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अपनी नाराजगी जताई। आंदोलनकारियों ने बीएमओ धर्मपाल से सवाल किया कि धरना स्थल अस्पताल से महज कुछ कदमों की दूरी पर होने के बावजूद वे आंदोलनकारियों से मिलने या उनकी समस्याएं जानने के लिए अब तक क्यों नहीं पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीएमओ को ज्ञापन की प्रतिलिपि भी सौंपी।

#### आंदोलन को भूपेंद्र सिंह ने दिया समर्थन




**सरकाघाट।** संधोल आंदोलन को पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह और मज़दूर यूनियन के अध्यक्ष करतार सिंह चौहान और लुददर सिंह किसान सभा के प्रकाश सकलानी, मेहर सिंह और मनोज़ पठानिया ने अनशन स्थल पर जाकर अपना समर्थन दिया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संधोल की जनता लंबे अरसे से स्वास्थ्य सेवाओं के न होने से दिक़्क़तों का सामना कर रहे हैं और इनके लिए वर्ष 2023 में भी महिलाओं ने आंदोलन किया था और उस समय विधायक चंद्रशेखर ने 100 दिनों में गायनी डॉक्टर और सभी टेस्टों की सुविधाएं मुहैया कराने का वादा किया था लेकिन 430 दिन गुज़र जाने के बाद भी जब डॉक्टर और टेस्टों की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो फ़िर से जनता आंदोलन कर रही हैं जिसका नेतृत्व युवा औरमहिलाएं कर रही है।

## पाटिल और विनय कुमार के नेतृत्व में हिमाचल कांग्रेस एकजुट: यदोपती

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल कांग्रेस पार्टी के महासचिव यदोपती ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की दो दिवसीय आम सभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल के मार्गदर्शन और संबोधन से पार्टी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों में नया जोश पैदा हुआ है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने तथा जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। यदोपती ठाकुर ने बताया कि बैठक के बाद प्रदेशभर से आए ब्लॉक अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि इस आम सभा ने संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों की स्पष्ट रूपरेखा तय की है। द्वन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों के खिलाफ प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण एवं जनआंदोलन अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर धरना-प्रदर्शन, जनसभाएं, पदयात्राएं और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि केंद्र सरकार की नीतियों की वास्तविकता जनता तक पहुंचाई जा सके।



## दयोरी स्कूल के नए भवन का उद्घाटन रद्द होने पर भड़के विधायक पूर्ण चंद

### बोले-बच्चों के भविष्य और क्षेत्र के विकास से किया जा रहा खिलवाड़

अनंत ज्ञान

**पधर।** द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने दयोरी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन के उद्घाटन समारोह को अंतिम समय पर रद्द किए जाने पर प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। पधर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि दयोरी पंचायत की जनता ने उद्घाटन समारोह के लिए धाम सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं, लेकिन कार्यक्रम अचानक स्थगित कर दिए जाने से लोगों में भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की आपदा में विद्यालय भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। करीब तीन माह पहले नया भवन बनकर तैयार हो चुका है और बरसात से पहले इसे विद्यार्थियों और क्षेत्र की जनता को समर्पित किया जाना था। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर रविवार को दयोरी पहुंचे थे, लेकिन सरकारी आदेश के बावजूद उद्घाटन समारोह टाल दिया गया और उद्घाटन पट्टिका भी हटा दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही प्रदेश सरकार का तथाकथित व्यवस्था परिवर्तन है। पूर्ण चंद ठाकुर ने आरोप लगाया कि उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण तक नहीं दिया गया, जबकि मुख्यमंत्री स्वयं विधानसभा में सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक को शामिल करने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को अपनी कार्यप्रणाली स्पष्ट करनी चाहिए और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचना चाहिए। उनके अनुसार सरकार स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।



पधर में पत्रकार वार्ता में सरकार को घेरते द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर।

## खेलो इंडिया राजपुरा बना कबड्डी चैंपियन

### खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ हाटेश्वरी माता मेला संपन्न

अनंत ज्ञान

**बग्गी।** जिला मंडी की प्रसिद्ध शक्तिपीठ हाटेश्वरी माता मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय हाटेश्वरी माता मेले का रविवार को खेल प्रतियोगिताओं के साथ भव्य समापन हो गया। समापन समारोह में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें सहेजकर रखना हम सभी का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि हाटेश्वरी माता मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचते हैं और मेले का भरपूर आनंद भी लेते हैं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। आयोजक सदस्य राजकुमार ने कहा कि इस वर्ष विभिन्न स्थानों से 12 टीमों नें भाग लिया। कबड्डी में खेलो इंडिया राजपुरा व कोहिनूर अकादमी की टीम के बिच कड़ा मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबला रात साढ़े 9 बजे तक चलता रहा। मुकाबले में खेलो इंडिया राजपुरा की टीम ने 36-14 के अंतराल से जीत हासिल की। मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल ने विजेता टीम को 31 हजार व गुर्ज प्रदान कर सम्मानित किया, जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार और गुर्ज देकर सम्मानित किया। इसी बिच समाज सेवी विक्की गुमरा नें खिलाड़ियों के कडे मुकाबले और अच्छा प्रदर्शन को देखर विजेता टीम को अपनी और से नगद 10 हजार प्रदान किए। मेले के समापन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों नें खिलाड़ियों, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



कबड्डी चैंपियन टीम को नकद राशि और गुर्ज देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**विस्थापन** देश को मिली 990 मेगावाट बिजली, पर सैकड़ों परिवारों का आज भी नहीं हुआ पुनर्वास

## 49 साल बाद भी न्याय की आस में पंडोह डैम के विस्थापित

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**बालक राम, पंडोह।** वर्ष 1977 में स्थापित पंडोह जलविद्युत परियोजना ने देश को 990 मेगावाट बिजली उत्पादन की सौगात दी। करीब पांच दशक से यह परियोजना देश के ऊर्जा विकास और सिंचाई व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से इस परियोजना से देश को करोड़ों रुपये का आर्थिक लाभ मिल रहा है। इसके बावजूद परियोजना के लिए अपनी उपजाऊ पुश्तैनी जमीन, घर और रोजगार गंवाने वाले अनेक परिवार आज भी पुनर्वास, पुनर्स्थापन और मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विस्थापितों के अनुसार पंडोह डैम के निर्माण के दौरान लगभग 450 परिवार प्रभावित हुए थे। इनमें से करीब 150 परिवार आज भी स्थायी पुनर्वास, कृषि भूमि और रोजगार से वंचित हैं। विस्थापित केशव राम, देवी राम, लखु राम, गोपाल दास, राजू, रूप लाल, परस राम, गूर सिंह, देवी सिंह, बालकू, भूप सिंह, रत्न चंद, चमन लाल, हेमराज, लाल सिंह, हरि सिंह शर्मा, नागणु राम, लक्ष्मी, जानकी, कला देवी, नंद लाल सहित अन्य प्रभावित परिवारों का कहना है कि वे वर्षों से भूमिहीन होकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं। कई परिवारों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। विस्थापितों का आरोप है कि पुनर्वास की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। डैम कैचमेंट एरिया डेवलपमेंट फंड का लाभ भी प्रभावित क्षेत्र और विस्थापित परिवारों तक नहीं पहुंचा। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव आज भी बना हुआ है। बीबीएमबी द्वारा संचालित दोनों सरकारी स्कूल बंद किए जा चुके हैं, जबकि स्वास्थ्य केंद्र भी बदहाल स्थिति में है।

### हमें जमीन दो, सब्र का बांध कभी भी टूट सकता है : बीआर भाटिया

पंडोह डैम विस्थापित कल्याण समिति के संस्थापक प्रधान बीआर. भाटिया का कहना है कि परियोजना स्थापना दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवसर पर अधिकारियों के कार्यक्रम तो आयोजित होते हैं, लेकिन डैम निर्माण में बलिदान देने वाले परिवारों और विस्थापितों को कभी सम्मानपूर्वक नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा, 'हमें हमारी जमीन दो। हमारी सब्र का बांध कभी भी टूट सकता है।' उनका आरोप है कि प्रदेश के विभिन्न मुख्यमंत्रियों ने समय-समय पर भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

#### विकास के साथ सामाजिक न्याय भी आवश्यक



**विशेषज्ञों** का मानना है कि किसी भी विकास परियोजना की सफलता तभी मानी जा सकती है, जब उससे प्रभावित लोगों का सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित हो। टिहरी, सरदार सरोवर और भाखड़ा जैसी बड़ी परियोजनाओं में भी विस्थापन और पुनर्वास के मुद्दे लंबे समय तक चर्चा का विषय रहे हैं। इन अनुभवों से स्पष्ट होता है कि विकास के साथ सामाजिक न्याय भी उतना ही आवश्यक है।

#### क्या चाहते हैं विस्थापित?

**विस्थापित** परिवारों का कहना है कि विस्थापन केवल जमीन खोने का मामला नहीं, बल्कि पीढ़ियों के भविष्य, पहचान और सम्मान से जुड़ा प्रश्न है। विकास तभी सार्थक होगा, जब उसके लाभ में उन लोगों की भी बराबर भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिन्होंने इसके लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया।

# ओपिनियन



**जो** भारी कोलाहल में भी संगीत को सुन सकता है, वह महान उपलब्धि को प्राप्त करता है।

–डॉ. विक्रम साराभाई

## संपादकीय

# चुनावी समर की आहट

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव भले ही अभी करीब एक वर्ष दूर हों, लेकिन सत्ता और संगठन की बिसात पर चालें अभी से चलनी शुरू हो गई हैं। प्रदेश की दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस और भाजपा–ने चुनावी मोर्चे पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। चुनावी रणनीति, संगठनात्मक पुनर्गठन, कार्यकर्ताओं की लामबंदी और जनसंपर्क अभियानों के जरिए दोनों दल राजनीतिक बढ़त हासिल करने की जुगत में जुट गए हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि इस बार कोई भी दल चुनावी समर में किसी प्रकार की चूक का जोखिम नहीं उठाना चाहता। सबसे पहले कांग्रेस ने चुनावी तैयारियों का बिगुल फूंका। शिमला में आयोजित दो दिवसीय मंथन शिविर में पार्टी ने न केवल आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की, बल्कि बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का खाका भी तैयार किया। इसके तुरंत बाद भाजपा ने भी अपनी महत्वपूर्ण बैठकों की घोषणा कर दी, जिनमें संगठनात्मक मजबूती, राजनीतिक परिस्थितियों और चुनावी रणनीति पर व्यापक विचार–विमर्श होगा। यह प्रतिस्पर्धा बताती है कि प्रदेश की राजनीति अब चुनावी मोड में प्रवेश कर चुकी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लगातार यह दावा कर रहे हैं कि भाजपा के कई विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं और आने वाले समय में राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। यह बयान केवल एक दावा नहीं, अपितु भाजपा के भीतर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की राजनीतिक रणनीति भी माना जा रहा है। दूसरी ओर भाजपा इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कांग्रेस सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली को जनता के बीच मुद्दा बनाने में जुटी है। राजनीति में दावे और प्रतिदावे सामान्य बात हैं, लेकिन इनकी वास्तविकता का फैसला अंततः जनता ही करती है।

हिमाचल की राजनीति का एक दिलचस्प पहलू सत्ता परिवर्तन की परंपरा रही है। पिछले कई दशकों से प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा बारी–बारी से सत्ता में आती रही हैं। इसी परंपरा के आधार पर भाजपा को विश्वास है कि इस बार सत्ता परिवर्तन स्वाभाविक होगा, लेकिन लोकतंत्र केवल राजनीतिक परंपराओं से नहीं चलता। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव ने यह मिथक तोड़ दिया था कि संसाधनों और केंद्रीय नेतृत्व की लोकप्रियता मात्र से चुनाव जीता जा सकता है। उस समय भाजपा को सत्ता में वापसी का पूरा भरोसा था, लेकिन आंतरिक गुटबाजी, स्थानीय मुद्दों की उपेक्षा और कांग्रेस के प्रभावी चुनावी प्रबंधन ने पूरा राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया।

कांग्रेस ने पिछला चुनाव पुरानी पेंशन योजना सहित कई बड़े लोक–लुभावन वादों के दम पर लड़ा था। कर्मचारियों और आम मतदाताओं के बीच इन घोषणाओं का व्यापक प्रभाव पड़ा और कांग्रेस सत्ता तक पहुंचने में सफल रही। अब कांग्रेस का दावा है कि उसने अपने अधिकांश चुनावी वादे पूरे कर दिए हैं तथा शेष वादों को भी चुनाव से पहले पूरा कर दिया जाएगा। यही विश्वास पार्टी को अपनी सरकार की पुनरावृत्ति की उम्मीद दे रहा है। कांग्रेस इस बार केवल सरकार के कामकाज पर निर्भर नहीं रहना चाहती। उसे यह अहसास हो चुका है कि मजबूत संगठन के बिना चुनावी विजय संभव नहीं है। यही कारण है कि पार्टी ने 'कनेक्ट सेंटर' स्थापित करने के साथ–साथ महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, अनुसूचित जाति विभाग और अल्पसंख्यक विभाग सहित सभी अग्रणी संगठनों को सक्रिय कर दिया है। कांग्रेस सेवादल द्वारा प्रस्तावित 'हिमाचल विकास संदेश यात्रा' भी इसी व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है।

प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर युवा कार्यकर्ताओं को चुनावी प्रबंधन और जनसंपर्क का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस अब चुनाव को केवल प्रचार का नहीं, बल्कि संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा मान रही है। दूसरी ओर भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासित और मजबूत संगठन है। बूथ प्रबंधन से लेकर चुनावी रणनीति तक भाजपा की कार्यशैली लंबे समय से उसकी राजनीतिक शक्ति रही है, लेकिन इस समय पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती संगठन नहीं, बल्कि नेतृत्व को लेकर उभरती महत्वाकांक्षाएं हैं। मुख्यमंत्री पद के कई संभावित चेहरे राजनीतिक रूप से सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में नेताओं की बढ़ती सक्रियता और समर्थकों द्वारा सार्वजनिक मंचों पर मुख्यमंत्री के पक्ष में नारेबाजी यह संकेत देती है कि यदि समय रहते पार्टी ने इन अंतर्विरोधों को नियंत्रित नहीं किया, तो विपक्ष इसे बड़ा राजनीतिक हथियार बना सकता है। हालांकि चुनाव केवल संगठन और नारों से नहीं जीते जाते। हिमाचल का मतदाता हमेशा राजनीतिक रूप से जागरूक और संतुलित निर्णय लेने वाला माना गया है। रोजगार, महंगाई, कर्मचारियों के हित, किसानों की समस्याएं, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, आपदा प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन जैसे मुद्दे चुनाव की दिशा तय करेंगे।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय क्रिकेट के सफलतम कप्तान

**महेंद्र सिंह धोनी** का जन्म 7 जुलाई 1981 को रांची (वर्तमान झारखंड) में हुआ। वे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, विकेटकीपर और दाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज हैं। अपनी शांत सोच, सूझबूझ भरी कप्तानी और दबाव में सही निर्णय लेने की क्षमता के कारण उन्हें विश्व क्रिकेट के महानतम कप्तानों में गिना जाता है। शुरुआती दिनों में वे फुटबॉल के गोलकीपर थे, लेकिन कोच की सलाह पर क्रिकेट अपनाया और अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय टीम तक पहुंचे।



महेंद्र सिंह धोनी
जन्म : 7 जुलाई, 1981

धोनी ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद 2004 में भारतीय टीम में पदार्पण किया। 2005 में पाकिस्तान के विरुद्ध 148 और श्रीलंका के खिलाफ 183 रनों की यादगार पारियों ने उन्हें विश्वस्तरीय बल्लेबाज बना दिया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और मैच को छक्का लगाकर समाप्त करने की शैली ने उन्हें करोड़ों प्रशंसकों का प्रिय बना दिया।

कप्तान के रूप में धोनी ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी अगुवाई में भारत ने 2007 का टी–20 विश्व कप, 2011 का एकदिवसीय विश्व कप और 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी जीती। साथ ही भारत टेस्ट और वनडे रैंकिंग में भी नंबर एक बना। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को कई बार चैंपियन बनाया। धोनी ने 2010 में साक्षी सिंह रावत से विवाह किया। आलोचनाओं के बावजूद उन्होंने हमेशा अपने प्रदर्शन से जवाब दिया। उन्हें राजीव गांधी खेल रत्न, पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।



कविता

## बरसात आने की प्रसन्नता

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक

**ये** काली घटाएं जब गगन में मुस्कुराती हैं,
सूखी धरती के होंठों पे हरियाली छाती है।
रिमझिम बूंदों का मधुर स्वर सुनाई देता है,
मन का हर कोना खुशियों से भर जाता है।
धूप से व्याकुल जीवन को राहत मिलती है,
मिट्टी की सोंधी–सोंधी 'खुशबू' दिल छूती है।
पेड़–पौधे नया जीवन पाकर झूमते उठते हैं,
नदियां, तालाब व झरने गुनगुनाने लगते हैं।
बच्चे कागज की नावें लेके निकल पड़ते हैं,
बारिश की बूंदों संग 'मोती' भी बिखरते हैं।
छाता थामे हर चेहरा मुस्कान से खिलता है,
सावन का सुहाना मौसम मन को भाता है।
बारिश सिर्फ पानी नहीं, खुशियों का संदेश,
प्रकृति का अनुपम उपहार जीवन हैं विशेष।
जब–जब सावन की फुहारें धरती पे आती हैं,
हर दिल में नई उमंग संग प्रसन्नता जगाती हैं।

# भारत की एकता और प्रगति को समर्पित जीवन

छह जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष रहा। इस दिन हमने हर साल की भांति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्‌भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं।




नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख–सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी, लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया, लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। इतिहास में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का सर्वोच्च बलिदान राजनीति से ऊपर उठकर देश की स्मृति का हिस्सा बन जाता है।

डॉ. मुखर्जी का बलिदान भी ऐसा ही था। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 (A) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी।

डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके लिए उन्होंने मजबूत संस्थानों का निर्माण किया और



ऐसी व्यवस्थाएं बनाईं, जो उस समय की सोच से काफी आगे थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे। शिक्षाविदों के एक सम्मेलन में डॉ. मुखर्जी ने कहा था, 'शिक्षण संस्थानों को केवल बाबू या कम वेतन वाले कर्मचारी तैयार करने की फैक्ट्री समझना गलत है। हमें विद्यार्थियों को ऐसे तैयार करना होगा ताकि वे नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। हमारी स्वशासी संस्थाओं जैसे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन्स, प्रांतीय और केंद्रीय विधायिकाओं में बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो सकें। इसके साथ ही वे वित्त, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें।''

कलकत्ता विश्वविद्यालय में अपने नेतृत्व में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें लाइब्रेरी की सुविधाओं में सुधार, विज्ञान में रिसर्च को बढ़ावा देना, ऐतिहासिक वस्तुओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि से जुड़े पाठ्य, म शुरू करना शामिल था। उन्होंने खेलकूद, टीचर्स ट्रेनिंग और स्टूडेंट वेलफेयर जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया। विद्यार्थियों में अपनी यूनिवर्सिटी के प्रति गर्व की भावना विकसित हो, इसके लिए उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया था।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उस समय कांग्रेस का वर्चस्व था, लेकिन उन्होंने देश को एक ऐसे वैचारिक विकल्प की आवश्यकता महसूस की जो विकास के साथ भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ा हो। इसी सोच के प्रतीक के रूप में जनसंघ का चुनाव चिन्ह 'दीपक' रखा गया, जो आशा, प्रकाश और परिवर्तन का संदेश देता है। स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने आधुनिक औद्योगिक भारत की मजबूत नींव रखी।

दामोदर वैली कॉरपोरेशन, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और औद्योगिक नीति जैसी ऐतिहासिक पहलों के साथ उन्होंने हथकरघा, कुटीर उद्योग और कारीगरों के विकास को भी समान महत्व दिया। डॉ. मुखर्जी लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक थे। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर मतभेद होने पर उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने प्रथम संविधान संशोधन का विरोध किया और लोकतंत्र पर होने वाले आघातों के प्रति समय रहते चेताया।

वे संवेदनशील समाजसेवी भी थे। 1943 के बंगाल अकाल और 1942 के मेदिनीपुर चक्रवात के दौरान उन्होंने राहत कार्यों का नेतृत्व किया तथा पीड़ितों की सेवा में स्वयं को समर्पित कर दिया। युवाओं को उन्होंने ईमानदारी, परिश्रम और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उनका जीवन राष्ट्रनिर्माण, सेवा, सिद्धांतनिष्ठा और नेतृत्व का प्रेरणादायक उदाहरण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधुनिकता की दौड़ में बदलते परिवेश में रोजगार की भूमिका

आधुनिकता की दौड़ में बदलते भारत की तस्वीर क्या नए उद्देश्यों एवं सीमाओं में बंधे सामाजिक सरोकार के बदलाव को भी नया रूप देने में सक्षम हो रही है या फिर नए उद्देश्यों व बदलाव की दौड़ में सामाजिक सामंजस्य पर ऐसा क्या असर डाल रही है जिसके कारण नैतिक मूल्यों पर तीव्रता से परिवर्तन की तस्वीर देखी जा रही हो।



आनंद स्वरूप धीमान
सेवानिवृत्त कोषाधिकारी
पंचरुखी, जिला कांगड़ा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

असल में परिवर्तन जो कि स्थिरता के नए आयाम स्थापित करने में इतना सक्षम प्रतीत नहीं हो रहा है जितना कि परिवर्तन की बात के उछाल या उसके उबाल का आभास करवाया जा रहा है । आज के दौर में परिवर्तन शब्द तब ही अच्छा लगेगा जब युवा पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के सृजन का अपनी शिक्षा अनुसार अवसर दिया जाएगा ताकि उन्हें अपनी शिक्षा अनुसार लगे कि जो वो रोजी–रोटी कमा रहे हैं वह उनकी शिक्षा का ही प्रतिफल है । साथ ही उन्हें लगे कि वह इसके लिए ज्यादा परेशान नहीं हो रहे हैं। इसका उत्तर निश्चित रूप से हर किसी को कई बार सोचने पर यह मजबूर कर देता है कि क्या असल में परिवर्तन हो भी रहा है या फिर यह ड्रामा ही दिखाया जा रहा है जोकि स्टेज पर तो देखने को अच्छा लगता है , परंतु जब उसको वास्तविक जीवन शैली में ढाला जाता है तो ढकोसला ही प्रतीत होने लगता है ।

ऐसे जीवन मूल्यों के ऊपर तीव्र गति से होने वाला बदलाव जिसके कारण हमारा देश अपने वजूद को पूरे विश्व में स्थापित करने की पहल व अच्छी कोशिश कर रहा है ताकि हमारा देश दुनियाभर में एक अच्छी पहचान बना सके । इसके लिए युवा पीढ़ी के वास्ते रोजगार का सृजन सर्वोपरि है । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विदेश नीति भी जनसंख्या के




हिसाब से ज्यादा से ज्यादा नौकरी एवं रोजगार के अवसर पैदा करने के अनुरूप ही बने ताकि कुछ अतिरिक्त बदलाव किया जा सके, जिसका असर हमारे सामाजिक जीवन पर भी देखा जा सके।

ऐसे आधुनिक भारत की तस्वीर जीवन के हर क्षेत्र में देखने को मिलनी चाहिए। चाहे वह खेल जगत का क्षेत्र हो या फिर नैतिक तालमेल हो या फिर सामाजिक सभ्यता एवं संस्कृति का अनूठा तालमेल हो, जिसके कारण हर कार्य क्षेत्र में जिसका अलग किस्म का प्रभाव दिखाई दे जो कि आने वाली पीढ़ियों को एक आईना दिखाने का काम करे।

कई बार देखने से ऐसा प्रतीत होने लगता है कि भारत में आधुनिकता का परिवेश अब विश्व पटल पर जो देखने को मिलता है, जिस तरह हमारा देश हमेशा अपनी संस्कृति और सभ्यता की उदारता के लिए हमेशा अग्रणी रहा है। इस तरह परिवर्तन के चलते कुछ अपने मौलिक सरोकारों एवं सामाजिक मूल्यों का नवीनीकरण करना पड़ेगा और इसके अतिरिक्त कुछ नए आयाम स्थापित करने पड़ेंगे जिससे कि यह साबित हो सके कि आधुनिकता की दौड़ में प्रतिभागी बने भारत का वर्चस्व कायम रखा जा सके।

हमेशा हमारी विदेश नीति की वजह से ही जो कि वैश्विक बदलाव का कारण होती है उसके मूल्यों का हनन न होने दिया जाए ताकि पूरी दुनिया में यह संदेश मिल सके कि अब भारत विकास की भूमिका में अपने आप को सर्वोपरि स्थान बनाने में कामयाब हो रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति का दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। इसके तहत किसी भी नियम के उल्लंघन या गलत व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाता, परंतु रोजगार गारंटी के बिना विकास की इबारत को लिख पाना भी इतना संभव नहीं है। रोजगार ही विकास का दूसरा नाम है जिसके कारण ही भारत को विश्व पटल पर अपनी गाथा लिखनी होगी ताकि आधुनिक भारत के सपने को साकार किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश में सिकुड़ते जंगल पर्यवरण के लिए बेहद घातक

वर्तमान समय में पर्यवरण प्रदूषण पूरे विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना है। जमीन, जल एवं वायुमंडल में प्रदूषण फैल जाने से सृष्टि के सभी प्राणधारी अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत हैं। धरती का तापमान बढ़ जाने से हजारों साल पुराने हिमखंड पिघल रहे हैं।



रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बिगड़ते पर्यवरण संतुलन के कारण असंख्य प्राकृतिक जलस्त्रोत लुप्त हो रहे हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यवरण गड़बड़ाने का सबसे बड़ा कारण प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ है। दिनोंदिन बढ़ते प्रदूषण व सिकुड़ते जंगलों के कारण पृथ्वी पर अनहोनी घटनाएं हो रही हैं। जगह–जगह बादल फट रहे हैं तथा बड़ी मात्रा में भूस्खलन हो रहा है। पहाड़ खिसकने से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सैंकड़ों जिंदगियां सदा के लिए धरती में समा गई हैं। हजारों लोगों की जिंदगीभर की कमाई मिट्टी में मिल गई है। मौसम का ज्यादातर प्रभाव जंगलों पर ही निर्भर करता है। जंगलों से वातावरण में नमी बनी रहती है तथा तापमान सामान्य रहता है। इससे शुष्क मौसम में होने वाली बीमारियों से भी राहत मिलती है। बारिश के लिए जंगलों की अहम भूमिका रहती है।

जंगली जानवरों व पक्षियों का जीवन पूरी तरह जंगलों पर ही निर्भर है। यही नहीं, जंगलों में औषधीय जड़ी–बूटियां भी पैदा होती हैं। प्रायः गर्मियों के मौसम में जंगलों का आग से भारी नुकसान होता है। इसके साथ ही वनकटुए जंगलों के अस्तित्व को ही मिटाने पर तुले हैं। हर वर्ष गर्मियों के मौसम शुरू होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगती है। आग से इतना अधिक नुकसान होता है कि उसकी भरपाई नहीं हो पाती है। हालांकि सरकार का वन विभाग हर वर्ष जंगलों को आगजनी घटनाओं की रोकथाम के लिए अनेक प्रभावशाली योजनाएं बनाता है तथा इसके लिए सरकार की ओर से पर्याप्त बजट भी उपलब्ध होता है। फिर भी ऐसी घटनाएं



बेरोक–टोक घटती रही हैं। आग के धुएं से पर्यवरण के साथ ही वायुमंडल भी प्रदूषित हो रहा है। पर्यवरण संरक्षण की दुहाई देने वाले जितनी सुर्खियां बटोर रहे हैं। जमीनी स्तर पर वैसी स्थिति नहीं है। आज के युग में सबसे बड़ी चिंता पर्यवरण को संतुलित करने की है। इसके लिए जन सहयोग की भागीदारी नितांत आवश्यक है। पेड़ लगाने की दुहाई तो सब देते फिर रहे हैं। हर वर्ष बरसात के दिनों में बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जाते हैं। सरकार लाखों रुपए खर्च करके हर साल वन मोहत्सव मनाती है। इसके अलावा अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं भी बड़ी धूमधाम से वन महोत्सव मनाती हैं। यह भी दुहाई दी जाती है कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ लगाए, लेकिन अगले वर्ष कितने पेड़ जिंदा रहते हैं। इसका किसी के पास कोई हिसाब नहीं होता और न ही किसी को इसकी चिंता है।

सिकुड़ते जंगल पर्यावरण और मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा हैं। गर्मियों में सूखी पत्तियां, घास–फूस और झाड़ियां छोटी–सी चिंगारी से आग पकड़ लेती हैं, जिससे जंगलों के साथ–साथ आसपास के घर और करोड़ों की वन संपदा भी नष्ट हो जाती है। आग की अधिकांश घटनाएं मानवीय लापरवाही, जैसे जलती बीड़ी–सिगरेट फेंकने, घास जलाने और खेतों की सफाई के दौरान लगाई गई आग के कारण होती हैं।जंगलों के घटने से जंगली जानवर भोजन और आश्रय की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आने लगे हैं, जिससे मानव–वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है। वन कटाई, अवैध शिकार और आग के कारण अनेक दुर्लभ पशु–पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई हैं।

गर्मियों में कई जानवरों के बच्चे और पक्षियों के अंडे आग की चपेट में आकर नष्ट हो जाते हैं, क्योंकि वे अपना बचाव नहीं कर पाते। चीड़ की सूखी पत्तियां आग को तेजी से फैलाती हैं, जिससे बड़े–बड़े वृक्ष भी जलकर सूख जाते हैं। ऐसे पेड़ बाद में गिरकर अतिरिक्त खतरा पैदा करते हैं। इसलिए केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। जंगलों को आग, अवैध कटाई और मानवीय लापरवाही से बचाने के लिए जनजागरूकता, सख्त निगरानी और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। तभी वन, वन्यजीव और पर्यावरण का संरक्षण संभव हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एक भारत श्रेष्ठ भारत : सांस्कृतिक एकता-राष्ट्रीय अखंडता का सशक्त अभियान

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है, जिसकी शुरुआत 31 अक्तूबर 2015 को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 140वीं जयंती के अवसर पर की गई। इस अभियान का उद्देश्य भारत की 'विविधता में एकता' की भावना को और मजबूत करना तथा विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक, भाषाई, सामाजिक और शैक्षिक संबंधों को प्रोत्साहित करना है। यह पहल देशवासियों को एक–दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली से परिचित कराकर राष्ट्रीय एकता और भावनात्मक जुड़ाव को सुदृढ़ बनाती है।



दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस अभियान के अंतर्गत देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों को जोड़ों में जोड़ा जाता है। उदाहरण के लिए गुजरात–छत्तीसगढ़, तमिलनाडु–जम्मू–कश्मीर, हरियाणा–तेलंगाना, उत्तराखंड–कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश–केरल, महाराष्ट्र–ओडिशा तथा उत्तर प्रदेश–अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्य आपसी साझेदारी के माध्यम से एक–दूसरे की कला, संस्कृति, लोकसंगीत, लोकनृत्य, हस्तशिल्प, साहित्य, खान–पान और पारंपरिक विरासत का आदान–प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम में शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया है। स्कूलों और कॉलेजों में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब' स्थापित किए गए हैं, जहां छात्र वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भाषा आधारित गतिविधियों के माध्यम से दूसरे राज्यों की संस्कृति और परंपराओं को समझते हैं। छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण और विनिमय कार्य, म भी आयोजित किए जाते हैं, जिससे उन्हें देश के विभिन्न क्षेत्रों को नजदीक से जानने का अवसर मिलता है।

भाषाई विविधता को बढ़ावा देना भी इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। भारत




सरकार के 'भाषा संगम' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और नागरिकों को 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं के सामान्य शब्दों और दैनिक उपयोग के वाक्यों को सीखने के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे विभिन्न भाषाओं के प्रति सम्मान और पारस्परिक समझ विकसित होती है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जोड़े गए राज्यों के प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक आयोजनों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाता है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय कला, हस्तशिल्प और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होते हैं। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और भावनात्मक जुड़ाव का सशक्त अभियान है। इसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को एक–दूसरे की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली से परिचित कराना है। यह पहल विशेष रूप से युवाओं में राष्ट्रप्रेम, भाईचारे, पारस्परिक सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करती है। विविध संस्कृतियों के आदान–प्रदान से नागरिकों में आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है, जिससे राष्ट्रीय अखंडता को नई मजबूती मिलती है। विविधता में एकता की भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह अभियान एक ऐसे भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है, जहां विभिन्न भाषाएं, संस्कृतियां और परंपराएं मिलकर एक सशक्त, समृद्ध, समावेशी और श्रेष्ठ राष्ट्र की आधारशिला रखती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## 'मात्सुदा' खूबसूरत ओलंपिक एथलीट

**जापान** की शिनो मात्सुदा महिला सर्फिंग की दुनिया में उभरा हुआ है नाम बन चुकी हैं। सिर्फ सर्फिंग ही नहीं शिनो अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। शिनो सबसे खूबसूरत ओलंपिक एथलीट्स में से एक करार दिया गया है।



# ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

## हार के बाद नेमार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा, नॉर्वे का अगला मुकाबला इंग्लैंड से

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड**

5 बार की चैंपियन ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। नॉर्वे ने सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को 2–1 से हराया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इंग्लिश टीम ने मेजबान मैक्सिको को 3–2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया। उन्होंने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से दोनों गोल एर्लिंग हालैंड ने दागे। 34 साल नेमार ने कहा, "मैंने पूरी कोशिश की। मेरा सफर यहीं से शुरू हुआ था और अब यहीं खत्म हो रहा। ब्राजील के लिए मेरा अध्याय अब खत्म हो चुका है।' उन्होंने 2010 में इसी मैदान (तत्कालीन मेटलाइफ स्टेडियम) पर अमेरिका के खिलाफ ब्राजील के लिए डेब्यू किया था। ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का मौका मिला। वीडियो असिस्ट रीव्यू यानी वीएआर के बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया। नीलैंड ने गेब्रियल मार्टिनेली और विनीसियस जूनियर की कोशिशें नाकाम कीं और पहले हाफ में स्कोर 0–0 बनाए रखा। (अनंत ज्ञान)



हालैंड ने 72वें मिनट में किया पहला गोल

**दूसरे** हाफ में ब्राजील के युवा स्ट्राइकर एंड्रिक ने आसान मौका गंवाया। इसके बाद नॉर्वे ने जवाबी हमला बोला। 72वें मिनट में एंड्रियास श्लेडरुप ने बाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर हालैंड ने जोरदार हेडर लगाकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिलाई। इंजरी टाइम से ठीक पहले हालैंड ने दूसरा गोल करते हुए डिफेंडर डेनिलो के पैरों के बीच से गेंद निकालकर गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह इस टूर्नामेंट में उनका छठा और सातवां गोल रहा। इसके साथ ही वह गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी और किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर पहुंच गए।

### इंग्लैंड लगातार तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में

**फीफा** वर्ल्ड कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड ने मेजबान मैक्सिको को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। दूसरे हाफ में जरेल क्वांसा के रेड कार्ड के बाद इंग्लैंड ने करीब 35 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला, लेकिन बढ़त बरकरार रखी। जूड बेलिंगहैम ने 36वें और 38वें मिनट में लगातार दो गोल कर इंग्लैंड को 2-0 की बढ़त दिलाई। हाफ टाइम से पहले जूलियन क्विनोनेस ने मैक्सिको के लिए एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। 54वें मिनट में क्वांसा को रेड कार्ड मिला। इसके बावजूद 60वें मिनट में हैरी केन ने पेनल्टी पर गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 3-1 कर दी। 69वें मिनट में राउल जिमेनेज ने पेनल्टी पर गोल कर अंतर 3-2 किया, लेकिन मैक्सिको बराबरी नहीं कर सका। क्वांसा वर्ल्ड कप में रेड कार्ड पाने वाले इंग्लैंड के चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले 1986 में रे विल्किंस, 1998 में डेविड बेकहम और 2006 में वेन रूनी को वर्ल्ड कप में रेड कार्ड मिला था। 2006 के बाद यह पहला मौका है जब किसी इंग्लैंड खिलाड़ी को टूर्नामेंट में बाहर भेजा गया। वहीं, मैक्सिको 1986 के बाद आठवीं बार प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया।

# तीसरे टी20 में टीम इंडिया की नजर वापसी पर, प्लेइंग-11 में बदलाव तय



**एजेंसी, नॉटिंघम**

नॉटिंघम में मंगलवार रात इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम अंतिम एकादश में बदलाव कर सकती है। लगातार खराब प्रदर्शन के बाद लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिलने की संभावना है। दूसरे टी20 में बिश्नोई ने चार ओवर में 60 रन दिए और तीन बैक-फुट नो-बॉल फेंकी, जिससे उनकी जगह पर सवाल उठे हैं। ट्रेंट ब्रिज की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए टीम अतिरिक्त पेसर के साथ उतर सकती है।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मैच हार चुका है, जिसमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में तीसरा टी20 भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला होगा। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने दोनों मैचों में तेज अर्धशतक जैसी पारियां खेलकर प्रभावित किया है, जबकि युवा वैभव सूर्यवंशी से भी आक्रामक शुरुआत की उम्मीद रहेगी। इशान किशन, तिलक वर्मा और कप्तान अय्यर से बड़ी पारियों की अपेक्षा होगी।

इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक की कप्तानी में टीम आत्मविश्वास से भरी है। लियाम डॉसन, आदिल रशीद और विल जैक्स की स्पिन तिकड़ी भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बनी हुई है। मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईसीसी अध्यक्ष जय शाह बोले- स्वर्णिम युग में है महिला क्रिकेट

**एजेंसी, लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड को हराकर सातवां आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद कहा कि महिला क्रिकेट अपने स्वर्णिम युग में चल रहा है।



ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और उसे चार विकेट पर 150 रन ही बनाने दिए। इसके बाद उसने 17.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। बाद में शाह ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनी को ट्रॉफी प्रदान की। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, ''क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनके सातवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड क्रिकेट को भी उपविजेता बनने पर बहुत-बहुत बधाई।'' उन्होंने कहा, ''इस टूर्नामेंट ने हमें याद दिलाया कि महिला क्रिकेट क्यों देखने लायक है। शुरू से अंत तक शक्ति, जुनून और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन देखने को मिला। दोनों टीमों और इस विश्व कप को इतना खास बनाने वाले सभी लोगों का आभार। महिला क्रिकेट स्वर्णिम युग में है।'' (अनंत ज्ञान)

### महिला क्रिकेट: स्पेन का मिडफील्ड पुर्तगाल की सर्वश्रेष्ठ पीढ़ी से बेहतर

**एजेंसी, डलास।** स्पेन की फुटबॉल टीम के कप्तान रोड्रिगो हर्नांडिज कैस्केन्टे ने कहा है कि उनकी टीम का मिडफील्डर पुर्तगाल के मिडफील्ड से कही बेहतर है , साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि उनके प्रतिद्वंद्वी की टीम में 'अब तक की सबसे बेहतरीन पीढ़ी' के खिलाड़ी हैं। दोनों टीमें सोमवार को डलास में भिड़ेंगी, जिसमें स्पेन के ऑल-स्टार मिडफील्ड बैलन डी'ओर विजेता रोड्री, पेड्रि और दानी ओल्मो का सामना पुर्तगाल के विटिन्हा , जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस से होगा ।

# खराब प्रदर्शन का असर, एशियाई फुटबॉल में नेतृत्व और कोचिंग में बड़ी उथल-पुथल

**एजेंसी, सियोल**

फीफा विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) से जुड़े कई देशों में नेतृत्व और कोचिंग स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। दक्षिण कोरिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष चुंग मोंग-ग्यु ने टीम की विफलता की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। इससे पहले मुख्य कोच होंग म्यंग-बो भी पद छोड़ चुके थे। स्टार खिलाड़ी सोन ह्यांग-मिन ने भी प्रशंसकों से माफी मांगते हुए बेहतर वापसी का भरोसा दिलाया। सऊदी अरब में भी फुटबॉल संघ अध्यक्ष यासिर अल-मिसेहल ने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए इस्तीफा दे दिया। पहली बार विश्व कप खेलने वाले जॉर्डन ने भी सभी मैच हारने के बाद मुख्य कोच जमाल सेलामी से अलग होने का फैसला किया। वहीं कतर और इराक के कोचों का भविष्य भी अनिश्चित बना हुआ है। हालांकि उज्बेकिस्तान के कोच फैबियो कान्नावारो के पद पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव भविष्य में टीम के लिए सीख साबित होगा।

### शीर्ष स्तर तक पहुंचने के लिए और मेहनत जरूरी

**48** टीमों वाले विस्तारित विश्व कप में एएफसी की नौ टीमों ने कुल 29 मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज कीं। केवल ऑस्ट्रेलिया और जापान ही ग्रुप चरण से आगे बढ़ सके। ईरान अपराजित रहने के बावजूद तीन ड्रॉ के कारण नॉकआउट में जगह नहीं बना पाया। जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप चरण पार किया, लेकिन ब्राजील के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल खाकर बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया अंतिम-32 में पेनल्टी शूटआउट में मिस्र से हार गया। एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा ने कहा कि एशियाई टीमें लगातार प्रगति कर रही हैं, लेकिन विश्व फुटबॉल के शीर्ष स्तर तक पहुंचने के लिए अभी काफी मेहनत करनी होगी। उल्लेखनीय है कि 2002 विश्व कप में दक्षिण कोरिया का सेमीफाइनल तक पहुंचना अब भी किसी एशियाई टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# अंडर-20 एशियन रेसलिंग में भारत का दमदार प्रदर्शन

## एक स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीते, ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरा स्थान झटका

**अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** अंडर-20 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप-2026 में भारतीय अंडर-20 फ्रीस्टाइल रेसलिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदकों सहित कुल सात पदक अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम ने ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरा स्थान हासिल किया।

भारतीय टीम के लिए 70 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। 61 किलोग्राम में पुष्प, 79 किलोग्राम में सौरभ यादव और 125 किलोग्राम में रोनक ने रजत पदक हासिल किए। वहीं 57 किलोग्राम में रोहित, 74 किलोग्राम में आदर्श युराज पाटिल तथा 97 किलोग्राम में लकी ने कांस्य




पदक जीतकर भारत की झोली में कुल सात पदक डाले। भारतीय अंडर-20 फ्रीस्टाइल टीम के लीड कोच जॉनी चौधरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पहलवानों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, मेहनत और समर्पण का परिचय देते हुए भारत का नाम पूरे एशिया में गौरवान्वित किया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यही युवा खिलाड़ी भविष्य में विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे बड़े मंचों पर भी देश के लिए पदक जीतेंगे। जॉनी चौधरी ने इस उपलब्धि के लिए सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और भारतीय दल को बधाई दी। उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारतीय कुश्ती लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है। साथ ही हिमाचल प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, मंडी जिला रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित जमवाल तथा महासचिव सुरेंद्र चौधरी के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए भी आभार व्यक्त किया।

# अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, आनंद भारती** (आयु 33 वर्ष) पुत्र श्री गिरधारी लाल, निवासी गांव एवं डाकघर सिद्धपुरघर, तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम सहज भारती गलत दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम सुनंदन भारती है। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में सहज भारती के स्थान पर सुनंदन भारती दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## नाम परिवर्तन

**मैं, राम चंद** पुत्र राजा राम निवासी 1204/S-0 बी बी एम बी कालोनी सुंदरनगर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन-174402 घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से राम कुमार दर्ज है, मेरा असली और सही नाम राम चंद है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी- शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 21.07.2026
वीरदीन पुत्र श्री सरदार अली निवासी गांव क्यारी डाकखाना व तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
**बनाम आम जनता**
**विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल क्यारी मौजा शाहपुर में नाम दरुस्ती वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम वीरदीन पुत्र श्री सरदार अली निवासी गांव क्यारी डाकघर व तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 है। जबकि महाल क्यारी मौजा शाहपुर में उनका नाम वीरुदीन दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके वीरदीन पुत्र श्री सरदार अली महाल क्यारी मौजा शाहपुर में दर्ज करवाना चाहता है।
अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 21.07.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक 06/07/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

## SOCIETY FOR VOCATIONAL AND PROFESSIONAL EDUCATION
## Government College Chamba (H.P.)

### WALK IN INTERVIEW

Interested and eligible candidates are invited to attend a WALK IN INTERVIEW for the following posts under Self-Financing scheme for academic session 2026-27, purely temporary on the lecture basis.

| Sr. No. | Name of Course | No. of Posts | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1 | Guest Faculty- English | 02 | As per UGC Norms |
| 2 | Guest Faculty- PGDCA | 01 | As per UGC Norms |
| 3 | Guest Faculty- MBA | 01 | As per UGC Norms |
| 4 | Guest Faculty- MCA | 01 | As per UGC Norms |

- Date of Walk in Interview: **17th July, 2026 (Friday) Time: 10:30 AM**
- Venue: **Office of the Principal Govt. College Chamba, Sultanpur, District Chamba (H.P.) / Director of SVPE**
- Interested and fully eligible candidates can directly appear in the interview with all their original documents and testimonials.
- For any other information, please contact us on: 01899222207, 9459222580

**Sd. /-**
**Principal cum Director**
**Govt. College Chamba**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बनेहरडी विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पचायत बनेहरडी में विभिन्न मदों के अन्र्तगत विकास कार्यो के लिए अवधि 06-07-2026 से 31-03-2027 तक निम्न सामग्री (वस्तु) के लिए निविदा आमंत्रित करती है। **सामग्री का विवरण-** 1.रेता क्रशर-प्रति घन मीटर 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर 3. रेता धुला क्रशर-प्रति घन मीटर 4. रेता लोकल खडड-प्रति घन मीटर 5. बोल्डर-प्रति घन मीटर 6. कट स्टोन (पत्थर)-प्रति स्टोन (पत्थर) 7. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर 8. सीमेंट दुलवाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल-प्रति बैग 9. बोर्ड सीमेंट-प्रति बोर्ड 10. बोर्ड लिखवाई व फोटो-प्रति बोर्ड 11. इंटर लाक टाईल 40एमएम 60एमएम 80एमएम 12. सरिया 8एमएम, 10एमएम, 12एमएम, 16एमएम 13.जेसीबी मशीन-प्रति घंटा 14. जेसीबी मशीन ब्रेकर-प्रति घंटा 15. लोहा बैंच-प्रति बैंच 16. डिस्पले बोर्ड-प्रति बोर्ड 17.सीमेंट ब्लाक-प्रति ब्लॉक 18. ईंट-प्रति ईंट 19 डस्टबीन-प्रति नग 20. जिम व पार्क सामाग्री-प्रति नग 21. सीमेंट बैंच-प्रति बैंच । अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म अपनी निविदा दिनांक 20-07-26 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत बनेहरडी में पहुंच जानी चाहिए। निविदा 21-07-2026 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने कार्यालय ग्राम पंचायत बनेहरडी में खोली जायेगी। **नियम व शर्तेः-** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी न0 होना चाहिए। (2) सामाग्री गाड़ी में जहाँ तक जा सकती है पंहुचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामाग्री दी जायेगी। (4) यदि सामाग्री में सही गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 30000 /- रूपये धरोहर राशी के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है को निविदा खुलते समय उपथित होना अनिवार्य है। (8) निविदा में माँगी गई प्रत्येक सामाग्री वस्तु का मुल्य जीएसटी के साथ होगा अलग से जीएसटी मान्य नही होगा। (9) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को सप्लाई की गई सामग्री वस्तु के एम फार्म जमा करवाना अनिवार्य है। (10) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसेः- जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।

**प्रधान / सचिव**
**ग्राम पंचायत बनेहरडी विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरांहा
## विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरांहा विकास खण्ड पच्छाद जिला सिरमौर हि.प्र. द्वारा वितीय वर्ष 2026-2027 में विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री पूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
**सामग्री का विवरण** - रेत, बजरी, ईंट, फायर व्रिकस गटका, मिक्सचर, शटरिंग, जेसीबी मशीन, ब्रेकर, सरिया, सीमेंट, कैरिज, दरबाजे, खिड़कियां, सेनिटेशन सामग्री व फिटिंग बिजली सामग्री व फिटिंग पाईप एंगल इत्यादि इच्छुक व्यक्ति अपनी कोटेशन दिनांक 12.07.26 सायं 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सरांहा में जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। सामान व अन्य किसी विवाद के लिए प्रधान व सचिव को पूर्ण अधिकार होगा। सबसे कम दर बाले विक्रेता को सप्लाई ऑर्डर दिया जाएगा। अन्य शर्तों की अधिक जानकारी के लिए पंचायत से संपर्क करें।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सरांहा**
**विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खनाग एवं ग्राम पंचायत लझेरी
## विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

### सीलबंद कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं इच्छुक पंजीकृत फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लझेरी एवं ग्राम पंचायत खनाग के विभिन्न विकास कार्यों हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। **कोटेशन खोलने की तिथिः** * ग्राम पंचायत लझेरीः 23.07.2026, प्रातः 11:00 बजे, * ग्राम पंचायत खनागः 24.07.2026, प्रातः 11:00 बजे, स्थानः संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय। सामग्री का **विवरण-** 1.रेत दरिया व क्रैशर- घनमीटर 2. बजरी 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम-घनमीटर, 3. कोटास्टोन-घनफुट, 4. पत्थर सोलिंग- घनमीटर, 5.पत्थर रदानिकाषी-प्रति न0, 6. पत्थर तोडान-घनमीटर, 7.पत्थर ढोलान गाडी द्वारा- प्रति चक्कर 8. ईंट (2nd Class)- प्रति न0, 9. शटरिंग-घनमीटर, 10. R.C.C पाईप-प्रति न0, 11. जी. आई. पाईप-प्रति न0, 12. पी. वी. सी. पाईप-प्रति न0,13. एल्काथिनपाईप-कि. ग्राम, 14. जे0सी0वी0-घनमीटर, 15. सिमैंटटाईल-प्रति न0, 16. सीमेंट ब्लॉक- प्रति न0, 17. पेवर ब्लॉक 40,60,80 एमएम- प्रति न0, 18. ईटरलॉकटाईल- प्रति न0, 19. स्टील 8,10,12एमएम- प्रतिकिग्रा, 20. लोहा एंगल व शीटें- प्रतिकिग्रा, 21. CIB बोर्ड-प्रति न0, 22. सीमेंट भाडा आनी से खनाग, डीम, कोट- प्रतिवैग, 23. वाल राईटिंग- प्रति अक्षर, 24. फर्नीचर-प्रति न0, 25. वागवानी पौधे-प्रति न0, 26. इमारती लकडी-घनफुट, 27. केटवायर- प्रति वंडल, 28. हार्डवेयर सामग्री-प्रति न0, 29. प्लाई वोर्ड- घनफुट, 30. मिकचर- प्रति बैग। **नियम व शर्तेः**-1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी । 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्वर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्वर जी.एस. टी. सी.एस.टी. नम्वर की छायाप्रति संलग्नकरें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवता सही होनीचाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा सामग्री की गुणवता सही नहीं पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेष प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सडक है वहां तक पीकप व टीप्पर से पंहुचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम. फार्म जमा करवाने होंगे। एम. फार्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्वन्धित रायल्टी वर्तमान में 80/- रू0 प्रति MT टन के हिसाव से ईचलान द्वारा जमा करनी होगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का रिश्तेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदाता को 15000/- रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदाता य समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी रद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के सपलाई आर्डर के अनुरूप ही सपलाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EX-CLUDED का उल्लेख करना भीआवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NE-GOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18. निविदादाता अपना मोवाईल न0 लिफाफे के वाहर लिखना सुनिश्चित करें।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत खनाग एवं ग्राम पंचायत लझेरी**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मकोल
## विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी/सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय 21 जुलाई 2026, दोपहर 03:00 बजे तक । निविदा खोलने की तिथि और समय 22 जुलाई 2026, दोपहर 12:00 बजे । जमा करने का स्थान संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यालय । निविदा खोलने का स्थान क्रय समिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और **मदों की संक्षिप्त विवरणीः-** 1-4 क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), लोकल सैंड (स्थानीय रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम)- Cft. (घन फीट) 5-6 ईट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9 सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum(घन मीटर) /संख्या 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी)- Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40एमएमऔर 80एमएमआईएसआई)-Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट धुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग-प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60एमएमऔर 90एमएम)-Cft (घन फीट)18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60एमएम आईएसआई)-Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई-Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)-संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां / लैपटॉप शामिल है)। -संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्तें (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** -* सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम रू.15,000/- की सावधि जमा (Fi&ed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में रू.1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरेंः निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उधृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध / परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मों को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत मकोल विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिंगला विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत पिंगला के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 24/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईंट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine* Dustbins (विभिन्न क्षमता) **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रू.20,000/- सुरक्षा राशि तथा रू.1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पिंगला विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)*

## कार्यालय ग्राम पंचायत रखोटा विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रखोटा के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 25/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईंट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine * Dustbins (विभिन्न क्षमता) **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रू.20,000/- सुरक्षा राशि तथा रू.1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रखोटा विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)*

# बाम तट सड़क की बदहाली से कुल्लू मनाली की लाइफ लाइन प्रभावित

## 10 माह बाद भी नहीं सुधरी सड़क की हालत, लोगों पर भारी पड़ रही विभाग की लेटलतीफी

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** कुल्लू-मनाली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली बाम तट सड़क की हालत बेहद खराब है। 10 महीने बाद भी सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। लोक निर्माण विभाग की लेट लतीफी अब स्थानीय लोगों पर भारी पड़ने लगी है। जैसे तैसे पर्यटन सीजन तो निकल गया, अब सेब सीजन सर पर है। मनाली से जगतसुख तक सड़क की हालत इतनी खराब है कि समझ नहीं आता कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क बनी है।

पिछले साल अगस्त महीने में बिजली दफ्तर के पास करीबन 100 मीटर सड़क धंस गई थी। 10 महीने गुजर जाने के बाद भी वहां सड़क पूरी तरह से तैयार नहीं हुई है। निर्माण कार्य की धीमी गति पर्यटन व्यवसायियों के साथ साथ आम लोगों पर भारी पड़ने लगी है। भारी बारिश और बाढ़ से भू-स्खलन होने से कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे पर वाहनों की आवाजाही बंद होती है तो बाम तट मार्ग ही यातायात के लिए खुला रहता है। पिछले साल आई आपदा के बाद एनएचएआई द्वारा करोड़ों रुपए इस मार्ग के लिए उपलब्ध कराए गए थे।



सड़क पर जगह-जगह पड़े गड्ढे। अनंत ज्ञान

बावजूद इस के इस सड़क की हालत बेहद खराब है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा बिजली दफ्तर के नीचे आरसीसी लगाने का काम किया जा रहा है, मगर काम की रफ्तार धीमी है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में ब्यास नदी में पानी भी बढ़ने लगा है। पर्यटन कारोबारी अजय अबरोल ने कहा कि पूरा पर्यटन सीजन निकल गया, लेकिन सड़क की हालत नहीं सुधरी। उन्होंने कहा कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि अब वाहन हिचकोले खा रहे हैं और गाड़ियों के कलपुर्जे भी टूटने लगे हैं। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि सड़क में गड्ढों को भरने का काम लगातार किया जा रहा है और आरसीसी लगाने का कार्य भी जारी है।

## कुल्लू में 13, 18, 23 और 28 जुलाई को होगी वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कुल्लू की ओर से जुलाई 2026 के लिए वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरटीओ कुल्लू आकांक्षा शर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6, 13, 18, 23 और 28 जुलाई को वाहनों की पासिंग होगी, जबकि 27 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। आरएलए कुल्लू में 9 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। आरएलए मनाली में 7 और 22 जुलाई को वाहन पासिंग तथा 8 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। आरएलए बंजार में 16 जुलाई, आरएलए केलांग में 25 जुलाई और आरएलए उदयपुर में 24 जुलाई को वाहन पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों ने सभी आवेदकों से निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने की अपील की है।

# चंद्रा पधान बने मनाली नगर परिषद के अध्यक्ष, ठाकुर दास उपाध्यक्ष निर्वाचित

अनंत ज्ञान

**मनाली।** नगर परिषद मनाली को नया नेतृत्व मिल गया है। भाजपा समर्थित पार्षद चंद्रा पधान को नगर परिषद मनाली का अध्यक्ष तथा ठाकुर दास को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा ने दोनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के सातों पार्षदों के बहुमत के चलते अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

नगर परिषद चुनाव में भाजपा ने सातों वार्डों में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर परिषद पर पूर्ण कब्जा किया था। हालांकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर आपसी सहमति नहीं बनने के कारण कार्यकाल को ढाई-ढाई वर्ष में बांटने का निर्णय लिया गया। इसके तहत पहले ढाई वर्ष तक चंद्रा पधान अध्यक्ष और ठाकुर दास उपाध्यक्ष रहेंगे। इसके बाद शेष कार्यकाल में मनोज लारजे अध्यक्ष


भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जताई खुशी।

तथा ईशा ठाकुर उपाध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जताई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रा पधान ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मनाली शहर के विकास को नई गति देना होगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन नगरी की पहचान को बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। मालरोड पर अवैध कारोबार और बिना अनुमति पर्यटकों को गाइड करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही शहर में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## कुल्लू में साहित्यकार पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती पर गोष्ठी आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की राज्य स्तरीय जयंती का आयोजन मंगलवार को देव सदन में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, साहित्यकारों और आमजन को उनके साहित्यिक योगदान से परिचित कराना है। प्रथम सत्र में प्रातः 10 बजे लेखक गोष्ठी आयोजित होगी, जिसमें डॉ. दयानंद गौतम 'पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी: निबंधकार एवं व्यंग्यकार' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसके उपरांत प्रदेशभर से आए साहित्यकार इस विषय पर परिचर्चा करेंगे। द्वितीय सत्र में नाटक एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें विद्यार्थियों को साहित्यकारों और कवियों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा। हिंदी एवं साहित्य में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## दलाईलामा के जन्मदिवस पर बिलिंग नाला पुल में स्थापित किए पवित्र दरचोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** परम पूज्य 14वें दलाई लामा के 91वें जन्मदिवस के अवसर पर बिलिंग नाला पुल के समीप श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में पवित्र दरचोग (प्रार्थना ध्वज) स्थापित किए गए। सुबह करीब 7 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने दलाई लामा की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, विश्व शांति तथा समस्त प्राणियों के कल्याण की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थनाएं अर्पित कीं। स्थानीय युवा कुंगा बोध ने बताया कि दलाई लामा करुणा, अहिंसा, प्रेम और मानवता के वैश्विक प्रतीक हैं, जिनकी शिक्षाएं विश्व को शांति का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस पर पवित्र दरचोग स्थापित करना विश्व कल्याण और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने की परंपरा है। श्रद्धालुओं ने विश्वास व्यक्त किया कि दरचोग पर अंकित प्रार्थनाएं हवा के साथ फैलकर शांति और भाईचारे का संदेश देंगी। इस दौरान सभी ने विश्व में प्रेम, करुणा और सौहार्द की स्थापना के लिए विशेष प्रार्थना की तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए निंगमापा गोंपा रिवालसर के अध्यक्ष रमेश फारका का आभार व्यक्त किया।

# कोरम के खेल में उलझा कुल्लू जिप का चुनाव

- **पहली बैठक में 14 में से पहुंचे सिर्फ दो सदस्य**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए सोमवार को बुलाई गई पहली बैठक कोरम पूरा न होने की वजह से स्थगित करनी पड़ी। निर्वाचन प्रक्रिया को शुरू करने के लिए तय नियमों के अनुसार कुल 10 सदस्यों की अनिवार्य उपस्थिति आवश्यक थी, लेकिन इस बैठक में केवल दो ही सदस्य उपस्थित हो सके। आवश्यक संख्या बल की अनुपस्थिति को देखते हुए चुनाव प्रक्रिया को आगामी बैठक तक के लिए टाल दिया गया है।

कुल्लू जिला परिषद के कुल 14 वार्डों की दलीय स्थिति को देखें तो भाजपा समर्थित 9, कांग्रेस समर्थित 4 और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। आंकड़ों के लिहाज से भाजपा के पास परिषद में स्पष्ट बहुमत उपलब्ध है, लेकिन पहली बैठक में अनिवार्य 10 सदस्यों का कोरम पूरा करने के लिए भाजपा समर्थित सदस्य शामिल नहीं हुए। इस राजनीतिक रणनीति के चलते पहली बैठक बेनतीजा रही और चुनाव टालना पड़ा।

### अगली बैठक में बहुमत से होगा फैसला

**प्रशासनिक** नियमों के अनुसार, अब होने वाली अगली बैठक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए केवल 8 सदस्यों की उपस्थिति ही पर्याप्त मानी जाएगी। चूंकि भाजपा के पास पहले से ही 9 समर्थित सदस्यों का स्पष्ट बहुमत है, इसलिए यह माना जा रहा है कि पार्टी आगामी बैठक में अपनी पूरी ताकत और संख्या बल के दम पर दोनों शीर्ष पदों पर आसानी से अपना दावा पेश कर देगी। फिलहाल, नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन को लेकर क्षेत्र की राजनीतिक निगाहें अब अगली बैठक पर टिक गई हैं।

## दुआड़ा पंचायत की पहली ग्राम सभा में विकास एवं नशा मुक्ति पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** दुआड़ा पंचायत की नवनिर्वाचित पंचायत की पहली ग्राम सभा सोमवार को पंचायत कार्यालय में प्रधान निहाल चंद भल्ला की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में उपप्रधान हंसराज, पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम सभा सदस्यों, महिला मंडलों, युवक मंडलों, नशा मुक्ति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में पंचायत क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, आय-व्यय विवरण का अनुमोदन, विकास कार्यों की समीक्षा, बीपीएल आवेदनों पर विचार तथा स्वच्छ भारत मिशन एवं जीपीडीपी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही इमारती लकड़ी वितरण और अन्य विकास योजनाओं के शेल्फ पर भी विचार किया गया। ग्राम सभा में नशा मुक्ति अभियान और एंटी-चिट्टा अभियान प्रमुख विषय रहे। प्रधान निहाल चंद भल्ला ने नशे को समाज के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए इसे जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी चर्चा हुई।

## शाश्वत राव ने हामटा पास पर रचा इतिहास, 4-5 दिन का सफर 5 घंटे 10 मिनट में किया पूरा

- **मनाली की नताशा माहर ने भी दिखाया दम, मुख्य स्पर्धा में ओवरऑल तीसरे स्थान पर**

अनंत ज्ञान

**मनाली।** भारत के ट्रेल रनिंग इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। देश के अग्रणी ट्रेल रनर शाश्वत राव ने विश्व प्रसिद्ध हामटा पास ट्रेल पर 39 किलोमीटर लंबे और 4300 मीटर ऊंचे दुर्गम मार्ग को मात्र 5 घंटे 10 मिनट में पूरा कर नया ऑल-टाइम रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह मार्ग सामान्य ट्रेकर्स द्वारा 4 से 5 दिनों में पूरा किया जाता है। यह उपलब्धि हिमालयन एक्सट्रीम ट्रेल रनिंग फेस्ट-2026 के पहले संस्करण में हासिल हुई, जो भारतीय नेशनल लीग सर्किट का हिस्सा है और इंटरनेशनल ट्रेल रनिंग एसोसिएशन से प्रमाणित है। प्रतियोगिता का आयोजन हिमालयन एक्सट्रीम स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा हिमाचल पर्यटन, कुल्लू जिला प्रशासन तथा एबीवीआईएमएएस के सहयोग से



किया गया। प्रतियोगिता में देशभर के 35 प्रोफेशनल एथलीटों ने भाग लिया और उन्हें ऊंचाई, बर्फीले रास्तों तथा कठिन भू-भाग जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मनाली की नताशा माहर ने महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस आयोजन ने हिमालय में स्काई रनिंग की संभावनाओं को नई दिशा दी है और हिमाचल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के एडवेंचर स्पोर्ट्स आयोजनों के लिए सक्षम बन रहा है

# सैंज-लारजी मार्ग पर पागल नाला उफान पर, चार घंटे बाधित रहा लारजी-सैंज मार्ग

- **नाले के रास्ता बदलने से सड़क पर आया भारी मात्रा में मलबा और पत्थर**

अंनत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/सैंज।** मानसून की दस्तक के साथ ही मुसीबत का दौर शुरू हो गया है। कुल्लू जिला की सैंज घाटी में सोमवार सुबह 'पागलनाला' अचानक उफान पर आ गया नाले के रौद्र रूप धारण करने और रास्ता बदलने के कारण लारजी-सैंज सड़क पर भारी मात्रा में मलबा और पत्थर जमा हो गए, जिससे औट-सैंज संपर्क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया।

इस कारण सुबह 7 बजे से लेकर 11 बजे तक करीब चार घंटे सैंज घाटी की 15 पंचायतों का देश-दुनिया से संपर्क पूरी तरह कटा रहा।

सोमवार सुबह करीब 7 बजे पागल नाले से आए मलबे ने सड़क को दो अलग-अलग स्थानों पर पूरी तरह से पाट दिया। इसके चलते सुबह 11 बजे तक (लगभग चार घंटे) इस महत्वपूर्ण मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप रही। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिसमें स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा कर्मचारी और आम जनता घंटों फंसी रही। घटना की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग और संबंधित परियोजना प्रबंधन की टीमें जेसीबी व भारी मशीनों के साथ मौके पर पहुंच गईं। हालांकि, नाले से लगातार कीचड़, मलबा और पत्थरों का गिरना जारी है, जिसके कारण राहत और सड़क बहाली के काम में लगी टीमों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


सैंज-लारजी मार्ग पर पागल नाला उफान पर होने के कारण सड़क पर आया मलबा।

### प्रशासन की अपील नदी-नालों से दूर रहें

**एसडीएम** बंजार पंकज शर्मा ने स्थिति की पुष्टि करते हुए कहा कि पागल नाले में भारी मलबा आने की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत जेसीबी और आवश्यक मशीनरी मौके पर भेज कर सड़क बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर पूरा कर सड़क मार्ग बहाल कर दिया है। उन्होंने जनता से अपील है कि बरसात के इस मौसम में नदी-नालों के किनारे जाने से पूरी तरह बचें, अनावश्यक यात्रा न करें और सतर्क रहें।

## सिविल पेंशनर्स कुल्लू मंडल की मासिक बैठक 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एवं सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की मासिक बैठक आगामी 10 जुलाई को गांधी नगर स्थित डायमंड बैशाली होटल में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय बिहारी भारद्वाज करेंगे। बैठक में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर एवं महासचिव मोहर सिंह सीस उपस्थित रहकर पेंशनरों का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक की शुरुआत पवित्र गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2026-2027 के लिए जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) भरने के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश और गाइडेंस देना है। एसोसिएशन ने सूचित किया है कि प्रक्रिया को सुचारु रूप से समझने और पूरा करने के लिए सभी पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को अपना आधार कार्ड और ट्रेजरी व बैंक खाते से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। कुल्लू मंडल के सभी पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर पहुंचकर बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करवाएं।

# सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक को मिला 'एक्सीलेंस अवॉर्ड'

- **वन्य प्राणी सुरक्षा समिति ने किया सम्मानित**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** सेंट्रल स्कूल केलांग से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ अध्यापक अशोक कुमार को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान के लिए हिमालयन पर्यावरण एवं वन्य प्राणी सुरक्षा समिति द्वारा 'एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने अशोक कुमार के लंबे शिक्षकीय जीवन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि अशोक कुमार ने न केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी, बल्कि उनमें अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना भी कूट-कूट कर भरी। यही कारण है कि उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।समारोह के अंत में समिति ने अशोक कुमार के स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त


राष्ट्रीय पर्यावरणविद् एवं 'ग्रीन मैन' किशन लाल ने अशोक कुमार को नवाजा।

### समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं अशोक : किशन लाल

**प्रसिद्ध** राष्ट्रीय पर्यावरणविद् 'ग्रीन मैन' किशन लाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने अशोक कुमार की कर्मठता और समर्पण की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमें अशोक कुमार को एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। अशोक कुमार जैसे समर्पित शिक्षक वास्तव में समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी के निर्माण और समाज की सेवा को समर्पित रहा है। उनका योगदान न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक है।

जीवन की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। इस दौरान समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने उनके योगदान की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

## कुल्लू की सामाजिक सद्भावना को न बनाया जाए राजनीति का अखाड़ा: गौतम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर ने कहा कि कुल्लू और लाहौल-स्पीति के लोगों के बीच पिछले लगभग 80 वर्षों से आपसी भाईचारा, विश्वास और सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दुखद घटना को आधार बनाकर इस सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने स्व. मंजू शर्मा की प्रसूति के बाद हुई मृत्यु को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि इस घटना से दोनों जिलों के लोग समान रूप से दुखी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा संबंधित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ को निलंबित किया जा चुका है तथा मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कुल्लू की सामाजिक सद्भावना को राजनीति का अखाड़ा न बनाया जाए। गौतम ठाकुर ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भड़काऊ संदेशों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से 8 जुलाई को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की।

# खराहल की बेटी नीता राणा के हौसलों को मिली नई उड़ान

- **केंद्र सरकार ने 30 लाख रुपए से किया सम्मानित**
- **अब राज्य सरकार से भी प्रोत्साहन राशि और सम्मान की उठी मांग**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला की खराहल घाटी की बेटी नीता राणा ने खो-खो वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर केंद्र सरकार ने उन्हें 30 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया है।

नीता की सफलता से पूरे प्रदेश, विशेषकर कुल्लू जिले में गर्व और खुशी का माहौल है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। स्थानीय खेल प्रेमियों ने हिमाचल सरकार से भी उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित



करने तथा उचित प्रोत्साहन राशि और सुविधाएं देने की मांग की है। नीता राणा ने वर्ष 2014 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खराहल से अपने खेल करियर की शुरुआत की थी और अब तक 13 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, विशेषकर अपने बड़े भाई को दिया। बेहतर प्रशिक्षण के लिए उन्हें पंजाब जाना पड़ा क्योंकि प्रदेश में आवश्यक सुविधाओं का अभाव था। उन्होंने हिमाचल में खो-खो खेल को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# रोमांच और जोखिम से भरा है मनाली-काजा मार्ग का सफर

## कदम-कदम पर इम्तिहान ले रहे हैं बरसाती नाले, साहसिक पर्यटन के शौकीनों का पसंदीदा मार्ग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** साहसिक पर्यटन के शौकीनों के लिए मनाली-ग्राम्फू-काजा मार्ग हमेशा से पसंदीदा रहा है, लेकिन हर साल की तरह इन दिनों इस मार्ग पर सफर करना किसी बड़े जोखिम से कम नहीं है। ग्राम्फू से बातल तक की डगर बेहद कठिन हो चुकी है, जहां जगह-जगह बहते बरसाती नाले और कच्ची सड़कें वाहन चालकों की कड़ी परीक्षा ले रहे हैं। हालांकि इस मार्ग को भविष्य की सुगमता के लिए डबल लेन में बदला जा रहा है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए इन दिनों इस रास्ते पर केवल फोर-बाई-फोर वाहनों में ही सफर करना सुरक्षित माना जा रहा है।मार्ग पर कई जगह पानी का स्तर अचानक बढ़ जाता है। ऐसे में पर्यटक और स्थानीय लोग केवल मजबूत ग्रिप और ऊंचे ग्राउंड क्लीयरेंस वाले फोर बाई फोर वाहनों का ही प्रयोग करें। हल्के वाहनों को इस मार्ग पर ले जाने से बचें। सफर शुरू करने से पहले


ग्राम्फू-काजा सड़क पर नालों के बीच से गुजरते वाहन। अनंत ज्ञान

स्थानीय मौसम विभाग और प्रशासन की एडवाइजरी जरूर चेक करें। रात के समय इस मार्ग पर दृश्यता कम हो जाती है और नालों का जलस्तर भी अप्रत्याशित रूप से बदल सकता है, इसलिए दिन के उजाले में ही सफर पूरा करें।रोमांच के शौकीनों के लिए यह रास्ता बेशक खूबसूरत और थ्रिल से भरा है, लेकिन सुरक्षा को ताक पर रखकर की गई जरा सी चूक भारी पड़ सकती है।

**कदम-कदम पर खतरा:** इस मार्ग का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा ग्राम्फू से बातल के बीच का है। मानसून और पिघलते ग्लेशियरों के कारण छोटे-छोटे नाले विकराल रूप धारण कर चुके हैं। पानी के तेज बहाव के साथ आने वाले पत्थर और कीचड़ वाहनों के पहियों को जाम कर रहे हैं। सामान्य दो-पहिया याटू-व्हील ड्राइव वाहनों के लिए इन नालों को पार करना लगभग असंभव साबित हो रहा है।

### डबल लेन का काम जारी, मुश्किलें भारी

इस रणनीतिक और पर्यटन मार्ग को बेहतर बनाने के लिए इसे डबल लेन करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जगह-जगह कटिंग और निर्माण कार्य होने की वजह से सड़क पर धूल, मलबे और फिसलन की मार है। आने वाले समय में तो यह सफर बेहद आरामदायक हो जाएगा, लेकिन मौजूदा स्थिति में यह केवल उन्हीं चालकों के लिए है जिनके पास पहाड़ों पर गाड़ी चलाने का लंबा अनुभव है।

## ठाकुर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर ठावा में खीर का भंडारा 16 को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ठाकुर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर ठावा मंदिर कमेटी की बैठक कारदार विधि चंद नेगी की अध्यक्षता में मंदिर में संपन्न हुई। सबसे पहले मंदिर के पूर्व में रहे पुजारी जय देव आचार्य के देहांत उपरांत कमेटी के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी 16 जुलाई को मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ खीर भंडारे लगाया जाएगा। इसके उपरांत मंदिर में सूचना पट्ट लगाया गया। इसमें साफ निर्देश दिए गए हैं की मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के आयोजन करने के लिए कमेटी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इसमें मुख्य रूप से शादी, पूजा, भंडारा, सत्संग, कथा, जन्मदिन आदि। बोर्ड में क्यूआर कोड भी लगाया गया है। कारदार ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि ऑनलाइन दान कोड में ही डालें। बैठक में कारदार विधि चंद नेगी के अलावा कमेटी के उपाध्यक्ष संत कुमार शर्मा, सचिव बलवीर सिंह, फतेह चंद, जय चंद, पुष्पेंद्र ठाकुर, रमेश भल्ला, चरणजीत अवस्थी, मनोज कायस्था, नरेंद्र प्रकाश और ओम दत्त बैठक में मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मीडिया से दुर्व्यवहार लोकतंत्र पर हमला दोषी नेता पर हो कार्रवाई : प्रताप सिंह रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता सिरमौर प्रताप सिंह रावत ने शिमला स्थित राजीव भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान महिला पत्रकार शिवा भारद्वाज के साथ कथित दुर्व्यवहार और उनके खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। रावत ने कहा कि पत्रकारों का सवाल पूछना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। किसी नेता के पास जवाब देने या न देने का विकल्प हो सकता है, लेकिन पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करना और फिर उन पर मुकदमा दर्ज करवाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। रावत ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसका सम्मान करना सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल करते हुए कहा कि यदि किसी ने अनुचित व्यवहार किया है, तो कार्रवाई संबंधित नेता पर होनी चाहिए, न कि सवाल पूछने वाली महिला पत्रकार पर। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कांग्रेस सरकार के 'व्यवस्था परिवर्तन' के दावों के विपरीत है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि शिवा भारद्वाज केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि हिमाचल की बेटी भी हैं और उनके साथ हुआ कथित व्यवहार प्रदेश की महिलाओं का अपमान है। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### सराहां कन्या स्कूल में गठित हुई 15 सदस्यीय एसएमसी, मनीषा बनी प्रधान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत सिंह की अध्यक्षता में चार जुलाई को अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इससे पहले 30 जून को भी बैठक बुलाई गई थी, लेकिन अभिभावकों की कम उपस्थिति के कारण एसएमसी का गठन नहीं हो पाया था। अधिक अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुनः बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 80 अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस दौरान मनीषा को एसएमसी का प्रधान तथा विजेंद्र सिंह को उप-प्रधान निर्वाचित किया गया। समिति के अन्य सदस्यों में प्रीति, मोनिका, संगीता, परमजीत, मीना, अर्चना, मोहन दत्त, दिनेश, देवेश्वरी, निशा देवी, शीतल तथा अंजू शर्मा शामिल हैं। प्रधानाचार्य बलवंत सिंह ने बताया कि नवगठित एसएमसी विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी अभिभावकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### भाजपा दाड़ला मंडल की मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भाजपा दाड़ला मंडल की मासिक बैठक दाड़लाघाट झरने के समीप मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से भाजपा जिला सोलन के प्रभारी राजपाल, सह प्रभारी वंदना योगी, जिला अध्यक्ष रत्न सिंह पाल, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी गोविंद राम शर्मा, जिला महामंत्री भरत साहनी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतिभा कंवर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश गौतम, महामंत्री पुरुषोत्तम ठाकुर एवं भीम शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने संगठन की मजबूती को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा जनसेवा और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती तथा आगामी गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

### सोशल मीडिया आधारित पत्रकारिता के लिए प्रभावी नीति बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य ने राज्य सरकार से सोशल मीडिया आधारित पत्रकारिता के लिए अलग एवं प्रभावी नीति बनाने की मांग दोहराते हुए कहा है कि डिजिटल युग में समाचारों के प्रसार का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। सोशल मीडिया आज सूचना का सबसे तेज माध्यम बन चुका है, लेकिन इसके साथ फर्जी खबरों, भ्रामक सूचनाओं और गैर-जिम्मेदाराना पत्रकारिता की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में समय की मांग है कि सरकार सोशल मीडिया पत्रकारिता के लिए स्पष्ट नियम, आचार संहिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली व्यापक नीति लागू करे। जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स पिछले कई वर्षों से इस विषय को सरकार के समक्ष उठाती रही है। उनका कहना है कि जिस प्रकार विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और पेशों के लिए निर्धारित नियम एवं मानक बनाए गए हैं, उसी प्रकार पत्रकारिता के क्षेत्र में भी स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पत्रकारों के लिए एक निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट (आचार संहिता) लागू किया जाए तथा प्रत्येक पत्रकार का अनिवार्य पंजीकरण किया जाए। पंजीकरण के बाद उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या अथवा कोड उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनकी पहचान प्रमाणित हो सके और समाचारों के प्रति उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित हो।

### बिड़ला स्कूल की एसएमसी के अध्यक्ष बने मोहन सिंह शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** शिक्षा खंड बकरास के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिड़ला में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया स्कूल के मुख्य अध्यापक जयपाल राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने निर्विरोध रूप से मोहन सिंह शर्मा को एसएमसी का अध्यक्ष चुना। समिति में रोहित शर्मा, ममता शर्मा, सरिता शर्मा, किरण शर्मा और रेणु शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में सक्रिय विनोद शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा स्कूल की विभिन्न आवश्यकताओं और समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि नई एसएमसी विद्यालय के विकास, संसाधनों के विस्तार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण हित में सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएगी।

## कूड़े के ढेरों में दम तोड़ती राजगढ़ नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था

# बदबू की गिरफ्त में राजगढ़, कूड़ेदान हुए लबालब

अनंत ज्ञान मुद्दा



**बीआर चौहान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे कूड़ेदान महीनों से लबालब भरे पड़े हैं, जिससे लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हैं। बरसात के मौसम में सड़ते कचरे से उठ रही दुर्गंध राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। यदि समय रहते कचरे का उचित निस्तारण नहीं किया गया, तो संक्रमण फैलने और महामारी का खतरा भी बढ़ सकता है।

- कचरे की गंदगी से शहर में फैल सकती है कोई महामारी

### 35 साल बीते.... नहीं मिला कचरा निस्तारण का स्थायी समाधान

**नगर** पंचायत के गठन को करीब 35 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक शहर के कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं बन पाई है। बढ़ती आबादी के साथ यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। उपमंडल मुख्यालय होने के कारण प्रतिदिन हजारों लोग शहर में आते-जाते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रमुख प्रशासनिक केंद्र होने के बावजूद सफाई व्यवस्था लचर

**राजगढ़** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र का प्रमुख नगर होने के साथ-साथ यहां विधायक का निवास, एसडीएम, तहसीलदार सहित कई सरकारी कार्यालय भी स्थित हैं। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। पूर्व में नगर पंचायत का कचरा सोलन के सलोगड़ा तथा बाद में नालागढ़ स्थित प्लांट भेजा जाता था। कोट ढांगर में डंपिंग का स्थानीय लोगों ने विरोध किया था, जबकि नालागढ़ का प्लांट भी अब बंद हो चुका है।

### शिमला भेजा जाएगा राजगढ़ का कचरा निर्णय जल्द

**नगर पंचायत** के सचिव अजय गर्ग ने बताया कि जिस स्थान पर कचरा डंप किया जाता था, वहां के भूमि स्वामी ने अब अनुमति देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि शहर का कचरा शिमला के कचरा निस्तारण संयंत्र भेजने के संबंध में बातचीत चल रही है और शीघ्र ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं, शहरवासियों ने राजगढ़ में आधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित करने की मांग उठाई है।

## कोरम न बनने से जिप सोलन अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव स्थगित

### अब 13 जुलाई को बुलाई गई बैठक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कोरम पूरा नहीं होने के चलते जिला परिषद सोलन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए सोमवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में बुलाई गई बैठक स्थगित करनी पड़ी। बैठक में किसी भी राजनीतिक दल के जिला परिषद सदस्य तथा कोई भी निर्दलीय सदस्य उपस्थित नहीं हुआ, जिसके कारण आवश्यक कोरम पूरा नहीं हो सका और चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि नियमानुसार कोरम पूरा न होने के चलते चुनाव स्थगित करना पड़ा। अब अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए अगली बैठक 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जिला परिषद सदस्यों को नियमानुसार बैठक की सूचना भेजी जाएगी।

- निर्वाचन को लेकर राजनीतिक हलचल तेज
- सदस्यों की अनुपस्थिति से नहीं बन सका कोरम

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पंचायती राज अधिनियम एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाएगी। चुनाव टलने के बाद जिले के राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब सभी की नजरें 13 जुलाई को होने वाली बैठक पर टिकी हैं, जहां जिला परिषद सोलन के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

## सोलन में 4.17 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**सोलन।** जिला पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 4.17 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 जुलाई को एसआईयू टीम ने संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.17 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राजेश कुमार (25) पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी गांव जरींड, डाकघर धार गौरा, तहसील रामपुर, जिला शिमला के रूप में हुई है।

इस संबंध में पुलिस थाना सदर, सोलन में एफआईआर संख्या 143/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत पाबंद किया गया है। साथ ही आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद चिट्टा आरोपी तक कहां से पहुंचा तथा इसकी आपूर्ति से जुड़े अन्य लोगों की क्या भूमिका है।

## नई मेयर, नए कमिश्नर के सामने नगर निगम सोलन को पटरी पर लाने की चुनौती

### आईएएस डॉ. राजदीप सिंह को नया आयुक्त बनाया, निवर्तमान आयुक्त एकता कापटा का तबादला

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान ,सोलन।** नगर निगम सोलन में नई मेयर और नए नगर निगम आयुक्त (कमिश्नर) की तैनाती के साथ शहर की व्यवस्थाओं में सुधार की नई उम्मीद जगी है। भाजपा की मेयर सुषमा शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है, जबकि आईएएस अधिकारी डॉ. राजदीप सिंह को नगर निगम सोलन का नया आयुक्त बनाया गया है। वहीं निवर्तमान आयुक्त एकता कापटा का तबादला हो गया है। नई टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती शहर की पेयजल व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन और रुके हुए विकास कार्यों को गति देना होगी। चुनाव के दौरान किए गए वादों को धरातल पर उतारना भी नगर निगम नेतृत्व की अग्नि परीक्षा साबित होगा।



नगर निगम क्षेत्र से प्रतिदिन 25 से 30 टन कूड़ा निकलता है, जिसके वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था अभी भी चुनौती बनी हुई है। वहीं शहर की पुरानी पेयजल पाइप लाइनों में लगातार हो रही लीकेज के कारण अनुमानित 30 प्रतिशत तक पानी व्यर्थ बह जाता है। गर्मियों के मौसम में इसका सीधा असर शहरवासियों को पेयजल संकट के रूप में झेलना पड़ता है। नगर निगम में कर्मचारियों की कमी भी व्यवस्थाओं पर भारी पड़ रही है। सफाई कर्मचारियों और की-मैन की संख्या आवश्यकता से कम होने के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। तकनीकी स्टाफ की स्थिति भी चिंताजनक है। पूरे 17 वार्डों के विकास कार्यों की निगरानी और तकनीकी जिम्मेदारी केवल तीन जूनियर इंजीनियर (जेई) के भरोसे चल रही है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी हो रही है। इसके अलावा ठेकेदारों के लंबित भुगतानों के कारण कई विकास कार्य प्रभावित हैं। भुगतान समय पर न मिलने से कई परियोजनाओं की गति धीमी पड़ गई है, जिसका असर शहर के विकास पर साफ दिखाई देता है।

नई मेयर और नए आयुक्त के सामने सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ नगर निगम की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने की बड़ी जिम्मेदारी है। यदि पेयजल आपूर्ति, कूड़ा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था, तकनीकी संसाधनों की कमी और लंबित विकास कार्यों जैसी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाता है, तो नगर निगम सोलन शहरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकता है।

## ब्लाइंड मर्डर का 4 घंटे में खुलासा पत्नी और कथित साथी गिरफ्तार

### धर्मपुर : जोहड़ पटियाला गांव में पेश आया मामला

अनंत ज्ञान

**अश्विनी शर्मा, कसौली।** सोलन जिले के धर्मपुर थाना क्षेत्र के जोहड़ पटियाला के पास मिले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने महज चार घंटे में ही खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी और उसके कथित साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, 5 जुलाई को पुलिस चौकी डगशाई को सूचना मिली कि कच्ची सड़क के नीचे झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव खून से लथपथ पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 40 वर्षीय रूप लाल का शव बरामद किया, जो नेपालगंज (नेपाल) का मूल निवासी था और वर्तमान में जोहड़ पटियाला में रह रहा था। घटनास्थल पर काफी मात्रा में खून और एक खून से सना चाकू भी



बरामद हुआ। स्थानीय निवासी के बयान पर थाना धर्मपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रूप लाल अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करता था और 4 जुलाई को अपने साडू को छोड़ने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने वैज्ञानिक और तकनीकी जांच के साथ फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। गवाहों के बयान और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मृतक की पत्नी चन्द्रा चलाउने (26) की भूमिका सामने आई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर एक अन्य आरोपी चक्रा बहादुर कामी (35) को भी गिरफ्तार किया गया।

> यह एक ब्लाइंड मर्डर था, जिसे वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मात्र चार घंटे में सुलझा लिया गया। फिलहाल दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की प्रक्रिया चल रही
>
> **टीएसडी वर्मा**
> **एसपी, सोलन**

### सराहां कन्या स्कूल में 15 सदस्यीय एसएमसी का गठन, मनीषा बनी प्रधान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन कर लिया गया है। सर्वसम्मति से गठित 15 सदस्यीय समिति में मनीषा को प्रधान तथा विजेंद्र सिंह को उप-प्रधान चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत सिंह की अध्यक्षता में 4 जुलाई को अभिभावक बैठक आयोजित की गई। इससे पहले 30 जून को भी बैठक बुलाई गई थी, लेकिन अभिभावकों की कम उपस्थिति के कारण एसएमसी का गठन नहीं हो सका था। अधिक से अधिक अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दोबारा बैठक आयोजित की गई, जिसमें करीब 80 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। बैठक में विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

## कोटी धीमान स्कूल एसएमसी ने समान अवकाश व्यवस्था का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोटी धीमान की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी उस निर्णय का स्वागत किया है, जिसके तहत एक ही स्कूल कॉम्प्लेक्स में संचालित सभी विद्यालयों में समान अवकाश व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था अब पूरे हिमाचल प्रदेश के सभी स्कूल कॉम्प्लेक्सों में लागू होगी।

एसएमसी अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि समिति लंबे समय से कोटी धीमान स्कूल परिसर में एक समान अवकाश व्यवस्था लागू करने की मांग कर रही थी। इस बारे कई बार लिखित रूप में उच्चाधिकारियों को यह मुददा भेजा भी गया । इस निर्णय के बाद राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोटी धीमान, राजकीय उच्च विद्यालय, छोऊ भोगार, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, क्यारिक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, भवाई ब्लीच, तथा परिसर के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कोटी धीमान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, छोऊ भोगार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय क्यारिक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भवाई ब्लीच, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खदरडी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, एवं अन्य संबद्ध प्राथमिक विद्यालयों में अब एक समान विंटर क्लोजिंग व्यवस्था लागू होगी। उन्होंने कहा कि इससे शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक समन्वय, निरीक्षण, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा विद्यालय संचालन में एकरूपता आएगी। उन्होंने इस जनहितकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

एसएमसी का कहना है कि यह निर्णय केवल कोटी धीमान स्कूल परिसर ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के स्कूल कॉम्प्लेक्सों में समान अवकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरगामी कदम है।

## नई टारिंग के बाद भारी मशीनों का संचालन, सड़क को नुकसान का आरोप

# सड़क पर दौड़ी पोकलेन, ग्रामीणों में रोष

अनंत ज्ञान




**सोलन।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सोलन-शलूमणा सड़क के सुधारीकरण और टारिंग का कार्य पूरा हुए अभी दो महीने भी नहीं हुए हैं, लेकिन नई सड़क पर पोकलेन मशीन चलने से स्थानीय लोगों में खासा रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी मशीन के आवागमन से सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने लगी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

- सोलन-शलूमणा सड़क पर पोकलेन से बढ़ी चिंता, जांच की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से तैयार सड़क पर इस तरह भारी मशीनों का संचालन उचित नहीं है। उनका मानना है कि सामान्यतः पोकलेन जैसी मशीनों को ट्रक या ट्रॉले के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाता है, जबकि नई सड़क पर सीधे चलाने से उसकी उम्र और मजबूती प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क निर्माण के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर पुलियों और जल निकासी के लिए नालियों के निर्माण की मांग की थी, लेकिन इन सुझावों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। अब करीब 10 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर भारी मशीनों के संचालन से सड़क को नुकसान पहुंचने की आशंका और बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में तैयार हुई सड़क पर जगह-जगह क्षति के निशान दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मामले की जांच कराने, सड़क को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करने तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो संबंधित ठेकेदार या जिम्मेदार पक्ष के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, इस मामले में अभी तक लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## दोची में जनसमस्याएं सुन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# बशील में बनेगा बहुउद्देशीय पंचायत भवन, भूमि चयनित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में ग्रामीणों की आवश्यकताओं और मांग के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। वह कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत ममलीग के गांव दोची में जनसमस्याएं सुनने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

- हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता



ममलीग के गांव दोची में जन समस्याएं सुनते लोग स्वास्थ्य मंत्री। अनंत ज्ञान

इससे पहले डॉ. शांडिल ने दोची स्थित मां भीमा काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान ग्राम पंचायत ममलीग में लगभग 22 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर बशील को नई पंचायत का दर्जा दिया गया है तथा वहां पंचायत भवन के लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कराया जाएगा।

डॉ. शांडिल ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। यह केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज की सुख-शांति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज में इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जहां करीब 300 दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए तथा श्री राधा-कृष्ण मंदिर संकीर्तन मंडली, बशील को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

### डॉ. धनी राम शांडिल ने एटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज के निधन पर जताया दु:ख

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भारद्वाज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। 72 वर्षीय जगदीश भारद्वाज पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ. शांडिल ने अपने शोक संदेश में कहा कि जगदीश भारद्वाज का संपूर्ण जीवन शोषितों, मजदूरों और समाज के पिछड़े वर्गों के अधिकारों तथा कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके निधन से प्रदेश ने एक समर्पित जननेता और श्रमिक हितों के सशक्त पैरोकार को खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिवारजनों, सहयोगियों व समर्थकों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### घर की मरम्मत को लेकर पड़ोसियों में विवाद

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के टकारला गांव में घर की मरम्मत के दौरान पड़ोसियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना अंब में दर्ज शिकायत के अनुसार टकारला निवासी अमनदीप ने बताया कि वह 5 जुलाई को दोपहर करीब 1:30 बजे अपने घर की मरम्मत का कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी आयुष पुत्र कुलदीप सिंह और सुमन देवी पत्नी कुलदीप सिंह वहां पहुंचे और कथित रूप से उनके साथ कहासुनी व झगड़ा करने लगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विवाद के दौरान आयुष ने उनका मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे फोन क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### धयूंसर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय सहकारी सप्ताह के उपलक्ष्य में रविवार को सदाशिव धयूंसर महादेव मंदिर, तलमेहड़ा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सहकारी विकास संघ (ऊनकोफैड) ऊना, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, वन विभाग, सहकारिता विभाग तथा मंदिर प्रबंधन समिति के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रविंद्र जसवाल, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के सहायक महाप्रबंधक कमलजीत एवं बैंक स्टाफ, सहकारिता विभाग के जिला निरीक्षक कुशल कुमार, निरीक्षक अश्विनी कुमार और विपिन कुमार, विभिन्न सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों, वन विभाग के खंड अधिकारी विकास कौशल व वनकर्मियों तथा सदाशिव मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



### चिंतपूर्णी रेलवे स्टेशन पर रेल गाड़ियों का ठहराव न होने के कारण यात्री हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट उपमंडल के कुनेरन स्थित चिंतपूर्णी मार्ग रेलवे स्टेशन जो एक भव्य सुसज्जित रेलवे स्टेशन है इसके बावजूद भी यहां पर गाड़ियों के ठहराव न होने के कारण आम जनमानस को सुविधा होती है चिंतपूर्णी मार्ग रेलवे रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द लगभग 10 12 गांव हैं जिनको चिंतपूर्णी मार्ग रेलवे स्टेशन सुविधाजनक है इसके अलावा माता चिंतपूर्णी आवा जाही करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी चिंतपूर्णी मार्ग रेलवे स्टेशन सुविधाजनक है ट्रेनें दौलतपुर में रुकती है और दौलतपुर से चलकर अम्ब में रुकती है और मध्य में पढ़ने वाला चिंतपूर्णी मार्ग रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं है, इस बारे में काफी बार केंद्र सरकार को और यहां के स्थानीय सांसद को ज्ञापन भेजे गए हैं परंतु यहां पर ट्रेनों के स्टॉप की व्यवस्था बहाल नहीं हुई है जिस कारण आम जनमानस में रोज है, उधर गोंदपुर बनेहड़ा की पूर्व पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने केंद्रीय रेलवे मंत्री से आग्रह किया है कि इस बारे में शीघ्र कार्यवाही अमल में लाई जाए उन्होंने बताया कि इस बारे में एक ज्ञापन हस्ताक्षर करके रेलवे मंत्री को भेजा गया है जिसकी प्रतिलिपि प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया कि यह आम जनमानस से जुड़ा हुआ मुद्दा है और इस समस्या का अति शीघ्र होना चाहिए यहां पर ट्रेनों के ठहराव से हजारों की संख्या में यात्रियों को सुविधा मिलेगी, उधर इलाके के प्रबुद्ध वर्ग ने भी इस बारे में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# विधायक विवेक शर्मा ने वोहरू में विकास कार्यों का लिया जायजा

## आपदा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता करने का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को क्षेत्र की अति दुर्गम ग्राम पंचायत वोहरू का दौरा कर नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंचायत की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार और वह स्वयं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं तथा किसी भी पंचायत को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक में ग्रामीणों ने सड़क, पक्के रास्तों, पेयजल, बिजली तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक



ग्राम पंचायत वोहरू में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

दिशा-निर्देश देने की बात कहते हुए कहा कि सभी समस्याओं का चरण बद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। साथ ही विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बीते वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण कई परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था और कुछ परिवार बेघर भी हो गए थे। ऐसे प्रभावित परिवारों को स्थायी आशियाना उपलब्ध करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और प्रशासन के सहयोग से राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत वोहरू में सड़क निर्माण, संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण और पक्के रास्तों के निर्माण कार्यों में आने वाले समय में और अधिक तेजी लाई जाएगी। इससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। विधायक विवेक शर्मा ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से भी विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य करेंगे तो क्षेत्र की अधिकांश समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव होगा। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासन तक पहुंचाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने विधायक के पंचायत दौरे और समस्याओं को मौके पर सुनने की पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके आश्वासनों के अनुरूप विकास कार्य जल्द धरातल पर दिखाई देंगे।

# चिंतपूर्णी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, सड़क तक पहुंचीं कतारें

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भीड़ के चलते लाइनें मंदिर परिसर से मुख्य सड़क और पुराने बस अड्डे तक पहुंच गई। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए करीब तीन से चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। भीड़ के बीच सबसे चिंताजनक स्थिति यह रही कि जिस सड़क पर श्रद्धालुओं की कतारें लगी थीं, उसी मार्ग पर वाहनों का आवागमन भी सामान्य रूप से जारी रहा। श्रद्धालुओं और वाहनों की एक साथ आवाजाही से कई बार अव्यवस्था की स्थिति बनी और हादसे की आशंका बनी रही। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब दर्शनार्थियों की लाइन सड़क तक पहुंच गई थी तो उस दौरान वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाई जानी चाहिए थी। उनका कहना था कि बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे गाड़ियों और भीड़ के बीच से गुजरने को मजबूर रहे, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



**◆ ट्रैफिक व्यवस्था पर उठे सवाल विशेष प्रबंधन करने की मांग**

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि भीड़ के अनुरूप न तो वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई और न ही पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नजर आई। इसके चलते पैदल श्रद्धालुओं और वाहनों दोनों को आवाजाही में दिक्कतें झेलनी पड़ीं। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि सप्ताहांत और अन्य व्यस्त दिनों में, जब दर्शनार्थियों की संख्या अधिक रहती है, तब मंदिर के आसपास विशेष ट्रैफिक प्रबंधन लागू किया जाए।

# कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को 'सेस स्टेट' बना दिया: विनय शर्मा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी जिला ऊना के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई सरकार अब जनता पर टैक्स और सेस का बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि राहत देने के वादे करने वाली सरकार बिजली के बढ़े हुए बिलों और नए-नए सेस के जरिए आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। विनय शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के लाखों परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी थी, जबकि कांग्रेस ने चुनावों में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार न केवल अपना वादा पूरा करने में विफल रही, बल्कि पहले से मिल रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा भी समाप्त कर दी। उन्होंने कहा कि बिजली के बिलों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। इसके साथ ही मिल्क सेस, पेट्रोल-डीजल पर अतिरिक्त बोझ और अन्य सेस लगाकर किसान, कर्मचारी, व्यापारी, महिलाएं और युवाओं सहित हर वर्ग पर आर्थिक दबाव बढ़ाया जा रहा है। उनके अनुसार सरकार विकास के मोर्चे पर विफल रही है और आर्थिक संकट का बोझ जनता पर डाल रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार, महिलाओं से किए गए वादे और मुफ्त बिजली जैसी गारंटियां तो पूरी नहीं की गईं, लेकिन नए-नए सेस जरूर लागू कर दिए।

# विधायक से की गोंदपुर बनेहड़ा से वाया सुंकाली बस चलाने की मांग

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा से वाया बिलू तलाई सुंकाली होकर मुबारकपुर के लिए कोई भी बस सेवा नहीं है यह बहुत पुरानी सड़क है और इस सड़क से रोजाना काफी संख्या में लोगों की आवा जाही है सुंकाली से लोग गोन्दपुर बनेहड़ा पटवार सर्कल, बैंक आदि अपने कामों के लिए आते हैं इसके अलावा तहसील घनारी जाने के लिए यह रास्ता ही सबसे शार्ट है तथा डेरा बाबा रुद्रानन्द आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ स्वास्थ्य केंद्र अमलेहड़ सुंकाली आवाजाही ही करने के लिए रास्ता सुगम है, कभी इस सड़क पर काफी संख्या में बसों की आवाजाही रहती थी और आज कल यहां पर एक भी बस सेवा नहीं है गोन्दपुर बनेहड़ा लो पंचायत की पूर्व सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा बरहमपुर पंचायत सदस्य रेनू वाला पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा महेंद्र सिंह जसवाल अंकुश जसवाल संदीप चौहान दिनेश शर्मा इलाके के लोगो विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने विधायक राकेश कालिया से आग्रह किया है कि गोन्दपुर बनेहड़ा से वाया सुंकाली बस सेवा शुरू की जाए, पंचायत सदस्य पूर्व सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया कि इस बारे में जल्द एक ज्ञापन स्थानीय विधायक को भेजा जाएगा, स्मरण रहे इस सड़क पर बसों की आवाज यही शुरू होने से काफी गांव के लोगों की जनता को सुविधा मिलेगी।

# बंगाणा में बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव टलने पर भाजपा का प्रदर्शन

## भाजपा बोली-हमारे पास बहुमत होने के बावजूद रोका चुनाव

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में बीडीसी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव को स्थगित किए जाने के विरोध में कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने सोमवार को बंगाणा चौक पर भाजपा नेता दविंदर भुट्टो के नेतृत्व में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनाव प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने दावा किया कि बंगाणा बीडीसी में भाजपा समर्थित 14 सदस्य उनके साथ हैं और पार्टी के पास स्पष्ट बहुमत है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने की स्थिति में है तो चुनाव स्थगित लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ न्याय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव को जानबूझकर टालकर बहुमत का अनादर किया गया है।

भाजपा के निर्वाचित सदस्य एकजुट हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना अध्यक्ष चुनने के लिए पूरी तरह तैयार थे।

### बागटूर मार्शल आर्ट चैंपियनशिप की तैयारी तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बगटुर मार्शल आर्ट एसोसिएशन की बैठक जिला मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश बगटुर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के राज्य महासचिव सराज अख्तर शामिल हुए। बैठक में अगस्त माह में होने वाली पांचवीं राज्य स्तरीय बागटूर मार्शल आर्ट चैंपियनशिप की तैयारियों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बागटूर फेडरेशन ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन होगा। इसमें 12 जिलों की पुरुष एवं महिला टीमें भाग लेंगी और लगभग 300 खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। खेल को ग्रामीण स्तर तक बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चल रहे हैं। 11 जुलाई को समिति गठन के लिए अगली बैठक होगी। जिससे युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा।

### विद्यार्थियों को बताया डेटा, शोध का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर में करियर काउंसलिंग, गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल तथा अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग के सहयोग से दो दिवसीय सांख्यिकी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण योजना के तहत हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सांख्यिकी के बढ़ते महत्व से अवगत कराना था। जिला सांख्यिकी अधिकारी ललित ने बताया कि कार्यशाला में चार विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों ने विभिन्न सत्रों में छात्रों को डेटा विश्लेषण, तार्किक निष्कर्ष और साक्ष्य-आधारित निर्णय की प्रक्रिया समझाई। विशेषज्ञों ने कहा कि आज के सूचना-आधारित युग में सांख्यिकी शोध, सुशासन और नीति निर्माण की मजबूत आधारशिला है। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर विषय पर विशेषज्ञों से संवाद किया और अपने प्रश्न रखे।

### व्यापार मंडल का विशाल भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हर वर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए सदर मार्केट व्यापार मंडल द्वारा इस वर्ष भी 7 जुलाई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भंडारा शहीद स्मारक के समीप प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। राम लाल शर्मा ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को सफल बनाने के लिए किसी न किसी रूप में अपनी सहभागिता अवश्य निभाएं। व्यापार मंडल ने अधिक से अधिक लोगों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और आयोजन की गरिमा बढ़ाने का भी आग्रह किया है।

### एचपी शिवा परियोजना से बिलासपुर के लंझता गांव में लीची उत्पादन को मिली नई पहचान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत लंझता में एचपी शिवा परियोजना के तहत लीची उत्पादन तेजी से किसानों की आय का नया साधन बन रहा है। वर्ष 2019-20 में शुरू हुई इस पहल के अंतर्गत अब तक 13.5 हेक्टेयर क्षेत्र में 54 किसानों द्वारा 10 हजार से अधिक लीची के पौधे लगाए गए हैं। परियोजना के तहत किसानों को जल भंडारण टैंक, तकनीकी मार्गदर्शन और वैज्ञानिक बागवानी की सुविधाएं भी दी गई हैं। पौधों पर अब फल आने शुरू हो गए हैं, जिससे किसानों में उत्साह है। किसान प्रकाश चंद और लता देवी ने बताया कि उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। उद्यान विभाग के अनुसार हाई-डेंसिटी प्लांटेशन और नियमित प्रशिक्षण से यह क्लस्टर भविष्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।

# स्वारघाट में जल संकट पर ग्रामीणों की आवाज तेज, बोरवेल की उठी मांग

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** स्वारघाट क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता बीरी सिंह ने सोमवार को उपमंडलाधिकारी स्वारघाट को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बलटिया क्षेत्र में तकनीकी सर्वे करवाकर उपयुक्त स्थान पर बोरवेल स्थापित करने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में बीरी सिंह ने कहा कि स्वारघाट अब नगर पंचायत बन चुका है तथा यहां एसडीएम कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, पुलिस थाना, वन विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत उपमंडल, बीडीओ कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों स्थानीय लोग एवं दूर-दराज से आने वाले नागरिक अपने कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन क्षेत्र में लगातार बनी पेयजल समस्या के कारण आम जनता और सरकारी कार्यालयों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों का मानना है कि स्वारघाट के समीप स्थित बलटिया क्षेत्र में तकनीकी जांच के बाद बोरवेल स्थापित किया जाए तो पूरे क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकता है। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ सरकारी संस्थानों को भी पर्याप्त राहत मिलेगी। बीरी सिंह ने एसडीएम से आग्रह किया कि संबंधित विभागों को निर्देश देकर बलटिया क्षेत्र का शीघ्र तकनीकी सर्वे कराया जाए और यदि स्थान उपयुक्त पाया जाए तो जनहित को देखते हुए वहां बोरवेल स्थापित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगा।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण व कौशल प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत संचालित जन शिक्षण संस्थान, बिलासपुर के मुख्य कार्यालय विजयपुर में 'फंडामेंटल्स ऑफ पोषक (पोषण शिक्षा एवं कौशल) फॉर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता' प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कौशल विकास से संबंधित व्यवहारिक और तकनीकी ज्ञान प्रदान कर उन्हें अधिक सक्षम एवं प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर उपायुक्त (एडीसी) बिलासपुर ओमकांत ठाकुर थे। विशिष्ट अतिथियों में एसडीएम झंडूत्ता अर्शिया शर्मा, सीडीपीओ बिलासपुर पवन कुमार, पोषक जिला समन्वयक रुचिका, सुपरवाइजर प्रवीण ठाकुर तथा हेमलता शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने आई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इसके पश्चात जन शिक्षण संस्थान, बिलासपुर के निदेशक अरुण कुमार गौतम ने संस्थान की स्थापना, इतिहास एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की रूपरेखा, मॉड्यूल, स्वच्छता के महत्व तथा वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता और समर्पण के साथ पूरा करने का आह्वान किया।

# विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, लाइब्रेरी सुविधा व स्कॉलरशिप की दी जानकारी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता के पूजन से हुई। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत बैज लगाकर किया गया। मंच संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर के द्वारा संभाला गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के विजन और मिशन विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए जीवन में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी और समाज में समाज के प्रति हमारा क्या दायित्व है और किस प्रकार से अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी है, इसके ऊपर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में उन्होनें ज्ञान, आत्मविश्वास और भविष्य दृष्टिकोण पर बल दिया।

डॉ. देवेंद्र ठाकुर के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद नवागंतुक विद्यार्थियों को लाइब्रेरियन सीमा ठाकुर के द्वारा लाइब्रेरी कार्ड एवं लाइब्रेरी में विभिन्न पुस्तकों को किस प्रकार विद्यार्थी आसानी से अध्ययन कर सकते हैं, इसके विषय में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. वीरेंद्र शर्मा के द्वारा एंटी रैगिंग एवं अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के विषय में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद प्रो. राम प्रकाश चैहान के द्वारा विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप के विषय में विस्तृत जानकारी सांझा की गई। प्रो. हंसा द्वारा एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट की विस्तार पूर्वक जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शिक्षक गण एवं गैर शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# बिलासपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी: 976 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना सदर की टीम ने मंडी भरारी क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक कार से लगभग एक किलोग्राम (976 ग्राम) अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की बरामदगी को जिले में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना सदर की टीम ने नियमित गश्त एवं नाकाबंदी के दौरान कार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 976 ग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजीव कुमार पुत्र चानण राम, निवासी गांव व डाकघर अजौली, तहसील व जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) के रूप में हुई है।

इस संबंध में पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 163/2026, दिनांक 5 जुलाई 2026, के तहत धारा 18, एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है। यह



कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बिलासपुर में कार्यभार संभालने के बाद नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उनके नेतृत्व में पुलिस लगातार नशा माफिया पर शिकंजा कस रही है। कार्यभार संभालने के लगभग एक महीने के भीतर ही जिले में हुई इस बड़ी बरामदगी को पुलिस की सक्रिय कार्यशैली और प्रभावी रणनीति का परिणाम माना जा रहा है।

जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा व युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बिलासपुर में कॉलेज शिक्षकों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन, लंबित मांगों को लेकर जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) की स्थानीय इकाई, राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आज राज्य स्तरीय आह्वान के समर्थन में एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य काले बैज पहनकर शांतिपूर्ण ढंग से अपने विरोध को दर्ज कराते हुए एकजुटता प्रदर्शित करते नजर आए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। प्रमुख मांगों में कॉलेज शिक्षकों के लिए करियर एडवांसमेंट स्कीम को तत्काल प्रभाव से लागू करना, सभी पात्र शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि जोड़ते हुए पदोन्नति लाभ प्रदान करना, महंगाई भत्ता की लंबित किस्तों का शीघ्र भुगतान तथा सभी बकाया एरियर जारी करना शामिल हैं।

गेट मीटिंग के दौरान शिक्षकों ने आशा व्यक्त की कि सरकार जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। बैठक के अंत में एचजीसीटीए स्थानीय इकाई बिलासपुर के सभी पदाधिकारियों—अध्यक्ष डॉ. सुरजीत चंदेल, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश, सचिव डॉ. विजय, कोषाध्यक्ष डॉ. मोनिका तथा संयुक्त सचिव प्रो. हितेश—ने समस्त सदस्यों के साथ मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से सरकार को प्रेषित किया। इस अवसर पर केंद्रीय इकाई के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. सुरिंदर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कल्याण कला मंच का गैहरा में सम्मान समारोह, तीन विभूतियां की सम्मानित



गैहरा में कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के गैहरा गांव स्थित सरस्वती शर्मा के निवास पर कल्याण कला मंच की मासिक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 35 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। मंच के मुख्य संरक्षक डॉ. लेख राम शर्मा के सानिध्य में हुए इस आयोजन की अध्यक्षता निदेशक सुरेन्द्र मिन्हास ने की, जबकि संचालन संयोजक अमर नाथ धीमान ने किया।

इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक बेली राम टैगोर और वरिष्ठ अधीक्षक धर्म पाल शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच की गतिविधियों और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाजसेवा से जुड़े कार्यों की सराहना की गई।

समारोह में बेली राम टैगोर, हिडिंबा वेलफेयर सोसाइटी और दिव्यांग सदस्य सरस्वती शर्मा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही अन्य अतिथियों व सदस्यों को भी पुष्पहार, बेज और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन आभार व्यक्त और सहयोग के संकल्प के साथ किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी में मनाया दलाईलामा का 91वां जन्मोत्सव

**अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में तिब्बती समुदाय द्वारा परम पावन 14वें दलाईलामा का 91वां जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय समारोह के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में तिब्बती समुदाय के लोगों, स्थानीय नागरिकों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशा कुमारी मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर नगर परिषद डलहौजी की अध्यक्ष वंदना चड्ढा, उपाध्यक्ष रीना जरयाल, एसडीएम अनिल भारद्वाज, तहसीलदार रमेश चौहान तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। तिब्बती एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। समारोह में समाजसेवा में योगदान देने वाले तिब्बती समुदाय के लोगों को सम्मानित भी किया गया।

### ग्रामीणों ने की प्राकृतिक जलस्रोत की सफाई

**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** विकास खंड मैहला की राडी पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य विकास शर्मा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर प्राकृतिक जल स्रोत और बावड़ी की सफाई कर सराहनीय पहल की। वर्षों पुराने इस जल स्रोत से राडी, मैलाह फेठा और भटवाड़ा के सैकड़ों ग्रामीण व मवेशियों को पानी मिलता है। ग्रामीणों ने बावड़ी से मिट्टी और कचरा निकालकर जल स्रोत के आसपास सफाई की तथा 'जल ही जीवन है' और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से जलस्रोत और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### डलहौजी- बनीखेत वैकल्पिक मार्ग का काम शुरू



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुविधा देने के की मंशा से डलहौजी से बनीखेत तक जो वैकल्पिक सड़क बनना प्रस्तावित थी, उसका काम अब शुरू हो गया। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अर्जुन मक्कड़ ने बताया कि यह सड़क डलहौजी के कथलग गांव से शुरू होगी जो की बनीखेत से आगे पेट्रोल पंप के नजदीक जाकर राष्ट्रीय राजमार्ग 154 ए के साथ मिलेगी, जिससे कि यहां से पठानकोट या आगे जाने वाले वाहनों को बनीखेत बाजार से गुजरना नहीं पड़ेगा और इससे अक्सर लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि आज कथलग गांव से इस मार्ग के लिए कटिंग का काम शुरू कर दिया गया है जिस पर कुल 45 लाख रुपए के करीब खर्चा आएगा और यह सड़क की लंबाई 4 किलोमीटर के करीब होगी। स्थानीय लोगों एवं पर्यटन व्यवसायियों ने इस मार्ग का काम शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि इसके बनने से लोगों को बहुत ही सुविधा होगी।

### चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने उठाए जनहित मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक होटल इरावती में अध्यक्ष ओमप्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले से जुड़े विभिन्न जनहित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। साथ ही जिला प्रशासन, नगर परिषद चंबा और प्रदेश सरकार से इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया गया। एसोसिएशन ने नगर परिषद चंबा द्वारा वार्डों के निरीक्षण और जनसमस्याओं के समाधान के प्रयासों की सराहना की। बैठक में आगामी अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान रावी पुल कैंप क्षेत्र को कचरा मुक्त करने और व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने की मांग की गई। मणिमहेश यात्रा में बेहतर सुविधाएं, एचआरटीसी चंबा डिपो की स्थिति सुधारने, नई बसें उपलब्ध कराने तथा इलेक्ट्रिक बस सेवा और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की भी मांग उठाई गई।

# अधोट गांव में खराब ट्रांसफार्मर और ठप पेयजल व्यवस्था से जनजीवन बेहाल

## लोगों ने दिया अल्टीमेटम, कहा- अब भी नहीं जागा प्रशासन तो उपायुक्त कार्यालय का होगा घेराव

अनंत ज्ञान



बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** विकास खंड की साहू पधर पंचायत के अधोट गांव में पिछले कुछ समय से बिजली और पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। लगातार आ रही इन समस्याओं के कारण ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव का बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण लोगों को लगातार बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होने से लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। सबसे अधिक कठिनाई बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को तुरंत बदला जाए तथा पेयजल व्यवस्था को शीघ्र बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर उपायुक्त कार्यालय चंबा के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि आम जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े इस गंभीर मामले को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़ेगा।

# कार पर गिरे पत्थर, 14 वर्षीय किशोरी की मौत

अनंत ज्ञान

◆ ढकोग-बन्नी मार्ग पर पेश आया हादसा

**भरमौर।** भरमौर उपमंडल के ढकोग-बन्नी सड़क मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में चलती कार पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से 14 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार धर्मशाला के नड्डी क्षेत्र से दो परिवार दो अलग-अलग वाहनों में बन्नी माता मंदिर में माथा टेकने के लिए आए थे। दर्शन कर लौटते समय औरा कैंची मोड़ के पास अचानक पहाड़ी से बड़े पत्थर वाहन पर आ गिरे। इस दौरान वाहन में सवार 14 वर्षीय दीक्षता गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अन्य यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। थाना प्रभारी बाबूराम शर्मा ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना से संबंधित सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। वहीं, ग्राम पंचायत तुंदा के प्रधान पुरुषोत्तम चंद ने बताया कि मंदिर आए श्रद्धालुओं की गाड़ी पर अचानक पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण यह दुखद हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि घटना के बाद उन्होंने अपनी निजी गाड़ी के माध्यम से प्रभावित परिवार के सदस्यों को सुरक्षित वापस भेजने की व्यवस्था की। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में इस सड़क पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त: सुरजीत

अनंत ज्ञान

◆ बोले- भरमौर-पांगी महाविद्यालय में साइंस संकाय को नहीं होने देंगे बंद



**भरमौर/पांगी।** भरमौर और पांगी के महाविद्यालयों में साइंस संकाय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एवं एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार के रहते भरमौर और पांगी महाविद्यालयों में साइंस संकाय को बंद करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सुरजीत शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने अपने शासनकाल में भरमौर महाविद्यालय से साइंस संकाय समाप्त कर हजारों विद्यार्थियों की उम्मीदों पर चोट पहुंचाई थी। वहीं, आज छात्रों के हितैषी बनने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि पूर्व भाजपा सरकार ने साइंस संकाय को बंद किया, जबकि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इसे बहाल कर न केवल विद्यार्थियों का विश्वास लौटाया, बल्कि रिक्त पदों को भरकर शिक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि जनजातीय क्षेत्रों का कोई भी विद्यार्थी केवल संसाधनों की कमी या भौगोलिक कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। इसी सोच के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है और सरकार 'घर-द्वार पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' के अपने संकल्प को धरातल पर उतार रही है। एडवोकेट शर्मा ने कहा कि भरमौर, पांगी और लिल्ह कोठी जैसे दुर्गम क्षेत्रों के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कांग्रेस सरकार शिक्षा, रोजगार और जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के अपने संकल्प पर पूरी मजबूती से कायम है और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा हर हाल में सुनिश्चित करेगी।

# पोक्सो मामले में दोषी पिता को 20 साल का कठोर कारावास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा की विशेष न्यायाधीश अनुजा सूद की अदालत ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।



अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। संयुक्त निदेशक अभियोजन चंबा दिग्विजय सिंह राणा ने बताया कि मामला मार्च 2023 का है। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने नशे की हालत में अपनी नाबालिग बेटी के साथ गंभीर यौन उत्पीड़न किया। घटना के बाद पीड़िता ने अपनी सौतेली मां को इसकी जानकारी दी। बाद में उसने एक परिचित महिला को पूरी घटना बताई, जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाकर अदालत में चालान प्रस्तुत किया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 19 गवाहों के बयान अदालत में दर्ज करवाए। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामले में राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक सोहम कौशल ने प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में सफल रहा।

# चुराह में पंगोला नाले का रौद्र रूप, फ्लैश फ्लड से चंबा-तीसा हाईवे ठप

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह उपमंडल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने रविवार को विकराल रूप धारण कर लिया। पंगोला नाले में अचानक आए फ्लैश फ्लड ने चंबा-तीसा मुख्य मार्ग को पूरी तरह ठप कर दिया। तेज बहाव के साथ आए भारी मलबे, बोल्डरों और पत्थरों ने सड़क को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मार्ग दोनों ओर से बंद हो गया और वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। इसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फ्लैश फ्लड के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं तथा सड़क से मलबा हटाकर यातायात बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर राहत एवं बहाली कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि लगातार जारी बारिश राहत कार्यों में चुनौती बनी हुई है। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों और यात्रियों से अपील की है कि मौसम सामान्य होने तक अनावश्यक यात्रा से बचें तथा नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहें। मौसम की स्थिति को देखते हुए लोगों को पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। राहत की बात यह रही कि समाचार लिखे जाने तक इस घटना में किसी प्रकार के जानी नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

# अंबाला के नए साइंस सेंटर का नाम होगा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर, प्रतिमा भी लगेगी: सीएम सैनी



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा, त्याग और सिद्धांतों का प्रतीक है।

उनकी जयंती केवल उन्हें स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का अवसर है। मुख्यमंत्री सोमवार को अंबाला में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 125 स्मरण पक्ष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अंबाला में 85 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा, साथ ही निर्माणाधीन शहीद स्मारक के नजदीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष से जुलाई 2027 तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का दो वर्षीय जयंती समारोह मनाया जा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रणेता थे।

# दीक्षप्रीत कौर ने 'ग्लिट्ज मिस पंजाब 2026' का जीता ताज

अनंत ज्ञान




**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** चितकारा यूनिवर्सिटी में बीती रात आयोजित एक भव्य फिनाले के दौरान दीक्षप्रीत कौर को 'ग्लिट्ज़ मिस पंजाब 2026' का ताज पहनाया गया। प्रतियोगिता में रिधिमा को फर्स्ट रनर-अप और स्पर्या चौहान को सेकंड रनर-अप घोषित किया गया। सौंदर्य प्रतियोगिता के आयोजक रणदीप चौधरी ने बताया कि इस शो में कुल 43 महिला मॉडलों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस क्षेत्र के सबसे बड़े पेजेंट में से एक है, जो प्रतिभागियों को अपनी शालीनता, प्रतिभा और विशिष्टता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

टाइटल पार्टनर चितकारा यूनिवर्सिटी और पॉवर्ड बाय पाल्मोनास के साथ, इस पेजेंट ने वाइल्डकार्ड एंट्रीज़ और कड़े अंतिम ऑडिशन के बाद अपनी खोज पूरी की। यह प्रतियोगिता 'ब्यूटी विद पर्पस' पर केंद्रित थी, जो युवा महिलाओं को सीमाओं को तोड़ने और अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए सशक्त बनाती है।

# चंडीगढ़ में खुला एसर ईवी को नया शोरूम

## मेयर सौरभ जोशी ने किया शुभारंभ, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने सोमवार को सेक्टर-22 स्थित एसर ईवी मोटरबाइक शोरूम का उद्घाटन किया। बढ़ती पेट्रोल और डीजल की कीमतों के बीच शहरवासियों को किफायती और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शोरूम शुरू किया गया है।

इस अवसर पर शहर के सीनियर डिप्टी मेयर जसमन सिंह और, डिप्टी मेयर सुमन , इलाका पार्षद दमनप्रीत सिंह और नामिनेटेड पार्षद उमेश घई के साथ संस्थापक डॉ. इरफान खान तथा चंडीगढ़ प्रभारी सुरेश गोयल भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि एसर ईवी मोटरबाइक्स , स्कूटी, बाइक आदि आधुनिक तकनीक, बेहतर माइलेज और कम परिचालन लागत के साथ लोगों को वैकल्पिक ईंधन आधारित परिवहन का विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेंगी। डॉ. इरफान खान ने कहा कि ईबीजी ग्रुप द्वारा भारत में एसर ईवी मोटरबाइक्स, स्कूटी और बाइक लॉन्च की गई हैं। ग्रुप वेलनेस इंडस्ट्री के साथ-साथ कई अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय है और देशभर में नवाचार एवं टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सेक्टर-22 में शहर के मध्य स्थित यह नया शोरूम चंडीगढ़वासियों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और अधिक सुलभ बनाएगा। चंडीगढ़ प्रभारी सुरेश गोयल ने कहा कि बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यह शोरूम लोगों को गुणवत्तापूर्ण ईवी मोटरबाइक्स, बेहतर बिक्री-पश्चात सेवाएं और सुविधाजनक विकल्प एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शहरवासी इस पर्यावरण-अनुकूल पहल का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# हरियाणा में मातृ मृत्यु रोकने के लिए 16 दिन चलेगा राज्यव्यापी अभियान

अनंत ज्ञान

◆ 22 तक सभी जिलों में चलेगा 'शून्य निवारणीय मातृ मृत्यु पखवाड़ा'

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने रोकी जा सकने वाली मातृ मौतों को समाप्त करने के लक्ष्य के साथ 7 से 22 जुलाई तक पूरे प्रदेश में 'शून्य निवारणीय मातृ मृत्यु पखवाड़ा' चलाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के माध्यम से संचालित इस राज्यव्यापी अभियान के दौरान प्रत्येक गर्भवती महिला तक समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान, समय पर रेफरल और प्रसवोत्तर सेवाएं पहुंचाने पर विशेष फोकस रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी गर्भवती महिला आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और मातृ मृत्यु दर को और कम करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अभियान के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय रहते पहचान कर उनका लगातार फॉलो-अप किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर महिलाओं को तत्काल उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जाएगा, ताकि प्रसव के दौरान किसी प्रकार की जटिलता को समय रहते संभाला जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के साथ समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को भी और प्रभावी बनाया जाएगा। आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स और चिकित्सा अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय रहकर गर्भवती महिलाओं से संपर्क बनाए रखेंगे।

एनएचएम हरियाणा के मिशन निदेशक डॉ. आरएस ढिल्लों ने बताया कि अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सभी सिविल सर्जनों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठकें की जा चुकी हैं। जिलों को उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, नियमित प्रसव पूर्व जांच, समय पर रेफरल, प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) में चौबीसों घंटे तैयारियां बनाए रखने और प्रत्येक संवेदनशील मामले की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। एनएचएम के निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि अभियान को व्यापक बनाने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हरियाणा और फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) के हरियाणा चैप्टर से सहयोग मांगा गया है। निजी अस्पतालों से जुड़े चिकित्सकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का अनुरोध किया गया है।

# अमृतसर में नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

## 13 किलो हेरोइन बरामद

**एजेंसी, अमृतसर।** काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) ने दो नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करके तीन व्यक्तियों को 13 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि वर्तमान में खेराबाद, अमृतसर में रह रहे खेमकरण (तरन तारन) निवासी अकाशदीप सिंह तथा गांव भोडीवाला, जिला मोगा निवासी मंगल सिंह व बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीमों ने मादक पदार्थ की बरामदगी के अलावा नशा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही हुंडई वर्ना कार (यूपी-14-डीएल-0324) भी जब्त कर ली है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार गिरफ्तार आरोपित विभिन्न स्थानों से हेरोइन की खेप प्राप्त कर उसे पूरे पंजाब में अलग-अलग पार्टियों तक पहुंचाते थे। पहले ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर की पुलिस टीमों को पुख्ता सूचना मिली थी कि अकाशदीप के पास हेरोइन की बड़ी खेप पहुंची है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने खेराबाद, अमृतसर स्थित उसके घर पर छापा मारकर उसके कब्जे से 8 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होंने बताया कि एक अन्य कार्रवाई में पुलिस को सूचना मिली थी कि दो नशा तस्कर अपनी वर्ना कार में हेरोइन की खेप की सप्लाई करने जा रहे हैं।

# निफ्टम और न्यूजीलैंड के मैसी विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

अनंत ज्ञान



**सोनीपत।** सोनीपत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अधीन कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम-कुंडली) ने न्यूजीलैंड के मैसी विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के माध्यम से खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, नवाचार और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत किया जाएगा। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव एपी दास जोशी, संयुक्त सचिव देवेश देवल, निफ्टम-कुंडली के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय तथा दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किए गए। इस साझेदारी के तहत संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन, तृतीय-पक्ष वित्तपोषण के लिए संयुक्त प्रस्ताव तैयार करना, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों और शैक्षणिक बैठकों में भागीदारी, संकाय एवं शोधकर्ताओं का आदान-प्रदान तथा छात्र गतिशीलता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। दोनों संस्थानों ने सहयोगात्मक गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए समर्पित समन्वयकों की नियुक्ति करने पर भी सहमति जताई है, जो विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यह एमओयू प्रारंभिक रूप से पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे अगले पांच वर्षों के लिए भी बढ़ाया जा सकेगा। समझौते में दोनों संस्थानों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा का भी विशेष प्रावधान किया गया है तथा इसे भविष्य में व्यापक शैक्षणिक साझेदारी के लिए एक मजबूत आधार माना जा रहा है। इस सहयोग से खाद्य प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

# गुरुदेव की पावन स्मृति में राष्ट्रीय विराग मंच ने लगाए 36 पौधे

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विराग मंच द्वारा परम पूज्य युग सर्वोत्कृष्ट समाधि साधक गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महामुनिराज के तृतीय समाधि दिवस के अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27-बी, चंडीगढ़ में श्रद्धा एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ भव्य पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27-बी, चंडीगढ़ के प्रधान धर्मबहादुर जैन, कैलाश चंद जैन, करुण जैन, विजय जैन, नवरत्न जैन सहित कई उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विराग मंच के अध्यक्ष श्री आकाश जैन ने कहा कि मंच समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। गुरुदेव की प्रेरणा से समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष 36 पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

पौधारोपण अभियान में अशोक कुमार जैन, सुनीता जैन, शिप्रा जैन (ढकोली), अमित भारद्वाज, मनोज शुक्ला, पायलट अनूप सरीन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कर-कमलों से कुल 36 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने गुरुदेव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सहभागी बनने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विराग मंच ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं धार्मिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### बेसहारा बैल से टकराई कार, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के आदर्श नगर क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 7:55 बजे आदर्श नगर स्थित शिवाय ऑटोमोबाइल के समीप अवतार सिंह निवासी गांव लक्कड़मंडी, तहसील डल्होजी, जिला चंबा अपनी कार चला रहा था। आरोप है कि उसने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए सड़क पर खड़े एक लावारिस बैल को टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक अवतार सिंह तथा कार में सवार विपन कुमार निवासी गांव सुमतर, डाकघर तूनहड़ी, तहसील भटियात, जिला चंबा घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल अंब पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने विपन कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक का उपचार किया गया। पुलिस ने एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर आरोपी चालक अवतार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वीर योद्धा सुखदेव नालटा पंचतत्व में विलीन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पाक के साथ युद्ध में वीरता से लड़े सरकाघाट के जांबाज सैनिक का निधन हो गया निधन की सूचना मिलते ही पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया भारतीय सेना की आर्म्ड कोर 14 सिंध हॉर्स के नायक सुखदेव नालटा गांव सरकाघाट, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के मूल निवासी थे, इन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में टैंक से दुश्मन के ऊपर भीषण प्रहार किया, और दुश्मन के टैंको को नष्ट कर दिया ,और दुश्मन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था इस युद्ध वे गंभीर रूप से घायल होने बाद भी अपनी परवाह ना करते हुए भारत मां के इस सपूत ने दुश्मन पर प्रहार जारी रखा और भारत माता का सिर झुकने नहीं दिया इनकी बहादुरी और वीरता को पूरा देश सलाम करता है आज उनके आकस्मिक निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है उनको अंतिम विदाई देने के लिए ,यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश सरकाघाट यूनिट के ,अध्यक्ष कैप्टन अशोक कुमार ने परिवार को सात्वांना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया, सूबेदार मेजर दुनी चंद ,सूबेदार कुलदीप नायब सूबेदार अशोक शर्मा पेटी ऑफिसर अरविंद शर्मा ,सूबेदार तुलसीराम ,और उप प्रधान वीरेंद्र शर्मा के साथ , लेखराज, राजेश भारद्वाज चमन लाल एडवोकेट नानक चंद राव रमेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, और परिवार जनों के , साथ सैकड़ो नम आंखों ने इन्हें अंतिम विदाई दी

### 150 बेड का हुआ सरकाघाट अस्पताल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकाघाट क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात दी है। जिला मंडी के नागरिक अस्पताल सरकाघाट का स्तर सुधारते हुए इसे 100 बेड से बढ़ाकर 150 बेड का कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी साझा करते हुए सरकार के इस कदम की सराहना की है। हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार के आदेशानुसार जनहित में नागरिक अस्पताल सरकाघाट के अपग्रेडेशन के आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। यह अधिसूचना 3 जुलाई 2026 को शिमला से प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) एम. सुधा देवी द्वारा जारी की गई है।

### नियुक्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सवाल उठाना मानहानि नहीं: एसएफआई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर एसएफआई ने शिक्षकों के एक ज्ञापन पर पलटवार करते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय की नियुक्तियों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सवाल उठाना किसी भी तरह से मानहानि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकार है। संगठन ने स्पष्ट किया कि उसका विरोध किसी शिक्षक विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने के उद्देश्य से है। एसएफआई का कहना है कि कुलपति को सौंपे गए आठ ज्ञापनों में विश्वविद्यालय के आधिकारिक अभिलेखों, भर्ती विज्ञापन संख्या 17/2019 तथा विश्वविद्यालय के आदेशों के आधार पर ही सवाल उठाए गए हैं। यदि सभी नियुक्तियां नियमों के अनुरूप हुई हैं तो प्रशासन स्वतंत्र जांच कराकर तथ्यों को सार्वजनिक करे। एसएफआई ने कहा कि यूआईआईटी में सहायक आचार्य (सिविल इंजीनियरिंग) और आईसीडीईओएल में एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) की नियुक्तियों सहित भर्ती से जुड़े मामलों की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराई जानी चाहिए। संगठन ने आरोप लगाया कि यदि जांच की मांग करने वाले छात्रों को दबाने या चुप कराने का प्रयास किया गया तो इसके खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा। एसएफआई इकाई सचिव मुकेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने सौंपे गए आठ ज्ञापनों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो संगठन संबंधित नियुक्तियों से जुड़े दस्तावेज मीडिया के सामने रखेगा और विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव भी करेगा।

# रामलाल ठाकुर विकास की अमिट पहचान : रोहित

## नौ बार विधायक, दो बार सीएम, एक बार राज्यपाल रहे जननायक को पुण्यतिथि पर किया याद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** कोटखाई में सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथा जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौ बार विधायक रहे स्वर्गीय ठाकुर रामलाल की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर, वर्तमान एवं पूर्व पंचायत जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने ठाकुर रामलाल के राजनीतिक जीवन, जनसेवा और प्रदेश के विकास में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें दूरदर्शी और जनप्रिय नेता बताया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर रामलाल जनता से गहरा जुड़ाव रखने वाले कर्मठ एवं दूरदर्शी जननेता थे। उन्होंने हिमाचल निर्माता डॉ. वाई.एस. परमार के मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री तथा बाद में तीन बार मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि उच्च



स्वर्गीय ठाकुर रामलाल की 24वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

शिक्षा, कृषि, बागवानी, अनुसंधान और सड़क संपर्क के विस्तार में ठाकुर रामलाल का योगदान ऐतिहासिक रहा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी तथा चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर जैसे संस्थानों के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि सेब बागवानी के विस्तार, नियंत्रित वातावरण भंडारण, उन्नत पौध सामग्री, मंडी मध्यस्थता योजना तथा भूमिहीन परिवारों को भूमि अधिकार देने जैसी पहल आज भी उनके दूरदर्शी नेतृत्व की पहचान हैं।

जनसेवा, संगठन क्षमता और ऐतिहासिक राजनीतिक उपलब्धियां रोहित ठाकुर ने कहा कि एक सामान्य किसान परिवार से निकलकर लगातार नौ बार विधायक चुने जाना और कभी चुनाव नहीं हारना अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। वर्ष 1972 के विधानसभा चुनाव में उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 95 प्रतिशत मत प्राप्त हुए, जिसे उस समय राष्ट्रीय स्तर पर भी रिकॉर्ड माना गया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उनकी संगठन क्षमता और राजनीतिक सूझबूझ को देखते हुए वर्ष 1980 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया, जहां कांग्रेस ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उनके कार्यकाल में युवाओं को बड़े पैमाने पर सरकारी रोजगार मिले और आईटीआई जुब्बल जैसे संस्थानों की स्थापना से तकनीकी शिक्षा को भी नई मजबूती मिली।

### कुलदीप राठौर बोले-विकास के प्रतीक थे ठाकुर रामलाल

**ठियोग** के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि छात्र राजनीति के समय से उन्हें ठाकुर रामलाल के साथ कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि ठाकुर रामलाल सरल, विनम्र और सभी को साथ लेकर चलने वाले नेता थे, इसलिए उन्हें हिमाचल की राजनीति का सज्जन पुरुष कहा जाता था। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि स्वर्गीय ठाकुर रामलाल का जीवन संघर्ष, सादगी, जनसेवा और विकास के प्रति समर्पण का आदर्श उदाहरण है।

समारोह में वर्तमान एवं पूर्व जिला परिषद सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### गगरेट नगर पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव स्थगित

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव लगातार तीसरी बार स्थगित होने से क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। अंतिम समय में चुनाव प्रक्रिया रोक दिए जाने पर भाजपा ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के नेतृत्व में भाजपा समर्थित पार्षदों ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन बताया। प्रदर्शन में वार्ड नंबर-1 के विकास कालिया, वार्ड नंबर-2 के विकास शर्मा (शैंटू), वार्ड नंबर-4 की बबीता कुमारी तथा वार्ड नंबर-5 के मंगल राम शामिल रहे। पार्षदों का आरोप था कि चुनाव लगातार तीसरी बार अंतिम समय में स्थगित किया गया। उनका कहना था कि पिछली बार भी मतदान से कुछ मिनट पहले स्थगन आदेश जारी हुआ था, जबकि इस बार भी बैठक शुरू होने से करीब 20 मिनट पहले चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई। भाजपा समर्थित पार्षदों ने सवाल उठाया कि यदि प्रशासन को पहले से चुनाव स्थगित करना था तो अंतिम समय तक सभी को इंतजार क्यों कराया गया। उन्होंने इसे प्रशासनिक अव्यवस्था बताते हुए कहा कि इससे निर्वाचित प्रतिनिधियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है।

# क्लस्टर सिस्टम में उलझा दिए प्राथमिक शिक्षक : नरेश ठाकुर

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल में लागू क्लस्टर सिस्टम का उद्देश्य विद्यालयों के बीच शैक्षणिक समन्वय स्थापित करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना बताया गया था, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह व्यवस्था प्राथमिक शिक्षकों के लिए कई नई प्रशासनिक और व्यावहारिक समस्याएं लेकर आई है। आज आवश्यकता है कि इस व्यवस्था की गंभीर समीक्षा की जाए। हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि क्लस्टर सिस्टम लागू होने से पहले प्राथमिक शिक्षक प्रशासनिक रूप से खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) तथा शिक्षा विभाग के अन्य सक्षम अधिकारियों के अधीन कार्य करते थे। क्लस्टर सिस्टम लागू होने के बाद उन्हें इन अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य के अधीन भी कार्य करना पड़ रहा है। इससे प्राथमिक शिक्षकों के लिए दोहरी प्रशासनिक एवं निरीक्षण व्यवस्था बन गई है।

उन्होंने कहा कि इस दोहरी व्यवस्था के कारण कई बार एक ही विषय पर अलग-अलग स्तरों से निर्देश जारी होते हैं। जवाबदेही भी अनेक स्तरों पर तय होने लगी है, जिससे शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। सबसे अधिक प्रभावित वह समय होता है, जो शिक्षक को विद्यार्थियों के साथ कक्षा में बिताना चाहिए। विडंबना यह भी है कि क्लस्टर सिस्टम का उद्देश्य प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित करना था, लेकिन व्यवहार में अपेक्षित समन्वय विकसित नहीं हो पाया। कई स्थानों पर प्राथमिक विद्यालयों की समस्याओं के समाधान की बजाय प्रशासनिक औपचारिकताओं पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक संख्या कम है, तब भी अन्य शिक्षक वर्ग आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक कक्षाएं लेने से बचता है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने के लिए डेप्युटेशन पर जाने से भी अक्सर परहेज किया जाता है। परिणामस्वरूप सीमित संख्या में कार्यरत प्राथमिक शिक्षक ही अतिरिक्त दायित्वों का बोझ उठाने को विवश हो जाता है।

# सेब सीजन में भरमौर की सड़कें न हों बंद : ललित

## भरमौर में सेब सीजन की तैयारी को लेकर पहली बार आयोजित हुई समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जिला मार्केट कमेटी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने भरमौर के थला क्षेत्र में सीवरेज की समस्या से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए प्रशासन को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सेब सीजन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम भरमौर को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। ऐसी बैठक भरमौर में पहली बार आयोजित हुई।

बैठक के दौरान स्थानीय किसानों ने बताया कि सीवरेज के कारण खेत बर्बाद हो रहे हैं और वे अपने खेतों तक भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस पर ललित ठाकुर ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को भरमौर में कोल्ड स्टोर के लिए उपयुक्त स्थान तलाशने के निर्देश भी दिए, ताकि होली और भरमौर क्षेत्र के किसान व बागवान



अनंत ज्ञान

अपनी सेब फसल का बेहतर भंडारण कर सकें। साथ ही उद्यान विभाग से पिछले वर्ष सड़कों के बंद रहने के कारण खराब हुए सेब की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस बार सड़कों के बंद रहने से किसी भी बागवान की सेब फसल खराब नहीं होनी चाहिए। अगले महीने से सेब मंडियों तक पहुंचने का कार्य शुरू हो जाएगा, इसलिए सभी संपर्क मार्ग हर समय सुचारु रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क खोलने का कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मौके पर मशीनें समय पर काम करती दिखाई दें। सड़कों की हालत खराब बनी है, जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। इसलिए सड़कों के हालातों में सुधार करें। ललित ठाकुर ने कहा कि भरमौर में कृषि मंडी स्थापित करने के लिए करीब 12 बीघा भूमि की आवश्यकता है। अधिकारियों और बागवानों से उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है और जनहित के कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए कहा, जिसमें एडीएम, बागवान, किसान, लोनिवि के अधिकारी और जिला मार्केट कमेटी अध्यक्ष को जोड़ा जाए, ताकि बागवान सड़क अवरुद्ध होने की सूचना उसमें साझा कर सकें। जिस क्षेत्र में सेब निकलना होगा, वहां की जानकारी उस ग्रुप में दे पाएं। उन्होंने कृषि विभाग से भरमौर में कृषि योग्य भूमि और वहां उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों की विस्तृत जानकारी भी मांगी, ताकि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास के लिए प्रभावी योजनाएं बनाई जा सकें। इस बैठक में एडीएम विकास शर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि भाल सिंह, किसान सेब फल उत्पादक संगठन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, एसडीओ होली सहित उद्यान और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ किसान बागवान मौजूद रहे।

# लाहौल-स्पीति में संकट में घिरे भरमौर के भेड़पालक

## आपदा की घड़ी में मसीहा बने जिलाध्यक्ष कांग्रेस सुरजीत भरमौरी, सभी भेड़पालक सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के उदयपुर के हुडकोष गोठ इलाके में हुए भारी भूस्खलन और ग्लेशियर गिरने की घटना ने भरमौर के भेड़पालकों की रातों की नींद उड़ा दी है। प्राकृतिक आपदा के इस तांडव में भेड़पालकों की आजीविका पर बड़ा संकट मंडराया, लेकिन समय रहते हुई त्वरित कार्रवाई ने एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया। उदयपुर के हुडकोष में अचानक हुई भूस्खलन और ग्लेशियर की घटना से वहां मौजूद भेड़पालकों में हड़कंप मच गया। इस क्षेत्र में भरमौर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गाण (गाव स्क्रीन) के भेड़पालक ठाकुर राम, पप्पू राम, झपल और पृथु राम—अपने लगभग 1500 भेड़-बकरियों के



रेवड़ के साथ मौजूद थे। प्रारंभिक सूचनाओं में 10-12 भेड़-बकरियों के मारे जाने की दुखद खबर सामने आई है। हालात का जायजा लेने और हुए नुकसान की भरपाई के लिए जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर कदम उठाने को कहा है। प्रशासन ने जल्द ही वन विभाग, राजस्व विभाग और पशुपालन विभाग की एक संयुक्त टीम को मौके पर भेजने का निर्णय लिया है, ताकि प्रभावित भेड़पालकों को उचित मुआवजा और सहायता समय पर मिल सके।

### अपनों की चिंता और सुरजीत की सक्रियता

**जैसे** ही प्रभावित परिवारों ने अपनों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चम्बा, एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी तुरंत हरकत में आए। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए लाहुल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना से तत्काल दूरभाष पर संपर्क किया और पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए भेड़पालकों के लिए हर संभव मदद की गुहार लगाई। सुरजीत भरमौरी की पहल और जिला प्रशासन की तत्परता का नतीजा रहा कि तुरंत एसपीओ टीम और पुलिस को मौके की जानकारी मिल चुकी है राहत की खबर यह है कि सभी भेड़पालक सुरक्षित हैं। एडवोकेट सुरजीत शर्मा ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि, 'ये भेड़पालक हमारे क्षेत्र की रीढ़ हैं, उनकी सुरक्षा और नुकसान का आंकलन हमारी प्राथमिकता है।

**संकट** की इस घड़ी में मैं अपने भेड़पालकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं। प्रशासन के साथ समन्वय कर सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी भेड़पालक को कोई परेशानी न हो और उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव राहत मिले।

– सुरजीत शर्मा भरमौरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, चंबा



# मोदी सरकार ने हिमाचल और कांगड़ा को विकास की नई पहचान दी : संजय टंडन

## कांग्रेस सरकार पर केंद्रीय सहायता का सदुपयोग न करने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला पालमपुर-जालंधर-धर्मशाला के प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश, विशेषकर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अभूतपूर्व सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को विकास, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगातें दी हैं, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार इन संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने में पूरी तरह विफल रही है।

संजय टंडन ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के समय भी हिमाचल प्रदेश को हरसंभव सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं प्रदेश का दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 1,500 करोड़ रुपये के विशेष सहायता पैकेज की घोषणा की तथा राष्ट्रीय राजमार्गों, प्रधानमंत्री आवास योजना, एसडीआरएफ और किसानों के लिए अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केंद्र से प्राप्त धनराशि का समुचित उपयोग करने में असफल रही है, जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित है, जबकि धरातल पर जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा। संजय टंडन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और आज प्रदेश में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है, जिसे जनता 'सूटकेस सरकार' के नाम से जानने लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अपने नेता सार्वजनिक रूप से यह आरोप लगा रहे हैं कि सरकार हर महीने पांच सूटकेस भरकर दिल्ली भेजती है।

# शिक्षा मंत्री को स्कूल उद्घाटन से रोकना राजनीतिक हस्तक्षेप का उदाहरण : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक कारणों से तैयार स्कूल भवनों का उद्घाटन तक नहीं होने दे रही है। उन्होंने कहा कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र के देयोरी में बहुमंजिला स्कूल भवन पिछले सात महीनों से उद्घाटन का इंतजार कर रहा है, जबकि दूसरी ओर बच्चे दो नालों के बीच किराये के चार कमरों में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उन्होंने इसे सरकार के कथित व्यवस्था परिवर्तन की वास्तविक तस्वीर बताया। जयराम ठाकुर ने कहा कि



बच्चों और अभिभावकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए शिक्षा मंत्री ने स्कूल भवन का उद्घाटन करने का निर्णय लिया था। उद्घाटन समारोह के लिए धाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। मंत्री के नाम की उद्घाटन पट्टिका भी लगा दी गई थी और केवल उसका अनावरण होना बाकी था। इसी दौरान राजधानी से फोन कर कार्यक्रम रोकने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद उद्घाटन स्थगित कर दिया गया और अधिकारियों ने मंत्री के नाम की पट्टिका भी हटवा दी। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि प्रदेश का शिक्षा मंत्री ही स्कूल भवन का उद्घाटन नहीं कर पा रहा है।

### प्रियंका से उद्घाटन कराने की चर्चाओं पर भी साधा निशाना

**जयराम** ठाकुर ने दावा किया कि शिक्षा मंत्री को उद्घाटन से रोकने के पीछे की वजह और भी अधिक हास्यास्पद बताई जा रही है। उनके अनुसार सरकार अपने राजनीतिक अंक बढ़ाने के उद्देश्य से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से इस भवन का उद्घाटन कराना चाहती है, लेकिन उन्हें समय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के लोग यह देख रहे हैं कि तैयार स्कूल भवन का उद्घाटन पहले होगा या किसी बड़े नेता का कार्यक्रम तय होने का इंतजार पूरा होगा। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर छात्रों को सुरक्षित और नए भवन में पढ़ाई शुरू करने का अवसर कब मिलेगा।

### आह्वान जनता के भरोसे पर खरा उतरें, कांग्रेस पार्टी और संगठन को गांव-गांव तक करें मजबूत

# कांग्रेस पदाधिकारियों को रजनी पाटिल ने दिया मंत्र

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि जनता द्वारा चुने गए प्रत्येक जनप्रतिनिधि के कंधों पर संगठन और समाज दोनों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसलिए सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को जनता के विश्वास और अपेक्षाओं पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शिमला जिला के नव निर्वाचित जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों तथा शिमला ग्रामीण क्षेत्र से नगर निगम शिमला के पार्षदों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही पंचायत और जिला परिषद के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़े गए, लेकिन कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की नीतियों, विकास कार्यों और जनहितकारी फैसलों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश केवल स्थानीय निकायों की जीत नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा में लोगों के विश्वास का प्रमाण है। अब सभी जनप्रतिनिधियों को गांव-गांव और घर-घर तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

शिमला ग्रामीण के विधायक एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव जीतना जिम्मेदारी की शुरुआत है, अंत नहीं। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के





शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करती एआईसीसी की प्रभारी रजनी पाटिल। अनंत ज्ञान

साथ उन्हें चुना है, उस भरोसे को विकास कार्यों, पारदर्शिता और जनसेवा के माध्यम से मजबूत करना होगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी केवल विधायक की नहीं, बल्कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि की समान रूप से है। यदि सभी मिलकर विकास और संगठन को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे तो शिमला ग्रामीण विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने संगठन विस्तार अभियान को और अधिक गति देने का आह्वान करते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है।

### केंद्र की गलत नीतियों से जनता परेशान : विनय

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ग्रामीण विरोधी नीतियों का सबसे अधिक असर गांव, किसान, बागवान और युवाओं पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया है, जबकि यह योजना लाखों परिवारों के लिए रोजगार और आय का बड़ा आधार बनी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे इन मुद्दों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से लेकर जाएं।